


केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बोले- बंगाल से सिंडिकेट और गुंडाराज का अंत करेगी भाजपा - 12



पश्चिम एशिया के हालात और कच्चे तेल की चाल से तय होगी बाजार की दिशा -12



शीर्ष आठ शहरों में 23 प्रतिशत घटी सस्ते घरों की बिक्री - 13



साई सुदर्शन की शानदार पारी से गुजरात ने चेन्नई को रौंद दिया - 14


आज का मौसम

40.0° अधिकतम तापमान

32.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.34 | सूर्यास्त 06.39

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर नगर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष एकादशी 06:16 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2083


सोमवार, 27 अप्रैल 2026, वर्ष 4, अंक 246, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


## नहीं रहे तस्वीरों के जादूगर रघु राय

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के विविध रूपों को अपने कैमरे में कैद करने वाले पद्मश्री अवार्डी एवं प्रख्यात छायाकार रघु राय का रविवार तड़के यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे। रघु के बेटे एवं छायाकार नितिन राय ने कहा, पिताजी को दो साल पहले प्रोस्टेट कैंसर हुआ था, लेकिन बाद में उन्हें राहत मिलने लगी थी। फिर कैंसर पेट तक फैल गया, जो ठीक हो गया। हाल में यह मस्तिष्क तक पहुंच गया था और उन्हें उम्र संबंधी अन्य तकलीफें भी थीं।

पंजाब प्रांत के झांग शहर में (अब पाकिस्तान में) 18 दिसंबर 1942 को जन्मे राय ने सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी, लेकिन 23 साल की उम्र में उन्होंने कैमरा थाम लिया और 1966 में 'द स्टेट्समैन' अखबार के मुख्य छायाकार बन गए। उसके बाद के छह दशक तक हर पल कैमरे में दर्ज होते रहे। रघु का कैमरा सामाजिक और राजनीतिक उथल-पुथल का मूक गवाह बनता रहा। मशहूर फ्रांसीसी फोटोग्राफर हेनरी कार्टियर-ब्रेसन के शागिर्द रहे रघु ने भारतीय इतिहास के कुछ सबसे मर्मस्पर्शी पलों को अपने कैमरे में कैद किया, फिर चाहे वह 1972 का बांग्लादेश शरणार्थी संकट हो या 1984 की भोपाल गैस त्रासदी।



प्रख्यात छायाकार ने 83 की उम्र में ली अंतिम सांस

कैंसर से थे पीड़ित

1972 का बांग्लादेश संकट हो या 1984 की गैस त्रासदी हर मर्मस्पर्शी पल किए कैद

अलविदा : 1942-2026

(संबंधित समग्री पेज 13 पर)

### तस्वीरों से हस्तियों के अनछुए पहलु दर्शाए

राय ने इंदिरा गांधी, दलाई लामा, मदर टेरेसा, सत्यजीत रे, हरिप्रसाद चौरसिया और बिस्मिल्ला खां जैसी प्रमुख हस्तियों की तस्वीरों के माध्यम से भारत के सामाजिक, राजनीतिक और आध्यात्मिक रंगों को इस तरह कैद किया जिसने उनके जीवन को एक बिल्कुल नए स्वरूप में पेश किया और उनके अनछुए पहलुओं को दर्शाया। रोजमर्रा की सुर्खियों से कहीं आगे, राय के कैमरे ने आम आदमी और साधारण जीवन को उतनी ही, बल्कि उससे अधिक संजीदगी के साथ दर्ज किया।

## प्रधानमंत्री मोदी 28-29 अप्रैल को यूपी दौरे पर आएंगे

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को उत्तर प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर आएंगे। प्रधानमंत्री पहले दिन 28 अप्रैल की शाम करीब पांच बजे वाराणसी में 'महिला सम्मेलन' में हिस्सा लेंगे, जहां वह लगभग 6350 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे।

साथ ही वह एक जनसभा को भी सम्बोधित करेंगे। मोदी 29 अप्रैल को सुबह करीब साढ़े आठ बजे वाराणसी में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन और पूजा करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री हरदोई जाएंगे जहां वह गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करेंगे और इस अवसर पर जनसभा को संबोधित भी करेंगे।




पुलिस लाइन लखनऊ में 60,244 आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती वर्ष 2025-26 बैच के पुलिस आरक्षियों का दीक्षांत परेड समारोह एवं परेड का खुली जीप से सलामी लेते व निरीक्षण करते मुख्यमंत्री योगी। ● अमृत विचार

## प्रदेश में खत्म हुआ माफियाराज अब यहां नहीं होते दंगे : योगी

- दीक्षांत परेड में बोले सीएम-अपराधियों में भय, पुलिस का मनोबल ऊंचा
- 60,244 आरक्षियों के प्रशिक्षण का जिक्र बेटियों के प्रदर्शन की सराहना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में अब माफियाराज खत्म हो चुका है और दंगों की घटनाएं अतीत की बात बन गई हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में कानून का राज है, अपराधियों के मन में भय है और पुलिस का मनोबल पहले से कहीं अधिक ऊंचा हुआ है।

मुख्यमंत्री रविवार को आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2025 बैच के दीक्षांत परेड समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक समय था जब प्रदेश दंगों और कर्फ्यू के लिए जाना जाता था, लेकिन अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। अब यूपी में सत्ता के समानांतर कोई तंत्र नहीं चलता, न ही गुंडा टैक्स या अवैध वसूली जैसी घटनाएं होती है।

योगी ने बताया कि 60,244 आरक्षियों के इस बड़े बैच का प्रशिक्षण प्रदेश के विभिन्न केंद्रों में एक साथ संपन्न कराना यूपी पुलिस की क्षमता और सुधारों का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि पुलिस बल को आधुनिक, स्मार्ट और संवेदनशील बनाने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने महिला आरक्षियों के प्रदर्शन की विशेष सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान मजबूती, तत्परता, समर्पण और अनुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान जितना अधिक पसीना बहाया जाएगा, ड्यूटी के दौरान उतनी ही कम कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने नवप्रशिक्षित आरक्षियों को संबोधित करते हुए कहा कि कानून अपराधियों के लिए कठोर और आम नागरिकों के लिए संवेदनशील होना चाहिए। यही संतुलन एक आदर्श पुलिस व्यवस्था की पहचान है। सीएम योगी ने बताया कि 2017 के बाद से पुलिस व्यवस्था में बड़े सुधार हुए हैं। अब पुलिस भर्ती, प्रशिक्षण, संसाधन और तकनीक के क्षेत्र में व्यापक बदलाव देखने को मिल रहा है। यूपी-112 का रिस्पांस टाइम घटकर 6-7 मिनट तक आ गया है, साइबर अपराधों से निपटने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है और हर जनपद में साइबर थाने स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के चलते प्रदेश की कानून-व्यवस्था मजबूत हुई है, जिसका सीधा असर निवेश और विकास पर भी पड़ा है।



नवप्रशिक्षित महिला आरक्षी को सम्मानित करते सीएम योगी।

### महिला शक्ति बढ़ी, पुलिस में नई ऊर्जा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि 2017 से पहले यूपी पुलिस में महिलाओं की संख्या लगभग 10 हजार थी, जो अब बढ़कर 44-45 हजार तक पहुंच गई है। भर्ती प्रक्रिया में 20 प्रतिशत महिलाओं की अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित की गई है। इसके साथ ही महिला सुरक्षा को मजबूत करने के लिए 'मिशन शक्ति' अभियान चलाया जा रहा है। लखनऊ, गोरखपुर और बदायूं में महिला पीएसी बटालियन का गठन किया गया है। यह बदलाव पुलिसिंग को अधिक संवेदनशील और प्रभावी बना रहा है।

### आधुनिक प्रशिक्षण व तकनीक से सशक्त पुलिस

योगी ने कहा कि यूपी पुलिस को आधुनिक और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। प्रशिक्षण केंद्रों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है और स्मार्ट पीटी प्रोग्राम लागू किया गया है। पुराने हथियारों की जगह आधुनिक इंसास और एसएलआर रायफलों से प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## ब्रीफ न्यूज

### जवान ने 50.58 घंटे में तय की श्रीनगर से दिल्ली तक साइकिल यात्रा

**जयपुर।** राजस्थान के बीकानेर के रहने वाले भारतीय सेना के एक जवान ने श्रीनगर से दिल्ली तक साइकिल यात्रा रिकार्ड समय में पूरी की है। बलवीर (26) ने 859 किलोमीटर की दूरी 50 घंटे, 58 मिनट और 27 सेकंड में तय की। यह यात्रा 24 अप्रैल की सुबह श्रीनगर के लाल चौक से शुरू हुई और 26 अप्रैल को दिल्ली के लाल किले पर समाप्त हुई। भारतीय सेना की 11 'मैकेनाइज्ड यूनिट' (कपूरथला) में तैनात बलवीर ने बताया कि उन्होंने यह उपलब्धि अपने दल के सदस्य सुख सागर, हिमांशु, राहुल और रमेश्वर के सहयोग से हासिल की। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि को 'इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में दर्ज कराने की तैयारी चल रही है।

### ट्रंप ने ईरान का नया शांति प्रस्ताव किया खारिज

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि ईरान ने एक नया शांति प्रस्ताव भेजा, जिसे उन्होंने खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि दिलचस्प बात यह है कि जब मैंने इसे खारिज कर दिया तो 10 मिनट के अंदर हमें दूसरा प्रस्ताव मिला, जो काफी बेहतर है। राष्ट्रपति ने यह नहीं बताया कि ताजा प्रस्ताव में क्या है। उन्होंने बस यही कहा कि ईरान ने काफी पेशकश की हैं। ट्रंप ने हालांकि कहा कि उनकी एक शर्त यह है कि ईरान परमाणु हथियार नहीं बनाएगा। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका टेलीफोन के जरिये समझौता करेगा।

## व्हाइट हाउस में ट्रंप के रात्रिभोज में गोलीबारी, बाल-बाल बचे राष्ट्रपति

### हमलावर ने 7 राउंड फायर किए, सीक्रेट सर्विस ने ट्रंप को तुरंत बाहर निकाला

- जेडी वेंस, पीट हेगसेथ और मार्को रुबियो समेत कई नेता थे मंच पर
- हमलावर की पहचान 31 वर्षीय कोल टॉमस एलन के रूप में हुई

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में संवाददाताओं के लिए आयोजित एक हाई-प्रोफाइल रात्रिभोज के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बंदूक व चाकुओं से लैस हमलावर ने कई राउंड फायरिंग कर दी। हमले में राष्ट्रपति ट्रंप और कई वरिष्ठ अमेरिकी बाल-बाल बच गए। सीक्रेट सर्विस के एजेंटों ने तुरंत हमलावार को घेरकर हिरासत में ले लिया। गनीमत यह रही कि ट्रंप सुरक्षित रहे और उन्हें तुरंत वहां से बाहर ले जाया गया।

घटना के दौरान वहां मौजूद मेहमान अपनी जान बचाने के लिए मेजों के नीचे छिप गए। कई लोगों ने बताया कि भूमिगत विशाल बॉलरूम के बाहर गोली चलने जैसी आवाजें सुनाई दीं। फायरिंग के दौरान एक गोली एक अधिकारी को लगी लेकिन बुलेटप्रूफ जैकेट पहने होने के कारण वह सुरक्षित रहा। दो कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने बताया कि हमलावर की पहचान 31 वर्षीय कोल टॉमस एलन के रूप में हुई है, जो कैलिफोर्निया के टॉरेंस का निवासी है। अंतरिम पुलिस प्रमुख कैरोल ने कहा कि वह इस समय यह नहीं कह सकते कि हमलावर का मकसद क्या था और यह कहना अभी बहुत जल्दबाजी होगी कि संदिग्ध का गोलीबारी में किसे निशाना बनाने का इरादा था। वाशिंगटन डीसी के अंतरिम पुलिस प्रमुख ने बताया कि संदिग्ध के पास एक शॉटगन, एक हैंडगन और कई चाकू थे। कार्यक्रम में ट्रंप, उपराष्ट्रपति वेंस, रक्षामंत्री पीट हेगसेथ, विदेश मंत्री मार्को रुबियो समेत कई नेता मौजूद थे।



प्रेस कांफ्रेंस कर घटना की जानकारी देते ट्रंप व दबोचा गया हमलावर।

### ट्रंप बोले- पहले उन्हें लगा जैसे कोई 'ट्रे' गिर गई

**वाशिंगटन।** ट्रंप ने कहा कि पहले उन्हें लगा जैसे कोई 'ट्रे' गिर गई हो, लेकिन कई पत्रकारों ने पांच से आठ गोलियां चलने जैसी आवाजें सुनीं। राष्ट्रपति के निवास 'व्हाइट हाउस' में शनिवार रात को संवाददाताओं के रात्रिभोज के दौरान हुई गोलीबारी की घटना के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि संदिग्ध के पास कई घातक हथियार थे।

### होटल के बाहर कुछ प्रदर्शनकारी थे मौजूद

यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका ईरान के साथ युद्ध जैसी स्थिति में है। कार्यक्रम से पहले होटल के बाहर कुछ प्रदर्शनकारी भी मौजूद थे। एक व्यक्ति जेल की वर्दी पहनकर पीट हेगसेथ का मुखौटा लगाए खड़ा था, जबकि दूसरे के हाथ में तख्ती थी, जिस पर लिखा था पत्रकारिता मर चुकी है। यह 2024 के बाद से तीसरी बार है जब ट्रंप की मौजूदगी में हमला हुआ है। इससे पहले पेंसिल्वेनिया में जानलेवा हमला हुआ था, जिसमें घायल हुए थे।

### मोदी बोले- राहत मिली कि राष्ट्रपति ट्रंप ठीक हैं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्हें यह जानकर राहत मिली कि गोलीबारी की घटना के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप, उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस सुरक्षित हैं और उन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। मोदी ने कहा कि लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है और इसकी स्पष्ट रूप से निंदा की जानी चाहिए।

## दिल्ली में टेकऑफ के दौरान स्विस विमान का इंजन फेल, लगी आग

- छह घायल, चार नवजात समेत 232 लोग सवार थे विमान में
- ज्यूरिख के लिए उड़ान भरने के दौरान आई तकनीकी खराबी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हवाई अड्डे से ज्यूरिख जाने के लिए निर्धारित 'स्विस इंटरनेशनल एयर लाइन' के एक विमान को उड़ान भरने के दौरान आई तकनीकी खराबी के कारण इंजन में आग लग गई। जिसके बाद पूर्ण आपात स्थिति घोषित कर रनवे पर ही यात्रियों को विमान से उतारना पड़ा। एक सूत्र ने बताया कि कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं, जबकि विमानन कंपनी का कहना है कि छह यात्रियों को चिकित्सीय सहायता दी जा रही है। यात्रियों को चोट कैसे लगी, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है।

पंजीकरण संख्या एचबी-जेएचके वाले ए330-300 विमान में संचालित एलएक्स147 उड़ान को रात करीब एक बजे रवाना होना था, जिसमें चार शिशु समेत 232 यात्री और चालक दल के 13 सदस्य सवार थे। सूत्रों के अनुसार, विमान के मुख्य पहिये की बाईं ओर से धुआं उठता देखा गया। 'लैंडिंग गियर' से धुआं निकलने की जानकारी सामने आई थी। दिल्ली हवाई अड्डा का संचालन संभालने वाली कंपनी 'डीआईएएल' ने कहा कि इस घटना से हवाई अड्डे का संचालन प्रभावित नहीं हुआ। प्रवक्ता ने कहा, भारतीय समयानुसार शनिवार रात एक बजे के आसपास उड़ान भरने के दौरान इंजन में समस्या आई। सूत्रों ने बताया कि शुरुआत में हवाई यातायात नियंत्रक (एटीसी) से पूर्ण आपातकाल और टायर फटने की सूचना मिली थी। स्विट्जरलैंड के तकनीकी विशेषज्ञों की एक टीम विमान की जांच के लिए दिल्ली आएगी, उसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। ऐसी स्थिति सभी के लिए तनावपूर्ण होती है। हमारी स्थानीय टीम यात्रियों से सीधे संपर्क में हैं। हम स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।



## बुलंदशहर में विवाद के बाद तीन युवकों की गोली मारकर हत्या, दो लोग गिरफ्तार

- जिम में किसी बात को लेकर हुए झगड़े के बाद दिया वारदात को अंजाम

**बुलंदशहर।** जिले के खुर्जा नगर थाना क्षेत्र में वाद-विवाद के दौरान तीन युवकों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने रविवार को जानकारी देते हुए कहा कि मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी (ग्रामीण) अंतरिक्ष जैन ने बताया कि शनिवार देर रात खुर्जा नगर क्षेत्र के सुभाष रोड स्थित एक स्कूल के पास आपसी कहासुनी में तीन लोगों को गोली मार दी गई।

सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तथा घायलों को अस्पताल भिजवाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान अमरदीप (30), मनीष (28) और आकाश (18) के रूप में हुई है। मेरठ रेंज के डीआईजी कलानिधि नैथानी ने बताया कि लोगों की शिकायतों और बताए गए घटनाक्रम के अनुसार कुछ युवकों का जिम में किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था, जिसके बाद यह घटना हुई। पुलिस अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि जन्मदिन पार्टी के दौरान आपसी कहासुनी होने पर दोस्तों के बीच विवाद हुआ था।

## होमगार्ड भर्ती: दूसरे दिन 1.94 लाख ने छोड़ी परीक्षा

- अब तक दो अभ्यर्थी व तीन शिक्षक भेजे जा चुके हैं जेल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

यूपी होमगार्ड एनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा के दूसरे दिन कुल 1,94,631 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी है। दूसरे दिन आयोजित परीक्षा में कुल 8,44,066 अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होना था।

दो पालियों में कुल 6,49,435 (77 प्रतिशत) अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। वहीं, नाम बदलकर दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने पहुंचे एक अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र से गिरफ्तार किया गया है। परीक्षा में सख्ती के कारण दो दिन के अंदर दो अभ्यर्थी और तीन शिक्षक जेल भेजे जा चुके हैं। आंकड़ों के मुताबिक दो दिन के अंदर सख्ती व अन्य कारणों से कुल 4,02,841 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।



मेरठ : परीक्षार्थियों की जांच करते निरीक्षक।

### बरेली में दूसरे की जगह देने पहुंचा परीक्षा, गिरफ्तार

भर्ती बोर्ड के अनुसार बरेली स्थित साहू गोपीनाथ कन्या इंटर कालेज में हरदोई निवासी अनुराग परीक्षा देने पहुंचा था। जांच में सामने आया कि अनुराग पहले दिन शनिवार को बरेली में पीलीभीत रोड स्थित दरबारी लाल शर्मा इंटर कालेज में होमगार्ड भर्ती परीक्षा दे चुका है। दो परीक्षा केंद्रों पर बायोमेट्रिक, फोटो और अन्य रिकार्ड का मिलान किए जाने पर उसके नाम का अंतर पाया गया। आरोपी ने षड्यंत्र के तहत नाम बदलकर दो दिन परीक्षा देने का प्रयास किया। आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

**मन की बात** | प्रधानमंत्री ने कहा-जनगणना के दौरान लोगों द्वारा दी गई सभी जानकारी सुरक्षित और गोपनीय रहेगी, बोले- बीटिंग रिट्रीट का संगीत 'वेव्स ओटीटी' पर उपलब्ध

## जनगणना 2027 में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी अत्यंत अहम : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि वर्तमान में जारी जनगणना केवल सरकार का काम नहीं है बल्कि यह सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है तथा इसमें सभी की भागीदारी अहम है। मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में अपने संबोधन में मोदी ने यह भी कहा कि जनगणना के दौरान लोगों द्वारा दी गई सभी जानकारी सुरक्षित और गोपनीय रहेगी।

उन्होंने सभी नागरिकों से इस प्रक्रिया में भाग लेने और जनगणना 2027 को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा, साथियो, देश की जनगणना सिर्फ सरकारी काम नहीं है। यह हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, जनगणना 2027 को डिजिटल बनाया गया है। सारी जानकारी सीधे डिजिटल माध्यम में दर्ज हो रही है। मोदी ने कहा कि घर-घर जाने वाले कर्मचारियों के पास मोबाइल एप है और वे हर किसी से बात करके वहीं पर उसी मोबाइल एप में जानकारी दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा, साथियो, इस बार जनगणना में आपकी भागीदारी भी आसान बनाई गई है, आप खुद भी अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। कर्मचारी के आने से 15 दिन पहले आपके लिए सुविधा शुरू होगी। आप अपने समय के अनुसार जानकारी भर सकते हैं। प्रक्रिया पूरी होने पर आपको एक विशेष आईडी मिलती है और ये आईडी आपके मोबाइल या ईमेल पर आती है। वहीं, कहा कि 'बीटिंग रिट्रीट' का संगीत 'वेव्स ओटीटी' पर उपलब्ध है। इस वर्ष का 'बीटिंग रिट्रीट' समारोह यादगार रहा क्योंकि वायुसेना, सेना, नौसेना और सीएपीएफ के बैंड ने बहुत ही अच्छी प्रस्तुति दी



### भारतीय चीज की वैश्विक लोकप्रियता बढ़ी, डेरी क्षेत्र में हो रहा बड़ा बदलाव

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री ने भारतीय चीज की वैश्विक स्तर पर बढ़ती लोकप्रियता का उल्लेख करते हुए रविवार को कहा कि देश का डेरी क्षेत्र बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है। भारत का स्वाद अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लोगों की थाली तक पहुंच रहा है और भारतीय पारंपरिक स्वादों को नयी पहचान देने में डेरी क्षेत्र की अहम भूमिका रही है। प्रधानमंत्री ने बताया कि ब्राजील में आयोजित एक अंतर्राष्ट्रीय चीज प्रतियोगिता में भारत के दो चीज ब्रांड को प्रतिष्ठित पुरस्कार मिले। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि की सोशल मीडिया पर व्यापक चर्चा हुई

### कल्पक्कम में 'फास्ट ब्रीडर रिएक्टर' के 'क्रिटिकैलिटी' हासिल करना ऐतिहासिक

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री ने रविवार को 'कल्पक्कम फास्ट ब्रीडर रिएक्टर' के क्रांतिकता (क्रिटिकैलिटी) हासिल करने को एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया और कहा कि भारतीय परमाणु वैज्ञानिकों ने देश को गौरवान्वित किया है। कहा कि भारतीय वैज्ञानिक असैन्य परमाणु कार्यक्रम को आगे बढ़ा रहे हैं और उनके प्रयास राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान दे रहे हैं। मोदी ने कहा कि 'क्रिटिकैलिटी' वह चरण है, जिसमें रिएक्टर पहली बार स्वत: परमाणु श्रृंखला अभिक्रिया में सफलता हासिल करता है। इस चरण का मतलब है रिएक्टर का संचालन चरण में पहुंचना।

## न्यूज ब्रीफ

### जिलों की 55 हजार महिलाएं डेयरी से बनीं सफल उद्यमी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में नारी सशक्तिकरण की नई तस्वीर उभर रही है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत तराई क्षेत्र के बरेली, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, शाहजहांपुर, सीतापुर और रामपुर जिलों की 55 हजार से अधिक महिलाएं डेयरी के जरिए सफल उद्यमी बन चुकी हैं। डेयरी गतिविधियों को संगठित रूप देने से महिलाओं की आय में बड़ा बदलाव आया है। जो महिलाएं पहले 2-3 हजार रुपये महीना कमाती थीं, वे अब 50 से 60 हजार रुपये तक की आय अर्जित कर रही हैं। लखीमपुर खीरी की राम गुनी जैसी महिलाएं इस बदलाव की मिसाल हैं, जिन्होंने मिल्क प्रोड्यूसर संगठन से जुड़कर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत की। 'सृजनी' जैसे प्लेटफॉर्म के माध्यम से महिलाओं को प्रशिक्षण, बाजार और प्रबंधन से जोड़ा गया है। वहीं, पशु चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार से दूध उत्पादन भी बढ़ा है। स्वयं सहायता समूहों के जरिए महिलाओं में नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास भी विकसित हुआ है। यह पहल न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती दे रही है। गांव-गांव में डेयरी अब आय का मजबूत स्रोत बनकर उभर रही है।

### आरटीई में सख्ती का असर, 4 दिन में 15,679 नए दाखिले

**अमृत विचार, लखनऊ :** शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत नामांकन को लेकर उत्तर प्रदेश में प्रशासनिक सख्ती का असर अब साफ दिखने लगा है। योगी आदित्यनाथ सरकार के निर्देशों के बाद महज चार दिनों में 15,679 नए बच्चों का दाखिला हुआ है, जिससे कुल नामांकन 1,24,545 तक पहुंच गया है। अपर मुख्य सचिव, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा के कड़े निर्देशों के बाद नामांकन प्रक्रिया ने अचानक रफ्तार पकड़ ली। 22 अप्रैल तक जहां कुल नामांकन 1,08,866 था, वहीं अब यह बढ़कर 1.24 लाख से अधिक हो गया है। यह वृद्धि करीब 14.4 प्रतिशत की है, जो प्रशासनिक सक्रियता का स्पष्ट संकेत देती है। प्रदेश में आरटीई के तहत कुल 1,95,740 सीटों का आवंटन किया गया है, जिसमें अब तक 63.6 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। शासन ने साफ निर्देश दिए थे कि कोई भी पात्र बच्चा प्रवेश से वंचित नहीं रहना चाहिए और लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### मेरठ में सम्पन्न अधिवेशन में चुने गए 9 संयुक्त मंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ का 8वां प्रांतीय अधिवेशन मेरठ में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन से लौटे कर्मचारियों ने बताया कि इस मंच के माध्यम से राज्य सरकार के समक्ष अपनी विभिन्न मांगें रखी गईं। कार्यक्रम का आयोजन चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में किया गया, जिसमें राज्यसभा सदस्य डॉ. लक्ष्मीकांत बाजपेयी, सांसद एवं अभिनेता अरुण गोविल और महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ के पूर्व कुलपति प्रो. पीके शर्मा शामिल हुए। डॉ. लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए वे सदैव उपलब्ध रहेंगे। वहीं अरुण गोविल ने कहा कि वह स्वयं को कर्मचारी के रूप में देखते हैं और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रयासरत रहेंगे। प्रो. पीके शर्मा ने कर्मचारियों को विश्वविद्यालय की रीढ़ बताते हुए उनकी समस्याओं के समाधान को आवश्यक बताया। अधिवेशन में नौ विश्वविद्यालयों के कर्मचारियों ने भाग लिया।



लखनऊ रिजर्व पुलिस लाइन में 2025 बैच के आरक्षियों की दीक्षांत परेड में कमदताल करतीं महिला आरक्षी। अमृत विचार

# दीक्षांत परेड में दिखा नारी शक्ति का आत्मविश्वास

## रिजर्व पुलिस लाइन में 2025 बैच के 60,244 आरक्षियों ने दी मुख्यमंत्री को सलामी, महिला आरक्षियों ने जिम्मेदारी का संकल्प दोहराया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में आयोजित पुलिस आरक्षियों के दीक्षांत परेड समारोह में महिला आरक्षियों का उत्साह देखते ही बना। रिजर्व पुलिस लाइन में 2025 बैच के 60,244 आरक्षियों के इस भव्य समारोह में मुख्यमंत्री ने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली, वहीं महिला आरक्षियों ने शपथ लेकर नई जिम्मेदारी संभालने का संकल्प दोहराया।

समारोह के बाद महिला आरक्षियों ने खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री का आभार जताया। रायबरेली की दीप्ति पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री की मौजूदगी में शपथ लेना उनके लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि सरकार ने महिलाओं को न केवल सुरक्षा दी है, बल्कि जिम्मेदारी निभाने का अवसर भी दिया है, जिसे वे पूरी निष्ठा से निभाएंगी।

चयनित आरक्षी सुमन यादव ने कहा कि सरकार की नीतियों ने महिलाओं के सम्मान को नई ऊंचाई दी है। जौनपुर की प्रीति पटेल ने भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बताते हुए कहा कि अब महिलाओं को बराबरी का अवसर मिल रहा है। वहीं गाजीपुर की श्रुति यादव ने इसे अपने जीवन का गर्वपूर्ण अवसर बताते हुए कहा कि देश सेवा का मौका मिलना सौभाग्य की बात है। आरक्षी काजल सिंह ने कहा कि पुलिस सेवा में शामिल होकर उन्हें गर्व महसूस हो रहा है और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है। आरती यादव ने भी कहा कि उन्हें मिली जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगी। मिर्जापुर की अर्चना गिरी ने इसे अपने जीवन का यादगार पल बताते हुए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया।

वहीं प्रियंका मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री की उपस्थिति ने सभी आरक्षियों में नई ऊर्जा भर दी है। अंजलि मौर्य ने भी कहा कि प्रदेश में महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है, जिससे वे आत्मविश्वास के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभा रही हैं। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने आरक्षियों को शपथ दिलाई और मुख्यमंत्री को स्मृति चिह्न भेंट किया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद डा. दिनेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, अपर मुख्य सचिव (गृह) संजय प्रसाद, डीजी भर्तीबोर्ड एसबी शिरडकर, पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित होकर आरक्षियों का बढ़ा हौसला



नेहा यादव को बेस्ट कैडेट का सम्मान देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

दीक्षांत परेड समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों पुरस्कार पाकर नवप्रशिक्षित आरक्षियों का उत्साह चरम पर दिखा। महिला आरक्षी नेहा यादव को सर्वांग सर्वोत्तम पदक समेत तीन पुरस्कार, सोनम को दो और रिया सिंह कुशवाहा को एक पुरस्कार मिला। परेड कमांडर के रूप में भी महिला आरक्षियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रथम परेड कमांडर नेहा यादव रहीं, द्वितीय स्थान पर रिया सिंह कुशवाहा और तृतीय स्थान पर कुमारी सोनम रहीं। इसके अलावा समग्र कोर्स में अंत: विषय टॉपर का पुरस्कार भी नेहा यादव को मिला, जबकि वाह्य विषय में कुमारी सोनम टॉपर रहीं। सर्वांग सर्वोत्तम पुरस्कार भी नेहा यादव के नाम रहा। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिह्न भेंट किया। साथ ही उन्होंने सभी आरक्षियों को कर्तव्य, अनुशासन और ईमानदारी के साथ सेवा करने की शपथ भी दिलाई।

### पुलिस का मनोबल बढ़ा, अपराधियों में भय

- मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में जीरो टालरेंस नीति के तहत अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है, जिससे कानून-व्यवस्था मजबूत हुई है। प्रदेश में अब पुलिस का मनोबल बढ़ा है, वहीं, अपराधियों में भय का माहौल है। सरकार ने पुलिस बजट को तीन गुना तक बढ़ाया और नई पीएसी बटालियनों का गठन किया गया है। जिनमें महिला बटालियन भी शामिल हैं। इसके अलावा स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स (एसएसएफ) का गठन, फारेंसिक लैब का विस्तार और आधुनिक तकनीक का उपयोग पुलिसिंग को तरफ प्रभावी बना रहा है। यूपी-112 सेवा के रिस्पांस टाइम को 65 मिनट से घटाकर 6-7 मिनट तक लाने को भी बड़ी उपलब्धि बताया गया।

### तीन बहनें बनी एक साथ आरक्षी

- मऊ की राज नंदिनी यादव, शिखा यादव और आयुषी यादव ने एक साथ परीक्षा पास कर वर्दी पहनी। इस काम में उनकी दो बड़ी बहने निवेदिता व रीता हर कदम में साथ खड़ी रहती थी। तीनों ने कहा कि सफलता में संघर्ष, अनुशासन और परिवार का सहयोग का महत्वपूर्ण योगदान है। रायबरेली के किसान नरेंद्र बहादुर सिंह की बेटी साक्षी सिंह आरक्षी बनीं।

### किसान की बेटी ने किया महिला टुकड़ी का नेतृत्व



परिवार के साथ जौनपुर निवासी आरक्षी वर्षा शुक्ला।

- **अमृत विचार, लखनऊ :** रिजर्व पुलिस लाइन्स में रविवार को महिला आरक्षियों का दीक्षांत परेड का आयोजन किया गया था। लखनऊ में प्रशिक्षित आरक्षी जौनपुर की वर्षा शुक्ला को 60 नवनियुक्त महिला आरक्षियों की टुकड़ी की कमांड संभालने का मौका मिला। परेड के दौरान वर्षा का जोश दोगुना था। कार्यक्रम में वर्षा को जब ट्राफी मिली तो पिता के प्रेम नारायण की आंख नम हो गई। वहीं, अन्य महिला आरक्षियों के परिजन पूरे कार्यक्रम के हर एक पल को अपने मोबाइल में कैद करने में जुटे थे। ताकि उसे देखकर गर्व का अहसास कर सकें। जौनपुर की 23 वर्षीय वर्षा शुक्ला के लिए रविवार की सुबह दो घंटे का समय उनके जीवन का सबसे अहम रहा। वर्षा ने 60 नव-नियुक्त महिला आरक्षियों की टुकड़ी का नेतृत्व किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों ट्राफी हासिल कर परिवार का नाम रोशन किया। पिता प्रेम नारायण शुक्ला पेशे से किसान है। बेटी वर्षा ऐसे परिवार से आती हैं, जहां सेवा की परंपरा रही है। एक भाई लखनऊ के बलरामपुर अस्पताल में डाक्टर है, जबकि दूसरा मर्चेंट नेवी में सिंगापुर में तैनात है। मां रेखा शुक्ला गृहिणी हैं। पिता ने कहा कि उन्हें गर्व है कि उनके सभी बच्चे किसी न किसी रूप में देश की सेवा कर रहे हैं।

### पिता के बाद बेटी ने पहनी वर्दी

- रायबरेली की सुप्रिया यादव और उनके पिता के लिए यह दिन और भी खास रहा। तीन दशक पहले पिता ने वर्दी पहनी थी। अब बेटी सुप्रिया भी पिता की राह पर चल दी है। मां सुनीता यादव की खुशी देखते ही बन रही थी। उन्होंने कहा कि पति और बेटी दोनों को खाकी वर्दी में देखना उनके लिए सबसे बड़ा है। वहीं, गाजीपुर की नेहा की शादी के दस माह बाद प्रशिक्षण के कारण पति से दूर रहीं। पति मुंबई में शिपिंग सेक्टर में काम करते हैं। परेड में शामिल होने के लिए वह मुंबई से लखनऊ आये थे। नेहा के पिता दिल्ली में फैक्ट्री में काम करते हैं। नेहा ने कहा वह यूपीएससी की तैयारी करना चाहती हैं।

### छोटे मकान-दुकानों को बड़ी राहत, आधा देना होगा विकास शुल्क

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने छोटे मकान और दुकानों के निर्माण पर बड़ा राहत भरा फैसला लिया है। कैबिनेट की मंजूरी के बाद उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास (विकास शुल्क का निर्धारण, उदग्रहण एवं संग्रहण) तृतीय संशोधन नियमावली-2026 लागू कर दी गई है। नई व्यवस्था के तहत छोटे मकान और छोटी दुकानों का नक्शा पास कराते समय अब आधा विकास शुल्क ही देना होगा।

प्रमुख सचिव आवास पी. गुरुप्रसाद द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार, विकास प्राधिकरण और आवास विकास परिषद नई दरों के आधार पर शुल्क वसूलेंगे। साथ ही जहां सरकार ने पूर्ण या आंशिक छूट दी है, वहां शुल्क नहीं लिया जाएगा। नई नियमावली में विकास शुल्क को शहरों की श्रेणी के अनुसार निर्धारित किया गया है। बड़े शहरों में अधिक और छोटे शहरों में कम शुल्क देना होगा। उदाहरण के तौर पर गाजियाबाद में सबसे अधिक 4165 रुपये प्रति वर्ग मीटर, जबकि अयोध्या में सबसे कम 603 रुपये प्रति वर्ग मीटर दर तय की गई है। लखनऊ, कानपुर और आगरा जैसे शहरों में 2462 रुपये प्रति वर्ग मीटर, जबकि वाराणसी, प्रयागराज, मेरठ और बरेली जैसे शहरों में 1450 रुपये प्रति वर्ग मीटर शुल्क निर्धारित किया गया है। सरकार ने औद्योगिक और ग्रुप हाउसिंग परियोजनाओं को भी राहत दी है। औद्योगिक उपयोग पर शहरी क्षेत्र में 45% और बाहर 60% तक शुल्क में छूट मिलेगी। बड़े व्यावसायिक भूखंडों पर जहां 10% अधिक शुल्क लगेगा, वहीं निकाय सीमा के बाहर 20% तक कम शुल्क लिया जाएगा।

# गंगा एक्सप्रेस-वे के साथ उभरेगा 'इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग हब'

- पीएम मोदी 29 को गंगा एक्सप्रेसवे देश को करेंगे समर्पित
- 12 जिलों में 46,660 करोड़ रुपये के निवेश की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** पीएम नरेंद्र मोदी 29 अप्रैल को हरदोई में गंगा एक्सप्रेसवे को देश को समर्पित करेंगे। इस मेगा परियोजना को योगी सरकार 'एक्सप्रेस-वे सह इंडस्ट्रियल कॉरिडोर' मॉडल के तहत विकसित कर रही है। 594 किमी लंबे इस एक्सप्रेस-वे को इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर के रूप में तैयार किया जा रहा है, जिससे प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई रफ्तार मिलेगी।

सरकार की योजना के तहत पूरे एक्सप्रेस-वे के किनारे 12 जिलों में 12 औद्योगिक नोड्स विकसित किए जा रहे हैं। इसके लिए 6,507 एकड़ भूमि चिन्हित की जा चुकी है। इन नोड्स को मैन्युफैक्चरिंग, वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स गतिविधियों के अनुरूप डिजाइन किया गया है, जिससे यह कॉरिडोर एक "इकोनॉमिक ग्रोथ बेल्ट" के रूप में उभरेगा।



अब तक इस परियोजना के लिए 987 निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं, जिनके जरिए लगभग 46,660 करोड़ के निवेश की संभावना जताई गई है। निवेश मुख्य रूप से मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स, लॉजिस्टिक्स पार्क, ई-कॉमर्स सप्लाई चेन और एग्री-प्रोसेसिंग सेक्टर में आएगा। एक्सप्रेसवे के साथ विकसित यह नेटवर्क माल परिवहन को तेज और किफायती बनाएगा, जिससे उद्योगों की लागत घटेगी और प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। मेरठ से प्रयागराज तक फैले इस कॉरिडोर से 12 जिलों में संतुलित औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। हरदोई, उन्नाव, रायबरेली और प्रतापगढ़ जैसे जिलों में नई औद्योगिक गतिविधियों के साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। सरकार का फोकस अब केवल सड़क निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि इंफ्रास्ट्रक्चर को उद्योग से जोड़कर अर्थव्यवस्था को गति देना है।

### क्या होगा फायदा

- तेज और सस्ता माल परिवहन
- उद्योगों के लिए बेहतर कनेक्टिविटी
- स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन
- लॉजिस्टिक्स लागत में कमी
- यूपी को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने में मदद

### नोड्स का नेटवर्क

| | |
|---|---|
| मेरठ | 529 एकड़ |
| हापुड़ | 304 एकड़ |
| बुलंदशहर | 2,798 एकड़ (सबसे बड़ा क्लस्टर) |
| अमरोहा | 348 एकड़ |
| संभल | 591 एकड़ |
| बदायूं | 269 एकड़ |
| शाहजहांपुर | 252 एकड़ |
| हरदोई | 335 एकड़ |
| उन्नाव | 333 एकड़ |
| रायबरेली | 232 एकड़ |
| प्रतापगढ़ | 263 एकड़ |
| प्रयागराज | 251 एकड़ |

# प्रदेश में कल से तीन दिन बिगड़ सकता मौसम

- बिहार, झारखंड समेत 9 राज्यों में आंधी-पानी की चेतावनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** देश के उत्तर से लेकर पूर्वी भाग में एक बार फिर से बारिश-तूफान मुश्किलें बढ़ाने वाली हैं। मौसम विभाग के मुताबिक यूपी और उत्तराखंड 28 अप्रैल से 1 मई तक मौसम खराब होने की चेतावनी दी गई है, जबकि बिहार, झारखंड समेत 9 राज्यों में भारी बारिश-आंधी की चेतावनी जारी की गई है। पहाड़ी राज्यों में भी आफत की बारिश लोगों की परेशानी बढ़ाएगी। इस दौरान 60 से 75 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से हवा चलेगी।

देश में खतरनाक जानलेवा गर्मी के बीच अब आंधी-बारिश एक बार फिर से प्रहार करने वाली है। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक पूर्वी उत्तर प्रदेश और आसपास के इलाकों में निचले क्षोभमंडल में एक चक्रवाती परिसंचरण का भी निर्माण हो रहा है। इसके अलावा पूर्वोत्तर झारखंड और आसपास के इलाकों में निचले क्षोभमंडल में एक चक्रवाती परिसंचरण मौजूद है। सोमवार को 9 राज्यों में भारी बारिश और तूफान का अलर्ट है। इस दौरान आकाशीय बिजली और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गई है। पूर्वी राज्यों और पहाड़ी राज्यों के कई जिलों में लोगों की मुश्किलें बढ़ सकती है।

बारिश के साथ-साथ 75 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चल सकती है। किसानों को बेहद सतर्क रहने की जरूरत है। हालांकि दिल्ली में सोमवार को दिन में जानलेवा लू वाली हवा चलेगी। इस हवा की रफ्तार 20 से 25 किलोमीटर प्रति घंटे तक रह सकती है। दिल्ली में 27 अप्रैल को अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। उत्तर प्रदेश में 28 अप्रैल से 1 मई तक बारिश-आंधी की चेतावनी दी गई है। लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, ललितपुर, सीतापुर, हरदोई, बहराइच, वाराणसी, आजमगढ़, देवरिया, कुशीनगर, जौनपुर, मऊ, मेरठ, बुलंदशहर, हापुड़, पीलीभीत, मुजफ्फरनगर, आगरा, अलीगढ़ और मथुरा में बारिश की चेतावनी है।

### बांदा 47.4 डिग्री सेल्सियस के साथ देश में सबसे गर्म जिला

- प्रदेश में गर्मी ने अप्रैल माह में ही अधिकतम तापमान का नया रिकार्ड बना दिया है। रविवार को प्रदेश का बांदा 47.4 डिग्री सेल्सियस के साथ देश में सबसे गर्म जिला रहा। राजधानी लखनऊ का दिन का तापमान 44 डिग्री सेल्सियस था। भारत मौसम विज्ञान विभाग के 27 अप्रैल तक लू से राहत के आसार नहीं हैं। रविवार को प्रदेश का औसत तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के करीब है। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि लगातार दूसरे दिन भीषण गर्मी से हालात गंभीर हैं। लेकिन 27 अप्रैल से पश्चिमी यूपी में बारिश के संकेत हैं और मई की शुरुआत तक बारिश का असर जारी रह सकता है। 28 अप्रैल से तापमान में गिरावट के आसार हैं। पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में इस दौरान कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ हल्की बारिश या बौछारें पड़ सकती हैं। 29 और 30 अप्रैल को कुछ स्थानों पर 40-50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवा चलेगी। इस दौरान बारिश और बिजली गिरने की संभावना है।

बढ़ते कदम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 17 फॉर्मा कंपनियों को दिए लेटर ऑफ कम्फर्ट

# फार्मा में 2000 करोड़ निवेश से 10 हजार युवाओं को मिलेगा रोजगार : योगी

- निवेशको से बोले सीएम- सेफ्टी, स्टेबिलिटी और स्पीड की गारंटी वाला राज्य यूपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में निवेश को नई गति देते हुए 17 फॉर्मा कंपनियों को लेटर ऑफ कम्फर्ट (एलओसी) प्रदान करते हुए कहा कि लगभग 2000 करोड़ रुपये का यह निवेश रिसर्च एवं डेवलपमेंट के क्षेत्र को नई दिशा देगा। इससे 10 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने निवेशकों को भरोसा दिलाया कि उत्तर प्रदेश अब सेफ्टी, स्टेबिलिटी और स्पीड की गारंटी वाला राज्य बन चुका है और यहां निवेश पूरी तरह सुरक्षित व लाभकारी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में नए भारत का दर्शन हो रहा है। देश की अर्थव्यवस्था ने नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। हम 200 देशों को सस्ती व गुणवत्तापरक दवाइयां उपलब्ध करा रहे हैं। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज "ट्रस्ट और टाइमली डिलीवरी" के लिए पहचाना जा रहा है। उन्होंने निवेशकों से कहा कि उनका निवेश केवल उद्योग तक सीमित नहीं, बल्कि प्रदेश की 25 करोड़ जनता के विश्वास से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में स्पष्ट नीति और सुशासन के चलते यूपी 'बीमारू राज्य' की छवि से निकलकर देश का ग्रोथ इंजन बना है।

मुख्यमंत्री ने निवेशकों को प्रदेश की औद्योगिक क्षमता से भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि यूपी का जीएसडीपी बढ़कर 36 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। वर्ष 2017 में जहां 14 हजार कारखाने थे, वहीं अब उनकी संख्या बढ़कर 32 हजार हो गई है। अब तक 45 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 15 लाख करोड़ जमीन पर उतर चुके हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर कानून-व्यवस्था किसी भी विकास की पहली शर्त होती है और 2017 के बाद प्रदेश में इस क्षेत्र में व्यापक सुधार हुआ है। यूपी अब पॉलिसी पैरालिसिस से निकलकर पॉलिसी स्टेबिलिटी की ओर बढ़ चुका है। 34 से अधिक सेक्टोरल नीतियां, निवेश मित्र, निवेश सारथी और उद्यमी मित्र जैसी पहलें निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल तैयार कर रही हैं।

योगी ने स्वास्थ्य क्षेत्र में हुए बदलावों का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि 2017 तक प्रदेश में 40 मेडिकल कॉलेज थे, जो अब बढ़कर 83 हो गए हैं। गोरखपुर और रायबरेली में एम्स संचालित हैं। साथ ही ललितपुर में 1500 एकड़ में फार्मा पार्क और नोएडा में मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित किया जा रहा है, जहां 100 से अधिक कंपनियां जुड़ चुकी हैं। कार्यक्रम में निवेशकों ने भी प्रदेश में निवेश को लेकर उत्साह जताया और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बेहतर औद्योगिक माहौल की सराहना की।



फार्मा कंपनी के प्रतिनिधि को लेटर ऑफ कम्फर्ट देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### इन कंपनियों को मिला एलओसी

- प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के तहत जिन कंपनियों को लेटर ऑफ कम्फर्ट दिया गया, उनमें प्रमुख रूप से बायोजेंटा लाइफसाइंस (बाराबंकी), रोमन्स मेडवर्ल्ड (नोएडा), हाईग्लांस लैबोरेट्रीज (नोएडा), कोटेक हेल्थकेयर (गाजियाबाद), जेबी रेमेडीज (हाथरस/नोएडा), पॉजिट्रॉन बायोजेनिक्स (कानपुर), आईवी टेक हेल्थकेयर (अलीगढ़), जेबीजेएम पैरेंट्रल्स (ललितपुर), रास्पा फार्मा (रायबरेली), एनबीएस ग्रुप (सीतापुर), वेलनेस जेडक्योर (जालौन), कैमले इंडस्ट्रीज (सहारनपुर), रेडिकॉन लैबोरेट्रीज (नोएडा), संजीवनी मेडिटेक (बरेली), सेफकॉन लाइफसाइंसेज (बरेली), आरएपी मेड सर्जिकल (हाथरस) और वोडा केमिकल (हापुड़) शामिल हैं।

न्यूज ब्रीफ

### सड़क हादसे में युवक हुआ घायल

**कानपुर देहात।** मूसानगर थाना क्षेत्र में मुगल रोड पर बीती शनिवार की देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को पुखरायां सीएचसी में प्राथमिक उपचार के पश्चात जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घाटमपुर थाना क्षेत्र के रंजीतपुर गांव निवासी अजीत कुमार बीती रात भोगनीपुर कस्बे में अपनी दुकान बंद कर गांव वापस लौट रहे थे। वापसी के दौरान मूसानगर के निकट मुगल रोड पर एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद राहगीरों ने उन्हें एंबुलेंस की मदद से पुखरायां सीएचसी में भर्ती कराया। वहां मौजूद चिकित्सक ने अजीत की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के पश्चात जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### प्रोजेक्ट नई किरण में निपटे चार मामले

**कानपुर देहात।** महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण की दिशा में चल रहे अभियान मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन माती के सभागार कक्ष में प्रोजेक्ट नई किरण की बैठक हुई। इसमें 33 मामले आए जिनमें नई किरण के सदस्यों द्वारा समझाने के बाद चार परिवारों में आपसी सहमति के आधार पर समझौता कराया गया। पति-पत्नी खुशी-खुशी साथ रहने को तैयार हो गए। शेष प्रार्थना पत्रों में सुनवाई के लिए आगे की तिथि दी गई। इस अवसर पर थानाध्यक्ष सुषमा सहित ज्योति देवी, नीतू, रीनू, शिवम पाण्डेय, रंजना सोनकर, शालू देवी आदि रहे।

### स्टेट बैंक रोड पर आज बटेगा शर्बत

**कानपुर देहात।** एकादशी के पर्व पर सोमवार को भाजपा नेता दिलीप कुमार ओमर के स्टेट बैंक रोड पर स्थित प्रतिष्ठान पर शरबत वितरण कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर बुजुर्ग महिलाओं को साड़ी भी वितरित की जाएगी। दिलीप कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला सहित जिला और मंडल अध्यक्ष भाजपा शामिल होंगे।

### शिविर में 74 मरीजों की जांच की

**कानपुर देहात।** रविवार को जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेलों का आयोजन हुआ। इसमें पहुंचे मरीजों का परीक्षण किया गया। निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। देवीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बरौर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कुल 74 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित की गई। मलासा में 61 तथा जरसेन में 64 मरीजों का निशुल्क उपचार किया गया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ विकास ने भीषण गर्मी और हीट्वेब के प्रकोप को देखते हुए स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण टिप्स दिए। डायरिया, पेट दर्द, सिरदर्द, बुखार और हीट स्ट्रोक से बचने के उपाय बताए। प्यास न लगने पर भी समय समय पर पानी पीते रहें। शरीर को ठंडा रखने के लिए नारियल पानी, छाछ, नींबू, ओआरएस या आम पन्ना का सेवन करें। दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे के बीच घर से बाहर निकलने में परहेज करें। आवश्यक कार्यों में बाहर निकलते समय सिर ढककर रखें और सूती कपड़े पहनें। भोजन में दही, छाछ, खीरा, ककड़ी और तरबूज जैसे पेय पदार्थों का सेवन करें।

## गर्मी के बीच बिजली कटौती से हाहाकार

संवाददाता, राजपुर

- सट्टी सबस्टेशन से जुड़े दो दर्जन से अधिक गांवों में समस्या

**अमृत विचारः** सट्टी स्थित विद्युत सबस्टेशन क्षेत्र से जुड़े दो दर्जन से अधिक गांवों में एक सप्ताह से की जा रही बिजली की अघोषित कटौती से ग्रामीण खासे परेशान हैं। दिन में सिर्फ तीन से चार घंटे ट्रिप के साथ बिजली दी जा रही है। रात बिजली नहीं दी जा रही है। इस भीषण गर्मी के चलते ग्रामीणों दिन व रात आफत में गुजर रही है। ग्राम प्रधान से लेकर असरदार लोग बिजली विभाग के अधिकारियों को अवगत कराए जाने के बाद भी बिजली कटौती में सुधार नहीं किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों में बिजली विभाग के अधिकारियों के प्रति आक्रोश व्याप्त है।

बिजली की अघोषित कटौती के कारण ग्रामीणों में हाहाकार मचा हुआ है। ऐसी भीषण गर्मी में बिजली विभाग चौबीस घंटे में सिर्फ तीन से चार घंटे ट्रिप के साथ बिजली दे रहा है। सबस्टेशन क्षेत्र गांव के ग्रामीण दिन गर्मी में रात अंधेरे में व्यतीत करने पर मजबूर हो रहे हैं। ग्राम प्रधान इरफान कुरैशी सहित राममूरत, सतीश कुमार, वीर सिंह, जावेद अख्तर, शानू, मजर अली, शत्रुघन सिंह, कन्हई लाल, प्रदीप निरंजन, दयाल शर्मा, देवराज, महेश कुमार आदि ग्रामीणों ने बताया कि सबस्टेशन से जुड़े सटटी, शाहजहांपुर, जहांगीरपुर, महकापुर, फैजलीपुर, शेखपुर, स्वरूपपुर, नौबादपुर सहित दो दर्जन से अधिक गांवों में एक सप्ताह से बिजली की अघोषित कटौती की जा रही है।

दिन तीन से चार घंटे ट्रिप के साथ रात में बिजली बिलकुल नहीं दी रही है। इससे बड़ी आबादी दिन गर्मी में और रात अंधेरे में गुजारने के लिए मजबूर हो रहें है। ग्राम प्रधान से लेकर असरदार लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों को कई बार अवगत करायें जाने के बाद भी बिजली नहीं दी जा रही है। ग्रामीणों ने कहा कि दो दिन में बिजली कटौती बंद नहीं हुई तो सबस्टेशन का घेराव कर प्रदर्शन किया जाएगा। इस संबंध में सटटी सबस्टेशन के अवर अभियंता से बात करनी चाही मगर संपर्क नही हो सका।

## 6.6 लाख से बदलेगी पृथ्वीराज चौहान की मूर्ति

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** गजनेर चौराहे पर स्थित वीर शिरोमणि सम्राट पृथ्वीराज चौहान की खंडित एवं जर्जर हो चुकी मूर्ति बदली जाएगी। इसके स्थान पर नई मूर्ति स्थापित की होगी।

इलाकाई लोगों की मांग पर कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने पर्यटन एवं संस्कृति विभाग को चिट्ठी लिखी थी। पर्यटन विभाग इसके लिए 6.6 लाख मंजूर किए। पहली किश्त के रूप में रुपए एक लाख 65 हजार की धनराशि उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान लखनऊ में जमा कर दी गई है। शेष आवश्यक धनराशि की प्रक्रिया जारी है। माना जा रहा कि दिनों में मूर्ति की स्थापना का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने बताया कि मूर्ति के अनावरण के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से समय मांगा गया है। उन्होंने बताया कि मूर्ति स्थापना का कार्य गजनेर क्षेत्र की आस्था स्वाभिमान और ऐतिहासिक विरासत के सम्मान का प्रतीक है। जनता की हर जायज मांग को पूरा करना ही हमारी प्राथमिकता है और यह कार्य इस संकल्प का प्रमाण है। पृथ्वीराज चौहान की मूर्ति स्थापित किए जाने की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्रीय लोगों में खुशी की लहर है। क्षत्रिय सम्राट पृथ्वीराज चौहान सेवा समिति की पूरी टीम द्वारा कैबिनेट मंत्री राकेश सचान को माला पहनकर धन्यवाद ज्ञापित किया। स्वागत करने वालों में प्रदेश युवा मोर्चा उपाध्यक्ष शिव वीर भदोरिया, जिला महामंत्री सत्यम सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष जय सिंह चौहान, पूर्व ब्लाक प्रमुख अनूप सिंह जादौन, आकाश सिंह, आशीष सिंह, पुनीत सिंह, अभय प्रताप सिंह, मगलेन्द्र सिंह आदि रहे।



नई और भव्य मूर्ति की पहल के लिए कैबिनेट मंत्री राकेश सचान का हुआ स्वागत।

## सर्राफा व्यवसायी से दिन-दहाड़े लाखों की लूट, इलाके में सनसनी

### विरोध करने पर बदमाशों ने व्यवसाई को चाकुओं से हमला कर किया घायल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- गजनेर थाना क्षेत्र में बुलेट सवार तीन बदमाशों ने घटना को दिया अंजाम
- घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे एएसपी और सीओ

**अमृत विचारः** गजनेर थाना क्षेत्र में रविवार को दिन दहाड़े सर्राफा व्यवसायी के साथ लूट हो गई। मोटर साइकिल सवार तीन लुटेरों ने सर्राफ को रोका। इसके बाद छीना झपटी शुरू कर दी। व्यापारी ने बचना चाहा तो लुटेरों ने चाकुओं से वार कर उसे लहूलुहान कर दिया फिर नकदी जेवर लूट कर भाग निकले। सरेराह हुई इस घटना को लेकर इलाके में सनसनी फैल गई। घायल व्यापारी को अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के बड़े अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की जांच पड़ताल की।

गजनेर थाना क्षेत्र के शाहजहांपुर निनायां गांव निवासी राज बल्लभ सिंह परिहार की जिगनी पुरवा गांव स्थित बाजार में शिखा ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। रविवार की वह सुबह अपनी बाइक से बाजार गए थे। दोपहर करीब एक बजे बाजार से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान निनायां मोड़ के पास घटना हो गई। बताया गया कि काली बुलेट मोटर साइकिल पर सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। इसके बाद उनका नगदी जेवरात से भरा बैग छीनने लगे। विरोध करने पर बदमाशों ने चाकू से हांथ मे कई वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।



घटना के बारे में जेवरात विक्रेता ने दी जानकारी। अमृत विचार

पीडित व्यापारी के छोटे भाई शीलू सिंह ने बताया कि बदमाशों ने जेब में पडे. 20 हजार और बैग में पडे करीब एक लाख 35 हजार रूपए लूट लिए। इसके साथ लगभग 50 ग्राम सोने व करीब आधा किलो चांदी के आभूषण भी लूटे। जाते-जाते बदमाश सर्राफ का मोबाइल फोन भी छीन ले गए हैं।

घटना के बाद राज वल्लभ ने शोर मचाया। कुछ देर बाद निकले गांव के लोग मौके पर जमा हो गए। उन्होंने परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने घायल राज वल्लभ को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गजनेर मे भर्ती कराया और गजनेर पुलिस को सूचना दी। लूट की सूचना मिलते ही पुलिस में हड़कंप मच गया। गजनेर थाने की पुलिस ने उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। अपर पुलिस अधीक्षक एवं सीओ अकबरपुर घटना स्थल पर पहुंचे। अस्पताल पहुंच कर पीड़ित से जानकारी ली। एएसपी ने गजनेर थाना प्रभारी को जल्द खुलासा करने व अपराधियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए है।

### आपस में टकराए दो ट्रक, चार लोग घायल

**कानपुर देहात।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के भोगनीपुर ओवरब्रिज पर रविवार की सुबह दो ट्रकों की भिड़ंत हो गई। इसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए पुखरायां सीएचसी में भर्ती कराया गया है। हादसा कोतवाली क्षेत्र के झांसी कानपुर हाइवे पर सुबह करीब पांच बजे हुआ। हादसे में दोनों ट्रकों के चालक-खलासी घायल हुए। भिड़ंत में ट्रक चालक मूलचंद 50वर्ष निवासी मटरी थाना व जनपद बाराबंकी, परिचालक ओमकार निवासी करीमाबाद थाना मसौली जनपद बाराबंकी, चालक कौशल पाल सिंह 25 वर्ष निवासी मऊ खुर्द थाना सिरसा कलार जनपद जालौन, परिचालक शिवम् 25 वर्ष निवासी कदौरा जालौन हैं। पुलिस को दुर्घटना के बारे में जानकारी इलाकाई लोगों से मिली। कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए पुखरायां सीएचसी में भर्ती कराया। पुलिस ने बताया कि सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को मौके से हटवा दिया गया है। घायलों के परिजनों को सूचना भेजी गई है। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।



कंट्रोल रूम पहुंचीं एसपी श्रद्धा नरेंद्र पांडेय। अमृत विचार

## होमगार्ड भर्ती परीक्षा को लेकर जांची कंट्रोल रूम की व्यवस्थाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश होमगार्ड भर्ती लिखित परीक्षा के दूसरे दिन भी सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। पुलिस के अधिकारी लगातार भ्रमण पर रहे। एसपी श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने परीक्षाओं को लेकर बनाए गए कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया और जरूरी निर्देश जारी किए।

नियंत्रण कक्ष के निरीक्षण के दौरान द्वारा कंट्रोल रूम में स्थापित संचार व्यवस्था, ड्यूटी चार्ट, निगरानी प्रणाली एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन किया गया। साथ ही ड्यूटी पर तैनात अधिकारी व कर्मचारियों से वार्ता कर परीक्षा के दौरान सूचना संकलन एवं त्वरित आदान-प्रदान की व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की गई।

पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने हेतु सतर्कता बरती जाए। किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं सजगता के साथ करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी सिकंदरा-लाइन सुश्री प्रिया सिंह, क्षेत्राधिकारी डेरापुर सौरभ वर्मा व प्रभारी जिला नियंत्रण कक्ष सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दबी चिंगारी से फिर धधकी आग चपेट में आई ट्रॉली, भूसा जला

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** एक दिन पूर्व शनिवार को सरैया गांव में सड़क के किनारे लगी आग दमकल कर्मियों के द्वारा बुझाये जाने पर भी उसमें आग की चिंगारियां बनी रह गई। इसकी चिंगारी अगले दिन रविवार को सड़क पर जा रहे भूसा भरे ट्रैक्टर में उड़कर पड़ी। चिंगारी से बड़ी आग में ट्रॉली को अपनी चपेट में ले लिया। चालक के न जान पाने के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चालक को जब बताया तब तक आग तेज होकर ट्रैक्टर तक पहुंच गई। इसकी सूचना पाकर पुलिस और दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया।

शनिवार को रसूलाबाद ब्लॉक क्षेत्र के सरैया गांव के पास सड़क किनारे आग लग गई थी। इसकी सूचना पाकर अग्निशमन कर्मियों ने ग्रामीणों की सहायता से मौके पर पहुंचकर आग को बुझाया। उसके अंदर कहीं थोड़ी बहुत आग बनी रही जो धीरे-धीरे सड़क किनारे नाला तक पहुंच गई। रविवार को बेदीपुर बिल्हौर निवासी अंशु दुबे अपने साथी के साथ भूसा लेकर अपने गांव जा रहे थे। तभी सड़क किनारे जल रही आग की चिंगारी उड़कर ट्राली में लदे भूसे की झाल पर जा गिरी जिससे आग ने ट्राली को अपनी चपेट में ले लिया। इसकी जानकारी ट्रैक्टर चालक को नहीं हो पाई।



मौके पर मौजूद ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

सरैया गांव के ग्रामीणों ने ट्रैक्टर ट्राली में आग लगे होने की जानकारी चालक को दी। वहीं ग्रामीणों ने आग को बंद करना शुरू की कर दिया लेकिन तेज हवा की वजह से आग विकराल हो गई और ट्राली से होते हुए ट्रैक्टर में जा पहुंची जिससे छतरी सहित कुछ अन्य सामान भी जल गया। ग्राम प्रधान मानवेंद्र सिंह की सूचना पर तिश्ती चौकी प्रभारी ब्रजेश कुमार व आरक्षी इंद्रेश यादव दमकल कर्मियों की गाड़ी सहित मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## मिर्जापुर लखोटिया में बनी पानी की टंकी बनी शो पीस

समस्या

संवाददाता, रसूलाबाद

- गर्मी के मौसम में पानी के लिए ग्रामीण हो रहे परेशान

**अमृत विचारः** ग्राम पंचायत मिर्जापुर लखोटिया में पानी की टंकी से जलापूर्ति बहुत कम आ रही है। इससे गर्मी के इस मौसम में ग्रामीण परेशान है। ग्रामीणों ने इस संबंध में उसकी मरम्मत के लिए जब ग्राम प्रधान से कहा तो उन्होंने मरम्मत के लिए धन न होने की बात कह कर ग्रामीणों को टरका दिया। इस पर ग्रामीणों ने इसकी शिकायत मंडलायुक्त मंडल कानपुर से की है।

ब्लॉक रसूलाबाद की ग्राम पंचायत मिर्जापुर लखोटिया निवासी अजय यादव, अनुन कुमार, शिवकारन, राम औतार, राम जी पाल, नाहर सिंह, रामामिलन दिवारी लाल रामऔतार, रामसेवक, जय करन, सिपाहीलाल, जगन्नाथ, राम आसरे, गंगाराम, विजयपाल, महिपाल, रामप्रकाश, योगेंद्र सिंह, अरविंद कुमार, चंद्रपाल, सोनू आदि मैं बताया कि उनके क्षेत्र में खारे पानी की गंभीर समस्या के चलते शासन द्वारा ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु पानी की टंकी का निर्माण कराया गया था। इस कारण ग्राम सभा व उसके मजरों में जलापूर्ति की जानी थी मगर कार्यदायी संस्था द्वारा इसके लिए बिछाई गई पाइप लाइनों में मानकों की अनदेखी किए जाने के कारण वर्तमान समय में स्थिति अत्यंत गंभीर है और अनेक गांवों की जलापूर्ति बाधित है। विशेष रूप से गड़रियन पुरवा, बंदरहा, कोला एवं बकोठिया गांवों में पानी बिल्कुल नहीं पहुंच रहा है।



पानी की टंकी से सही जलापूर्ति न होने से गड्ढा खोदकर पानी भरता ग्रामीण।

इससे ग्रामीणों को एक-एक बूंद पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। महिलाएं एवं बच्चे दूर-दूर से पानी लाने को मजबूर हैं तथा गर्मी के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो गई है। लोग गड्ढे खोद खोदकर और पाइप लाइन से जोड़कर बूंद बूंद पानी एकत्रित कर काम चला रहे हैं। ग्रामीणों की शिकायत पर ग्राम प्रधान ने कहा कि मरम्मत के लिए धन उपलब्ध नहीं है। ग्रामीणों ने मंडलायुक्त से मांग की है कि उक्त प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराई जाए।

जिससे पानी की टंकी एवं पाइपलाइन की मरम्मत निर्माण के नाम पर निकाले गए धन का दुरुपयोग करने वाले दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध जानकारी हो सके और उनके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाए। ग्रामीण ने जलापूर्ति को सुचारू रूप से चालू कराया जाने की मांग की है जिससे ग्रामीणों को राहत मिल सके। बीडीओ विपुल विक्रम सिंह चौहान ने बताया की पानी कि टंकियों की व्यवस्था जल निगम के अधीन है फिर भी वह इस मामले की जानकारी कर संबंधित विभाग द्वारा इसे ठीक करवाएंगे।

दीक्षांत परेड

माती स्थित रिजर्व पुलिस लाइन में हुआ समारोह

## परेड के साथ विभाग की मुख्य धारा में शामिल हुए ट्रेनी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** माती स्थित रिजर्व पुलिस लाइन में ट्रेनी कांस्टेबलों की दीक्षांत परेड हुई। मुख्य अतिथि यूपी 112 के पुलिस उप महानिरीक्षक शहाब रशीद खां रहे। उन्होंने परेड की सलामी ली। कार्यक्रम परेड मैदान में सुबह आठ बजे से शुरू हुआ।

परेड मैदान पर आयोजित समारोह के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का सजीव प्रसारण दिखाया गया। रिक्रूट आरक्षियों ने मुख्यमंत्री के संदेश को ध्यानपूर्वक सुना, जिसमें उन्होंने पुलिस बल को आधुनिक, संवेदनशील और अपराध के प्रति सख्त होने का आह्वान किया। अपर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रसाद द्वारा रिक्रूट आरक्षियों के कठिन प्रशिक्षण का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में नवनियुक्त आरक्षियों को अनुशासन और कर्तव्यपरायणता का पाठ पढ़ाया। इस अवसर पर प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूटों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह के अंतिम चरण में पुलिस अधीक्षक ने रिक्रूट आरक्षियों को देश की सेवा, संविधान के प्रति निष्ठा और जनसुरक्षा की पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के उपरांत टोलियों ने गौरवपूर्ण तरीके से प्रस्थान किया। इसके पहले एसपी ने डीआईजी को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। सीओ लाइंस सुश्री प्रिया सिंह सहित पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों सहित रिक्रूट आरक्षियों के परिवारीजन व बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।



समारोह के दौरान सलामी देते रिक्रूट आरक्षी। अमृत विचार

### तिरंगे के सम्मान के लिए जान की बाजी लगाते हैं हमारे सैनिक

**कानपुर देहातः** रविवार को जिला कांग्रेस सेवा दल का मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम देहात जनपद के अध्यक्ष वीरेंद्र शुक्ला वीरे ने सहकारी संघ लिमिटेड रूरा के प्रांगण में आयोजित किया। इसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य दिलीप कुमार सिंह मुन्ना ने ध्वजारोहण करके राष्ट्रगान कराया और भारत माता के जयकारे लगवाएं।

उन्होंने कहा कि इस झंडे के सम्मान के लिए हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया और आज देश की सीमाओं पर इस झंडे की शान की रक्षा के लिए हमारे वीर सैनिक अपनी जान की बाजी लगाकर सुरक्षा में तैनात रहते हैं। इस अवसर पर जिला सेवादल कांग्रेस के अध्यक्ष वीरेंद्र शुक्ला ने तिरंगा झंडा और राष्ट्रगान के इतिहास और महत्व के बारे में विस्तार से लोगों को बताया।

## भक्ति में भाव जरूरी, आडंबर से प्रसन्न नहीं होते भगवान

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की, नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, जैसे उद्घोषों के साथ भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। प्रेमभाव में भगवान जहर भी पीते हैं। इसी के चलते मातृ भाव से स्तनपान कराने आई पूतना का भगवान ने न केवल स्तनपान किया वरन् उसे परमधाम भी भेज दिया।

यह बात दशहरा स्थित चामुंडा माता मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथा वाचक अंकुश तिवारी ने भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव एवं उनकी बाल लीलाओं पूतना वध प्रसंग के दौरान उपस्थित श्रोताओं से कही। उन्होंने बताया कि नंद बाबा तथा यशोदा के चौथे पन में बालक होने का समाचार पाकर समस्त बृजवासी उनके यहां जन्मोत्सव मनाने गए इसी बीच देववाणी के द्वारा कंस को भी ब्रज में नंद बाबा के यहां श्री कृष्ण के जन्म का समाचार मिला तो उसने पूतना नामक राक्षसी को नंद गांव भेजकर श्री कृष्ण को मारने की योजना बनाई। पूतना सुंदर गोपिका के वेश में माता यशोदा के पास पहुंची और अपने को रिश्तेदार बताते हुए माता यशोदा के यहां बधाई गाने लगी।



कथा कहते अंकुश तिवारी।

इसी बीच मौका पाकर पूतना ने श्रीकृष्ण को अपनी गोद में लेकर विष लगे हुये स्तनपान कराने लगी। भगवान श्री कृष्ण ने उसके मातृ स्वभाव का सम्मान करते हुए स्तनपान कर पूतना का बध कर दिया। उन्होंने बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने जन्म के 6 दिन बाद पूतना का वध किया था। इसके बाद अघासुर, बकासुर आदि तमाम असुरों का बध किया। कथा के शुरुआत में ही हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की, नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, जैसे उद्घोषों के साथ भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर परीक्षित धीरेन्द्र सिंह, शांति देवी, अनिल सिंह, राहुल सिंह, राममोहन, अनुज सिंह, सूरज सिंह, दीपक सिंह, ज्योति सिंह, राधा सिंह, सोना देवी, विभा सिंह रहे।

अमृत विचार

कानपुर, सोमवार, 27 अप्रैल 2026



## न्यूज ब्रीफ

### शराब पीने से मना करने पर किया विवाद

**हमीरपुर।** बांधुर बुजुर्ग गांव निवासी राजरानी पत्नी राजाराम प्रजापति ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि रात करीब आठ बजे पड़ोसी सर्वेश पुत्र जयराम प्रजापति उसके दरवाजे में बैठकर शराब पीने लगा। मना करने पर हंगामा करने लगा। फोन करने पर आई पुलिस को देख जान से मार देने की धमकी दे भाग गया। पुत्र के साथ आई महिला ने थाने में तहरीर दी है। एसआई अंकित बैसला ने बताया कि युवक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### ग्राम समाज की जमीन पर कूड़ा फेंकने पर हुआ विवाद

**हमीरपुर।** सायर गांव निवासी विनीता पत्नी पुत्तन प्रजापति ने थाना में तहरीर देते हुए बताया कि दरवाजा के सामने ग्राम समाज की जमीन में भारी भरकम गड्ढा है। जिसमें कूड़ा करकट डाल रही है। इधर पड़ोसी गिलिया पुत्र समलिया इस जमीन पर अपना अधिकार जमाने के चक्कर में कटीले पेड़ को लगा दिए हैं। गड्ढे में कूड़ा फेंकने पर रोक लगाने लगी है। उसकी ननद रोशनी को कूड़ा फेंकने से मना कर मारपीट को आमादा हो गई। 112 नंबर पर फोन करने पर पुलिस ने उसे समझाकर डांट दिया।

### छत पर सो रहा युवक गिरने से घायल

**हमीरपुर।** छत पर सो रहा युवक नीचे गिर जाने पर गंभीर रूप से घायल हो गया। सरकारी अस्पताल से चिकित्सक ने हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर किया है। ग्राम छिमौली निवासी वीरेंद्र (37) पुत्र राजेंद्र शनिवार रात अपने घर की छत पर सो रहा था। रात में वह लघु शंका के लिए उठा तो संतुलन बिगड़ने से वह छत से नीचे जा गिरा।

### सीओ और ससुराल वालों पर आरोप

**हमीरपुर।** सुरौली बुजुर्ग ग्राम निवासी युवक ने सोशल मीडिया में एक वीडियो अपलोड कर ससुरालियों सहित पुलिस के आला अफसरों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कहा कि अगर उसकी मौत होती है तो इसके लिए ससुरालीजनों और सीओ सदर को जिम्मेदार माना जाए। वायरल वीडियो की अमृत विचार अखबार पुष्टि नहीं करता है। सुरौली बुजुर्ग निवासी शीबू खान ने सोशल मीडिया में रविवार को अपलोड किए एक वीडियो में अपनी पत्नी, ससुर, साले के साथ अन्य रिश्तेदारों एवं सीओ सदर पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उसके साथ 2024 में ससुरालीजनों ने कुंडौरा बस स्टैंड में मारपीट की और बाइक छीन ली। जिसका मुकदमा थाने में दर्ज कराया था। लेकिन दो वर्ष गुजर जाने के बाद पुलिस ने चार्ज शीट अदालत में नहीं दाखिल की है। इसके लिए उसने सीओ सदर को जिम्मेदार ठहराया है। सीओ सदर राजेश कमल ने कहा कि वायरल वीडियो को देखा है। वह इस व्यक्ति को नहीं जानते हैं।

### पहले दामाद ने फिर बेटी ने मां को पीटा

**बिवांर (हमीरपुर)।** निवादा गांव में माया देवी पुत्री भवानीदीन सिंह ने तहरीर दी है। बताया कि उसके पिता भाई नहीं हैं। वह दो बहनें हैं। दोनों की गांव में एक घर में शादी हुई है। वह दोनों मां के पास रहती हैं। जीजा वीर बहादुर पुत्र लीलाधर सुबह करीब 11 बजे शराब के नशे में उसकी मां कांति देवी के घर आया और सास को घर छोड़कर बाहर जाने की बात कहने लगा। उसकी मां ने बाहर जाने से इनकार कर दिया। जिस पर अभद्रता करने लगा। मना करने पर सब्बल से वार कर दामाद ने घायल कर दिया। खून से लथपथ कांति देवी बाहर भागी। पीछा कर रही बड़ी पुत्री छाया देवी ने मां की पिटाई करनी शुरू कर दी। इससे मां गिरकर अचेत हो गई। छोटी पुत्री माया देवी ने पानी का छींटा मारा तो वह होश में आई। मां के साथ आई छोटी पुत्री ने जीजा के साथ बड़ी बहन के खिलाफ तहरीर दी है।

### गंभीर घायल को अस्पताल लाया गया

**हमीरपुर।** नगर के सरकारी अस्पताल में शनिवार रात एक युवक को लहूलुहान हालत संदिग्ध हालात में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जनपद जालौन के ग्राम बबीना निवासी हर्षित सोनी (25) पुत्र देवी दयाल को शनिवार की रात कुछ युवकों द्वारा लहू लुहान हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक देख उसका प्राथमिक उपचार कर उसे मुख्यालय रेफर कर दिया।

# आसमान से बरसी 'आफत', तपती सड़कों पर पसरा सन्नाटा

संवाददाता ककवन/बिल्हौर

**अमृत विचार।** अप्रैल का महीना अभी बीता भी नहीं है और प्रकृति के तेवर तल्ख हो गए हैं। रविवार, 26 अप्रैल को क्षेत्र में तापमान में हुई बेतहाशा वृद्धि ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। सूरज की तपिश और लू के थपेड़ों के कारण ऐसा प्रतीत हो रहा है मानो आसमान से आग बरस रही हो। दोपहर होते-होते आलम यह रहा कि सड़कें पूरी तरह वीरान हो गईं और बाजारों में सन्नाटा पसर गया।

ककवन कस्बे और बिल्हौर के मुख्य बाजारों में, जहां आम दिनों में खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ती थी, वहां रविवार दोपहर सन्नाटा नजर आया। तेज धूप और लू के डर से लोग घरों में दुबकने को मजबूर रहे। विशेष रूप से लखनऊ-इटावा राजमार्ग पर दोपहर 3:00 बजे तक आवाजाही न के बराबर रही। इक्का-दुक्का राहगीर जो नजर भी आए, वे पूरी तरह चेहरे को ढके हुए और गर्मी से बेहाल दिखे। दुकानदारों का कहना है कि भीषण गर्मी के कारण ग्राहक शाम ढलने के बाद ही निकल रहे हैं, जिससे दोपहर का व्यापार ठप पड़ा है।



भीषण तापमान के कारण मक्का की फसल सूखने की कगार पर पहुंच गई।



रविवार को भीषण तपिश की वजह से सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा।

एक ओर जहां आम जनता गर्मी से परेशान है, वहीं अन्नदाता पर प्रकृति और अव्यवस्था की दोहरी मार पड़ रही है। इस भीषण तापमान के कारण मक्का की फसल सूखने के कगार पर पहुंच गई है। फसलों को बचाने के लिए इस समय सिंचाई की सख्त जरूरत है, लेकिन ग्रामीण इलाकों में विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

किसानों का कहना है कि भीषण गर्मी के कारण खेतों की नमी तेजी से खत्म हो रही है। ऊपर से बिजली की कटौती और कम वोल्टेज के कारण नलकूप नहीं चल पा रहे हैं। अगर समय रहते सिंचाई न हुई तो किसानों की पूरी मेहनत और लागत पर पानी फिर जाएगा। तापमान में वृद्धिः 26 अप्रैल को पारे में रिकॉर्ड बढ़ोतरी दर्ज की गई।उधर अघोषित बिजली कटौती ने किसानों और आम नागरिकों की मुश्किलें बढ़ाईं हैं। अत्यधिक गर्मी के चलते लगातार क्षेत्र में बड़ी मात्रा में अघोषित कटौती की जा रही है जिसके चलते किसानों के साथ स्थानीय नागरिकों को भी बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बिल्हौर कस्बे में कई घंटे तक विद्युत आपूर्ति ठप्प रही जिसके चलते लोग परेशान दिखे।उधर लू के चलते दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। स्थानीय प्रशासन और विद्युत विभाग से मांग की जा रही है कि कम से कम किसानों को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराई जाए ताकि फसलों को बचाया जा सके। फिलहाल, मौसम विभाग की मानें तो आने वाले कुछ दिनों तक गर्मी से राहत मिलने के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं।

## संत निरंकारी भवन में 29 लोगों ने उत्साह के साथ किया रक्तदान

**हमीरपुर।** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में संत निरंकारी सत्संग भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें ब्लड बैंक के अनुभवी चिकित्सक एवं उनकी टीम ने रक्तदाताओं की समुचित स्वास्थ्य जांच की।

शिविर में जिले के 29 निरंकारी भक्तों ने रक्तदान किया। वहीं 30 भक्तों को आवश्यकता पड़ने पर प्रार्थना पर रक्तदान के लिए पंजीकरण कराया।

संत निरंकारी मंडल के जिला संयोजक महात्मा क्रांति कुमार निरंकारी ने बताया कि बाबा गुरबचन सिंह की स्मृति में मानव एकता दिवस मनाया जा रहा है। रक्तदान की यह परंपरा पिछले चार दशकों से जारी है।

# सड़क हादसे में किदवई नगर के युवक की मौत, हत्या का आरोप

## कानपुर-अलीगढ़ हाईवे पर लालपुर गांव के पास हुआ हादसा, पुलिस कर रही जांच

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** कानपुर-अलीगढ़ हाईवे पर लालपुर गांव के पास शनिवार देर रात सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवक की जान चली गई। मृतक की पहचान कानपुर के किदवई नगर निवासी 40 वर्षीय शिवा के रूप में हुई है। परिजनों ने हत्या कर शव सड़क पर फेंके जाने की आशंका जताई है।

शिवा (40), पुत्र स्व. राधे गिहार, किदवई नगर के जूही गोशाला (हाता नंबर 13) का निवासी था और कपड़ों की फेरी लगाकर परिवार पालता था। परिजनों के अनुसार, शनिवार को वह अपने चचेरे भाई की शादी में शामिल होने के लिए ककवन (बिल्हौर) स्थित एक गेस्ट हाउस आया था। देर रात जब शिवा काफी देर तक गेस्ट हाउस में नज़र नहीं



शिवा।



गोपाल कटियार।

आया, तो परिजनों ने उसके मोबाइल पर फोन किया। फोन किसी राहगीर ने उठाया और बताया कि शिवा लालपुर गांव के पास हाईवे किनारे लहूलुहान हालत में पड़ा है। आनन-फानन में परिजन मौके पर पहुंचे और उसे एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हौर ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि यह महज एक दुर्घटना नहीं है। उनका कहना है कि शिवा किसी विवाद की बात कहकर नहीं निकला था, फिर भी उसकी मौत किन हालात में हुई, यह जांच का विषय है। उन्होंने हत्या कर शव को सड़क किनारे फेंके जाने का शक जाहिर किया है।

एसएसआई रवि शर्मा ने बताया मृतक के शरीर पर रगड़ और चोट के निशान हैं। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी है या स्कूटी अनियंत्रित होकर फिसल गई है। हेलमेट न पहनने के कारण सिर में लगी गंभीर चोट मौत का मुख्य कारण हो सकती है। मामले की जांच की जा रही है।

### अमिलिहा हादसे में बाइक सवार की भी मौत

**चौबेपुर।** क्षेत्र के अमिलिहा गांव के सामने नेशनल हाईवे परगत बुधवार शाम हुए सड़क हादसे में दो महिलाओं की मौत के बाद शनिवार देर रात एक और घायल की उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे में अब तक तीन लोगों की जान जा चुकी है। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। अमिलिहा गांव निवासी कुक्कू सिंह के बेटे हर्षित की बीते मंगलवार को शादी थी। बुधवार को बारात लौटकर आने के पश्चात शाम को परंपरानुसार परिवार की महिलाएं नव दंपति को साथ लेकर मंडप विसर्जन के लिए गांव के बाहर स्थित तालाब पर गई थीं। जहां से घर वापसी के दौरान एक तेज रफ्तार कार नें महिलाओं व एक बाइक सवार को टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में सुधा सिंह, प्रीति, कुसुम, मंजू, निधि, रिया व बाइक सवार गोपाल कटियार निवासी खजुरी, बिल्हौर गंभीर रूप से घायल हो गया था। हादसे में लड़के की चाची सुधा सिंह व बहन डोड़वा जमौली बिल्हौर निवासी कुसुम की उसी दिन मौत हो गई थी। इधर उपचार के दौरान शनिवार देर रात बाइक चालक गोपाल कटियार (24) की भी मौत हो गई।

# हमीरपुर में बाइकों की भिड़ंत में दो युवकों की मौत, मचा कोहराम




संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** मुस्करा थाना अंतर्गत खेरा मोड़ के पास रविवार को तेज रफ्तार दो बाइकों के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरे ने कानपुर जाते रास्ते में दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है।

मुस्करा थाने के हुसैना गांव निवासी जितेंद्र (18) पुत्र राम सिंह अपनी बाइक से हुसैना से इमिलिया की ओर जा रहा था। खेरा मोड़ पर सामने से आ रही एक अन्य तेज रफ्तार बाइक से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई। इस हादसे में जितेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी बाइक पर सवार संजय पुत्र शेरा जो हुसैना गांव का निवासी था गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से कानपुर रेफर किया गया। कानपुर में इलाज के दौरान संजय ने भी दम तोड़ दिया। मृतक जितेंद्र मेहनत मजदूरी करता था और अपने पिता की कृषि भूमि में भी सहयोग कर परिवार के भरण-पोषण में मदद करता था। उसके परिवार में मां झंडी बाई और तीन बहनें अर्चना, पूनम और प्रभा हैं। मुस्करा थाना प्रभारी ने बताया कि शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है। मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की गई जान

**मौदहा (हमीरपुर)।** कानपुर सागर हाईवे में हुई बाइक दुर्घटनाओं में एक अधेड़ व दो सगे भाइयों समेत चार घायलों को लहूलुहान हालत में सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने एक घायल को मृत घोषित कर दूसरे को जिला अस्पताल रेफर किया है।जनपद बांदा के थाना मटोंध के ग्राम जखौरा निवासी शारदा सिंह (50) पुत्र भगवानदीन गांव के ही जितेंद्र उर्फ जीतू सिंह (27) पुत्र रमेश कुमार के साथ जनपद से एक विवाह समारोह में शामिल होकर शनिवार देर रात बाइक से गांव लौट रहे थे। जीतू बाइक चला रहा था तभी हाईवे पर ग्राम नरायच के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।जिन्हें एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक ने शारदा सिंह को मृत घोषित कर दिया। जीतू की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कियाहै। इधर ग्राम मकराव निवासी लवलेश (3) व लालू (25) पुत्र लल्लू शनिवार रात मौदहा से एक कार्यक्रम में शामिल होकर बाइक से गांव लौट रहे थे। तभी राजमार्ग पर मौदहा व मकराव के बीच संतुलन बिगड़ने से दोनों गिरकर घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों की मदद से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# टैक्स की चोरी कर प्राइवेट बसों में लाया जा रहा सामान

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** दिल्ली से आने वाली डबल डेकर प्राइवेट बसों में घरेलू इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के सामानों की टैक्स चोरी कर कस्बे में लाकर खपाया जा रहा है। वाणिज्य कर विभाग की आंखों के नीचे यह खेल प्रतिदिन चल रहा है।

दिल्ली से बांदा, दिल्ली से महोबा, दिल्ली से मौदहा तक प्रतिदिन करीब दो दर्जन प्राइवेट सेक्टर की बसों का आना जाना है। इन बसों से प्रतिदिन घरेलू इलेक्ट्रॉनिक सामान टैक्स चोरी करके कब्जे में लाकर व्यापार किया जा रहा है। यह सभी बसें मुख्यालय से गुजर कर यहां तक आती है। राठ तिराहे पर वाणिज्य कर विभाग की सचल टीम की तैनाती भी रहती है। इसके बाद यह बसें छतों में सामान लादें उनकी आंखों के सामने से गुजर जाती है। लेकिन इनको सामान नजर नहीं आता। कस्बे में ज्यादातर बसें



बस से सामान को उतारते लोग।

सामान बांदा मार्ग में रानी लक्ष्मीबाई तिराहा के समीप उतारती हैं। यहीं से संबंधित दुकानदार सामान ले जाते हैं। रविवार को ऐसा ही नजारा कैमरे में कैद किया गया। मीडिया का कैमरा चलते ही बस के चालक, परिचालक व हेल्पर आदि के हाथ पैर फूल गए। सचल दल वाणिज्य कर अधिकारी प्रियदर्शी कटियार से बातचीत का प्रयास किया लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ।

# कीटनाशक की दुकानों पर छापे से हड़कंप, पांच नमूने लिए गए

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** शासन के निर्देश पर कृषि विभाग के अधिकारियों ने गुणवत्तायुक्त कीटनाशक रसायन की उपलब्धता कराने व निर्धारित दरों पर बिक्री करने को लेकर कीटनाशक रसायन विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान पांच नमूने संकलित किए गए।

तहसील मौदहा में उप कृषि निदेशक डॉ. प्रमोद कुमार ने पांच प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर दो कीटनाशक रसायनों के नमूने लिए। मेसर्स पंजाब बीज भंडार, कीटनाशी विक्रय बंद पाए मिलने पर स्टॉक, बिक्री, लेखा रजिस्टर, लाइसेंस एवं कैश मेमो प्रस्तुत न करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। तहसील राठ एवं सरीला में तहसीलदारों के साथ जिला कृषि अधिकारी डॉ. हरिशंकर



कीटनाशक की दुकान पर जांच करते अधिकारी। अमृत विचार

ने 11 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर दो नमूने संकलित किए। साथ ही सात विक्रेताओं को अनियमितताओं के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किए। तहसील सदर में जिला कृषि रक्षा अधिकारी डॉ. इंद्रेश कुमार गौतम ने दो प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दो नमूने लिए गए तथा अभिलेखों का रख-रखाव संतोषजनक न पाए जाने पर दोनों विक्रेताओं को चेतावनी नोटिस जारी किया गया। छापेमारी के दौरान सभी विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि वे रसायन बिक्री पर कैश मेमो अनिवार्य रूप से दें, स्टॉक रजिस्टर एवं बिक्री रजिस्टर अद्यतन रखें तथा रेट बोर्ड प्रदर्शित करें।

# यातायात पुलिस ने चेकिंग कर 270 वाहनों के किए चालान

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** पुलिस एवं यातायात पुलिस ने नियमों के प्रभावी अनुपालन, सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने तथा ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम के उद्देश्य से मोडिफाइड साइलेंसर, हूटर, काली फिल्म एवं प्रेशर हॉर्न के विरुद्ध अभियान चलाया।

चालान विभिन्न प्रमुख चौराहों, बाजार क्षेत्रों, संवेदनशील मार्गों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सघन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान वाहनों के दस्तावेजों की जांच के साथ-साथ वाहनों में लगाए गए अनधिकृत उपकरणों का भी निरीक्षण किया गया। अभियान के दौरान 270 वाहनों का चालान किया गया, जिनमें यातायात नियमों के विभिन्न उल्लंघन पाए गए। इनमें से ध्वनि प्रदूषण से संबंधित उल्लंघन के अंतर्गत 15 वाहनों का चालान किया गया। साथ ही कई वाहनों से मौके



वाहन की चेकिंग करती यातायात पुलिस।

पर ही अवैध/मोडिफाइड साइलेंसर एवं प्रेशर हॉर्न हटवाए गए तथा वाहन चालकों को भविष्य में इस प्रकार के उपकरणों का प्रयोग न करें। चेकिंग के दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया गया तथा उन्हें बताया गया कि मोडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न एवं हूटर का प्रयोग न केवल नियमों का उल्लंघन है।

**आयोजन** मुख्यमंत्री धामी ने वर्चुअल संबोधन में दीं आईएमए के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएं, आईएमए देहरादून का हुआ भव्य शपथ ग्रहण अधिवेशन

# पेशेवर हितों की रक्षा करने के साथ मानव सेवा का सशक्त मंच है आईएमए

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के डॉक्टरों का हौसला बढ़ाते हुए उनसे उत्तराखंड राज्य को चिकित्सा-स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रिम पंक्ति में खड़ा करने की उम्मीद जतायी है। मुख्यमंत्री ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) देहरादून शाखा द्वारा रविवार को देहरादून में आयोजित शपथ ग्रहण अधिवेशन को वर्चुअल संबोधित करते हुए नव-निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. महेश कुड़ियाल और सचिव डॉ. अंकित पाराशर समेत सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देने के साथ आईएमए को डॉक्टरों के पेशेवर हितों की रक्षा करने व




कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल और कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

मानव सेवा करने का एक सशक्त मंच करार दिया।

सीएम धामी ने अपने संदेश में कहा कि जिस समर्पण भाव से डॉक्टर्स अपने पेशे को अंजाम देते हैं वह प्रशंसनीय है, खासकर बीते दिनों चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी चिकित्सकों ने साहस, समर्पण और पूरे सामर्थ्य के साथ जो मरीजों की सेवा की वह गर्व का विषय है। इतना ही नहीं, जनसामान्य को जागरूक करने, नयी चिकित्सा पद्धति

**• कार्यक्रम में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ**

अपनाने और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने में भी उनका अहम योगदान है। सीएम धामी ने विश्वास प्रकट किया कि नयी कार्यकारिणी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ करेगी।

इससे पूर्व आईएमए देहरादून शाखा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने पद एवं दायित्वों का विधिवत शपथ ग्रहण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल और कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नए पदाधिकारियों पर संगठन को नई दिशा देने और समाज सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।कार्यक्रम में चिकित्सा क्षेत्र में हो रहे नवीनतम शोध, आधुनिक तकनीकों, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, चिकित्सा नैतिकता तथा समाज के प्रति चिकित्सकों की जिम्मेदारियों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि चिकित्सक केवल रोगों का उपचार करने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि जनस्वास्थ्य जागरूकता, रोग निवारण एवं समाज के समग्र स्वास्थ्य संवर्धन में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। वर्तमान समय में चिकित्सा पेशे की चुनौतियों का सामना करते हुए सेवा, समर्पण एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करना अत्यंत आवश्यक है।अधिवेशन के दौरान संगठन की गतिविधियों, सदस्य हितों, चिकित्सा पेशे की गरिमा, चिकित्सकों की सुरक्षा तथा जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही, नव-निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. महेश कुड़ियाल, सचिव डॉ. अंकित पाराशर, कोषाध्यक्ष डॉ. राहुल अवस्थी, संयुक्त सचिव डॉ. सिद्धांत खन्ना ने संगठन की गरिमा, एकता एवं सेवा भावना को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करने का संकल्प लिया। तथा आगामी वर्ष 2027 में अध्यक्ष पद के लिए डॉ. प्रवीण जिंदल का नाम चयनित किया गया। भारतीय चिकित्सा संघ, देहरादून शाखा के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की सफलता में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों, अतिथियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संगठन भविष्य में भी चिकित्सा समुदाय एवं समाज के हित में इसी प्रकार कार्य करता रहेगा।कार्यक्रम में महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखंड डॉ. सुनीता टम्टा, कुलपति दून यूनिवर्सिटी डॉ. सुरेखा डंगवाल, डॉ. आर के जैन, डॉ गीता खन्ना, पुनीत मित्तल, डॉ. संजय जैन, सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.

•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT

दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में

सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य

117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर

9889538233, 7880306999


## शहर में आज



- **ज्ञापन :** समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर का प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी को गाजीपुर घटना को लेकर ज्ञापन दोपहर 1 बजे।
- **मीट :** हीट स्ट्रोक को लेकर परेड स्थित आईएमए भवन में चिकित्सकों की प्रेस मीट दोपहर 2 बजे।
- **ट्रायल :** ग्रीनपार्क स्टेडियम में क्रिकेट छात्रावास का फाइनल सेलेक्शन ट्रायल सुबह 9 बजे।

# 'वेस्ट टू वेल्थ' मुहिम से गांवों में कचरा बना कमाई का जरिया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।

**अमृत विचार।** प्रदेश की योगी सरकार ग्रामीण इलाकों की सूरत बदलने के लिए तकनीक और प्रबंधन पर विशेष जोर दे रही है। इसके तहत गांवों में कचरा कमाई का जरिया बन रहा है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 में बिधनू विकास खंड की ग्राम पंचायत रमईपुर और बिल्हौर विकास खंड (तहसील परिसर के पास स्थित ग्रामीण क्लस्टर) में स्थापित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट ने कचरा प्रबंधन की एक नई राह दिखाई है। यहां स्थापित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट न केवल गांवों को गंदगी से मुक्त कर रही हैं, बल्कि पंचायतों के लिए आय का एक मजबूत जरिया भी बन गई हैं।

**32**
लाख रुपये का सरकारी निवेश, मशीनों से कचरे का वैज्ञानिक समाधान

**23.5**
टन प्लास्टिक वेस्ट का निस्तारण, 10 विकासखंडों को गंदगी से मुक्ति

**2.50**
लाख स्वच्छता शुल्क कलेक्शन, पंचायतें बनीं आत्मनिर्भरता का मॉडल



### इस तरह बदली गांवों की तस्वीर

- प्रदेश सरकार ने करीब 32 लाख रुपये लागत से इन आधुनिक केंद्रों को स्थापित किया है। पहले जिन गांवों की नालियां प्लास्टिक के कारण जाम रहती थीं और सड़कों के किनारे कूड़े के ढेर लगे रहते थे, वहां अब वैज्ञानिक तरीके से कचरे का निस्तारण हो रहा है। इन यूनिट्स में फटका, बेलिंग और श्रेडिंग जैसी आधुनिक मशीनें लगाई गई हैं, जो कचरे को उपयोगी कच्चे माल में बदलती हैं।

### 10 विकासखंडों का कचरा प्रबंधन एक साथ

- इस व्यवस्था की सबसे बड़ी खूबी इसका विशाल नेटवर्क है। रमईपुर यूनिट को सरसौल, घाटमपुर, भीतरगांव, पतारा और बिधनू विकासखंडों से जोड़ा गया है। वहीं, बिल्हौर देहात यूनिट कल्याणपुर, चौबेपुर, शिवराजपुर, बिल्हौर और ककवन की ग्राम पंचायतों का प्लास्टिक प्रबंधन संभाल रही है। आरआरसी सेंटर और प्लास्टिक मुक्त अभियानों के माध्यम से गली-गली से अपशिष्ट एकत्र कर इन यूनिटों तक पहुंचाया जाता है।

### डोर-टू-डोर कलेक्शन और जैविक खाद

- घरों और दुकानों से वसूले जाने वाले स्वच्छता शुल्क के माध्यम से अब तक करीब 2,50,000 रुपये की आय की जा चुकी है। इससे सफाई व्यवस्था का दैनिक खर्च अब पंचायतें खुद वहन कर रही हैं। इसके साथ ही गीले कचरे के निस्तारण के लिए वर्मी कम्पोस्ट और नाडेप पद्धति अपनाई गई है। तैयार खाद 15 से 20 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बेची जा रही है। अकेले रमईपुर में अब तक 2000 किलो से अधिक वर्मी कम्पोस्ट तैयार कर 25,000 रुपये की अतिरिक्त आय प्राप्त की गई है।

### कचरा निस्तारण में बनाया नया रिकॉर्ड

- पिछले माह मार्च तक रमईपुर में 12 टन और बिल्हौर देहात में 11.50 टन प्लास्टिक अपशिष्ट का निस्तारण किया जा चुका है। प्रोसेस किए गए इस प्लास्टिक को रीसाइक्लिंग और को-प्रोसेसिंग के लिए भेजा जा रहा है। स्थानीय कबाड़ी नेटवर्क के साथ भी बेहतर तालमेल बिठाया गया है ताकि कचरे का अधिकतम मूल्य मिल सके।

योगी सरकार का लक्ष्य गांवों को आत्मनिर्भर बनाना है। कचरा प्रबंधन को आय से जोड़ने का यह मॉडल न केवल स्वच्छता सुनिश्चित कर रहा है, बल्कि पंचायतों की वित्तीय स्थिति भी मजबूत कर रहा है। यह पहल प्रदेश की अन्य पंचायतों के लिए एक प्रेरणास्रोत है।

**– जितेंद्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी, कानपुर नगर।**

हमने विभिन्न विकासखंडों को इस एकीकृत प्रणाली से जोड़ा है, जिससे कचरा प्रबंधन बेहद प्रभावी हो गया है। स्थानीय नेटवर्क और बेहतर समन्वय की वजह से हम कचरे का सही मूल्य प्राप्त कर रहे हैं, जिसका सीधा लाभ पंचायतों के विकास कोष में जा रहा है।

**– मनोज कुमार, डीपीआरओ।**

## सिटी ब्रीफ

### नौबस्ता चौराहे पर टीआई-टीएसआई का हुआ सम्मान

**कानपुर :** नौबस्ता चौराहे पर लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरुक करने वाले यातायात निरीक्षक समीर खान एवं टीएसआई उपेंद्र यादव को गरीब ऑटो चालक राकेश कुमार सोनी की टीम द्वारा पटका पहनाकर एवं तुलसी का पौधा देकर उन्हें सम्मानित किया।

### गंगा घाटों पर चला स्वच्छता अभियान

**कानपुर :** राकेश कुमार सोनी ऑटो चालक द्वारा मां गंगा का साप्ताहिक स्वच्छता अभियान के अंतर्गत गोलाघाट, मैगजीन घाट, परमट घाट, सरसैया घाट, कोयला घाट पर अभियान चलाया गया जिसमें खंडित मूर्तियां, कपड़े, फूल माला, कांच की टूटी चूड़ियां आदि को हटाया गया। पूजा गौतम, मीना सक्सेना, नीतू गौतम आदि ने सफाई अभियान में भाग लिया।

### एक शाम दास्तान-ए-अशफाक उल्लाह

**कानपुर :** रविवार को कबीर फाउंडेशन एवं साहित्यिक पत्रिका अकार खुसरो एवं लोक सेवा मंडल के सहयोग से शास्त्री भवन खलासी लाइन में शहादत के 100 बरस पर दास्तान-ए-अशफाक उल्लाह के नाम से दास्तानगोई की एक शाम का आयोजन किया गया। इस मौके पर दास्तान के लेखक असगर मेंबहदी मौजूद रहे। संचालन खान अहमद फारुक ने किया। फरजाना मेंहदी, शहजाद मेंहदी, प्रताप साहनी, देवेंद्र श्रीवास्तव, आनंद शुक्ला, अनीता मिश्रा, शिव किशोर, भावना मिश्रा, अखलाक चिश्ती, शाहिद सलीम, शफीकुर्रहमान, अनिल, राजेश अरोड़ा आदि थे।

### बनियापुरवा के काली माता मंदिर मेले में शराबी युवकों के उत्पात से बिगड़े हालात

# नौटंकी में हुड़दंग रोकने पर पुलिस पर हमला, खेतों में दौड़ाकर पीटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नवाबगंज में पुलिस की लापरवाही व आधी-अधूरी तैयारी पुलिस कर्मियों को महंगी पड़ गई। बनियापुरवा के काली माता मंदिर मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम के नाम पर नौटंकी में शराब पीकर युवकों ने जमकर हुड़दंग किया। रोके जाने पर पुलिस पर ही हमलावर हो गए। जमकर मारपीट हुई। एक पुलिसकर्मी ने युवक के सिर पर डंडा मार दिया, जिससे उसका सिर फट गया। इसके बाद आक्रोशित लोग पुलिस कर्मियों पर टूट पड़े। सिपाहियों को खेतों में दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। दो पुलिस कर्मी गंभीर घायल हो गए। सूचना पर थाने से बड़ी संख्या में फोर्स पहुंचा। पुलिस ने बल का प्रयोग कर स्थिति पर काबू पाया। पुलिस ने तीन नामजद समेत 15 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

बनियापुरवा स्थित काली माता मंदिर पर शनिवार को मेला था। आसपास के गांवों से भी लोग आए थे। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम के नाम पर नौटंकी चल रही थी। काफी युवक शराब के नशे में घूम रहे थे। युवकों की टोली का आपस में विवाद हुआ तो मामला बढ़ गया। इस पर सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों ने रोकना चाहा तो हुड़दंगी युवक पुलिस पर हमलावर हो गए। इसी दौरान हाथापाई में पुलिस कर्मी ने एक युवक को डंडा मार दिया, जिससे उसका सिर फट गया। इस पर उग्र हुई भीड़ ने पुलिस कर्मियों को घेर लिया और खेतों में दौड़ाकर पीटना शुरू कर दिया। पुलिसकर्मियों ने थाने में खबर दी। भारी पुलिस बल पहुंचा और बल का प्रयोग कर हालात पर काबू पाया। पिटाई से दो पुलिसकर्मी गंभीर घायल हो गए।

**अनुमति से ज्यादा उमड़ी भीड़,सुरक्षा में पुलिस बल था कम:** इस घटना में पुलिस की लापरवाही दिखी। आयोजक ने जितनी भीड़ की परमिशन ली थी, उससे कहीं ज्यादा भीड़ हो गई। इसके मुकाबले पुलिस बल कम था। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने भी भीड़ के बारे में अधिकारियों को नहीं बताया। पुलिस के अनुसार करीब चार से पांच हजार की भीड़ थी। मेले में नौटंकी के आयोजन से उस तरफ भीड़ उमड़ी और नशेबाज युवकों ने बखेड़ा खड़ा कर दिया। युवकों के हुड़दंग को पुलिस ने शांत कराने का प्रयास किया तो स्थानीय लोग विरोध जताते हुए लाठी-डंडे लेकर आ गए।



बवाल के बाद पकड़े गए आरोपी। अमृत विचार

### वीडियो वायरल होने पर एकजुट हुई भीड़

- पुलिसकर्मी के डंडे से घायल युवक का किसी ने वीडियो बनाकर मेले में वायरल कर दिया। इससे ग्रामीण भड़क उठे और साथियों के साथ डंडा लेकर पहुंच गए। कटरी के मल्लाह व ग्रामीण एकजुट होकर आ गए और पुलिस टीम को चारों तरफ से घेरकर पीटना शुरू कर दिया।

### सीसीटीवी से हो रही आरोपियों की पहचान

- एडीसीपी सेंट्रल अर्चना सिंह ने बताया कि पुलिस पर हमला, मारपीट में तीन नामजद समेत 15 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। घायल सिपाही का इलाज चल रहा है। सीसीटीवी फुटेज से पुलिस पर हंगामा करने वालों की तलाश हो रही है। घायल सिपाही 33वीं वाहिनी पीएसी का अमर सिंह है। गिरफ्तार हमलावर धर्मेंद्र, विशाल व राजन हैं। तीनों से पूछताछ की जा रही है।

### खोदाई का जंजाल



शहर में एक दर्जन सड़कों का निर्माण सीएम ग्रिड योजना के तहत किया जा रहा है लेकिन कहीं भी काम समय से पूरा नहीं हुआ। स्थिति यह है कि काम की धीमी गति के कारण आवागमन में दिक्कत आ रही है। दूसरे सुरक्षा मानक भी पूरे नहीं किए जा रहे हैं। सड़क पर फैली मिट्टी प्रदूषण का कारण भी बन रही है। परेड की यह सड़क तो सिर्फ एक उदाहरण है। ऐसी कई सड़कें हैं जहां निर्माण तो हो रहा है पर सुरक्षा और प्रदूषण नियंत्रण के मानक ताक पर हैं।

## जाजमऊ में ऑटो पर गिरा स्ट्रीट लाइट का जर्जर पोल

**कानपुर।** जाजमऊ में केडीए चौराहे के पास एक जर्जर स्ट्रीट लाइट का पोल अचानक वहां से गुजर रहे ऑटो पर गिर पड़ा। हादसे में चालक बाल-बाल बच गया। खंभा सड़क पर गिरने से वाहन सवारों को निकलने में समस्या हुई। जाजमऊ निवासी ई ऑटो चालक राजू पुलिस चौकी चौराहे से केडीए चौराहे की तरफ आ रहा था। चौराहे से थोड़ा पहले जर्जर स्ट्रीट लाइट का खंभा अचानक गिर गया, इससे ऑटो क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में राजू को चोट नहीं आई।

## गंगा एक्सप्रेसवे के उद्घाटन में लोगों को पहुंचाएंगी 2600 बसें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 अप्रैल को हरदोई में गंगा एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन करेंगे। इस समारोह के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने कानपुर समेत यूपी के सभी परिक्षेत्र से 2600 बसें उपलब्ध कराने के दिशा निर्देश जारी किये हैं। इनमें कानपुर परिक्षेत्र की 300 से अधिक बसें शामिल हैं।

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के अपर प्रबंध निदेशक डॉ. विपिन कुमार मिश्र द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि 29 अप्रैल को गंगा एक्सप्रेसवे के लोकार्पण का कार्यक्रम एवं जनसभा में जनपद हरदोई, उन्नाव, कन्नौज एवं शाहजहांपुर से आने वाले लगभग 1 लाख से अधिक लोगों को जनसभा तक लाने एवं उन्हें वापस उनके गन्तव्य तक छोड़ने के लिए 2600 बसों का संचालन किया जाएगा।



# उड़ान से आठ घंटे पहले पहुंचें हज हाउस, विमान ने कराया इंतजार

**मुश्किल बढ़ी**

- रविवार दोपहर अमौसी से 2.20 के बजाय शाम 5.40 बजे टेकआफ हुआ विमान
- कानपुर के 52 हज आजमीन ने मदीना एयरपोर्ट के लिए रविवार को भरी उड़ान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों से हज की अदायगी करने के लिए काफिले की रवानगी हर दिन हो रही है। जो लोग पहुंच गये हैं, वह मदीना स्थित पैगंबर मोहम्मद साहब की मस्जिद-ए-नबवी में इबादत करने में जुट गये हैं लेकिन जो लोग अभी नहीं गए हैं, उनको कई मुश्किलों से गुजरना पड़ रहा है।

रविवार को चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट से दोपहर 2.20 बजे विमान को उड़ान भरनी था लेकिन हज आजमीन को हज कमेटी ने मैसेज दिया कि किसी कारणवश ये विमान सायं 5.40 बजे मदीना एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरेगा। रविवार को इस फ्लाइट में कानपुर से 52 आजमीन ने उड़ान भरी। उधर शनिवार को लखनऊ से उड़ान भरने वाले कानपुर के हज आजमीन ने मदीना स्थित मस्जिद नबवी से फोटो शेयर की है। इससे पूर्व हज आजमीन को उड़ान से 5 घंटे पहले लखनऊ स्थित हज हाउस पहुंचना होता था लेकिन इस साल उड़ान से 8 घंटे पहले हज हाउस पहुंचने का दिशा निर्देश जारी हुआ है। तंजीम खुद्दाम आजमीन-ए-हज के खुद्दाम सरदार खां का कहना है कि 8 घंटे वहां पहुंचने के चक्कर में कानपुर के लोगों को सुबह 6 बजे घर से निकलना पड़ रहा है। खाना पीना सब लेकर जाना पड़ रहा है।



मदीना स्थित मस्जिद नबवी में कानपुर के हज आजमीन अमृत विचार

## सुरेश गुप्ता चौथी बार एसपीसीए के सदस्य बने

**कानपुर।** पशुओं के प्रति संवेदनशीलता और संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने वाले कानपुर गोशाला सोसाइटी के उपसभापति सुरेश गुप्ता को चौथी बार एसपीसीए (सोसाइटी फॉर प्रिवेंशन ऑफ क्रुएल्टी टू एनिमल्स) का सदस्य मनोनीत किया गया है। यह नियुक्ति भारत सरकार के पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड के सुझाव पर की गई है। समिति में हैं, को स्थान दिया गया है।



समिति के अध्यक्ष जिलाधिकारी होंगे और उपाध्यक्ष के रूप में पुलिस आयुक्त के प्रतिनिधि कार्य करेंगे। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुराग सिंह और जिला वन अधिकारी सहित कई अन्य जिला स्तरीय अधिकारी भी सदस्य होंगे।

**बड़ी समस्या**

### अमेरिकी टैरिफ के बाद मिडिल ईस्ट में युद्ध से शहर से आधा रह गया निर्यात कारोबार

# निर्यातकों की मुसीबत 20 फीसदी डंप स्टॉक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पिछले कई महीनों से मिडिल ईस्ट में चल रहे तनाव और युद्ध के असर से शहर के निर्यात कारोबार में गिरावट आई है। पहले अमेरिकी टैरिफ और अब ईरान युद्ध के चलते शहर से होने वाला निर्यात लगभग 50 फीसदी तक प्रभावित हुआ है। निर्यातकों को माल भेजने, भुगतान मिलने और नए ऑर्डर पाने में लगातार दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। निर्यातकों के पास रुका स्टॉक भारी मात्रा में डंप हो गया है। ऐसा करीब 20 फीसदी फैक्ट्रियों में रुका स्टॉक निर्यातकों के लिए अब बड़ी मुसीबत बन गया है।

शहर से सबसे ज्यादा निर्यात अमेरिका को होता है। इसके बाद यूरोपीय देशों में निर्यातक अपने उत्पादों को भेजते थे। पहले अमेरिका की ओर से टैरिफ लगाए जाने से निर्यात प्रभावित हुआ। इसके बाद अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध से समुद्री मार्ग लगभग ठप पड़ा है। अमेरिका व यूरोपीय देशों में उत्पाद भेजना काफी कठिन व महंगा हो गया है। इस कारण कई देशों के खरीदारों ने अपना स्टॉक लेने से फिलहाल मना कर रखा है। विदेशी खरीदार दो से तीन महीने में स्टॉक लेने की बात निर्यातकों से कह रहे हैं। इस स्थिति में निर्यातक यह समझ नहीं पा रहे हैं कि डंप हुए स्टॉक को वे घरेलू बाजार में उतारें या रोक कर रखें। आर्डर क्लियर नहीं होने से निर्यातकों की पूंजी भी फंसी है। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट अर्रगनाइजेशन के सहायक निदेशक आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि निर्यातकों का स्टॉक ब्लॉक होने की स्थिति काफी चिंताजनक है। इसमें उनकी पूंजी भी फंसी है।

हालांकि अब धीरे-धीरे स्थितियां सुधर रहीं हैं। निर्यातक एफटीए वाले देशों के खरीदारों के संपर्क में हैं। उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही निर्यातकों को बड़े ऑर्डर मिल सकेंगे। इससे स्टॉक रुकने की समस्या का समाधान हो सकेगा।

स्टॉक रुकने की समस्या से सबसे अधिक छोटे निर्यातक परेशानी हैं। यूरोपीय व अमेरिकन क्वालिटी के बने उत्पाद का रेट घरेलू बाजार में कम होने से वे अपना माल घरेलू बाजार में उतारने से बच रहे हैं।



**20%**
स्टॉक रुकने से हो रही परेशानी

**22**
सौ निर्यातक मौजूदा हालत से हैं प्रभावित

**10**
हजार करोड़ का शहर से होता निर्यात

**35**
सौ करोड़ अमेरिका व यूरोप को निर्यात

### नई मैन्युफैक्चरिंग रुकी

- ऐसा निर्यातक जिनके पास पुराना स्टॉक पहले से ही मौजूद है उन्होंने मौजूदा ऑर्डर पर नई मैन्युफैक्चरिंग पर रोक लगा दी है। इस कदम पर निर्यातकों का कहना है कि अमेरिका और यूरोप के खरीदार जब तक अपने पुराने ऑर्डर पर कोई कंक्रीट निर्णय नहीं लेते हैं तब तक उनके ऑर्डर को होल्ड करना ही मौजूदा वक्त की जरूरत है। निर्यातक यह मानकर चल रहे हैं कि दो से तीन महीना में स्थिति पहले जैसी हो सकती है। ऐसे में वे विदेशी खरीदार के आर्डर पर निर्णय का इंतजार कर रहे हैं।

सिटी ब्रीफ

### रंजिश में इंजीनियरिंग छात्र को पीटा

**कानपुर।** चकेरी थाना क्षेत्र में एक इंजीनियरिंग छात्र ने आरोप लगाया है कि उनके कालेज में पढ़ने वाले छात्र ने साथियों के साथ मिलकर उसे सरेराह पीटा। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। मूलरूप से कुशीनगर के कसिया नटवलिया अहिरौली बाजार निवासी अजीत कुमार कनौजिया के अनुसार वह महाराजपुर के एक इंजीनियरिंग कॉलेज में बीबीए का छात्र है। वह अहिरवां में किराए पर पढ़ाई कर रहा है। अजीत ने बताया कि करीब चार साल पहले उनकी किसी बात को लेकर कॉलेज में पढ़ने वाले शिवखेड़ा निवासी दीपांशु वर्मा से कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद से दीपांशु उनसे रंजिश रखने लगा। बीते शनिवार वह खाना लेने हरजिंदर नगर चौराहे गया था, जहां पर दीपांशु अपने साथियों के साथ आया और गाली-गलौज कर उसे पीटने लगा। इसके बाद धमकी देकर भाग गया। थाना प्रभारी ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### निवेश के नाम पर ठगी करने वाला इनामी दंपती गिरफ्तार

**कानपुर।** रेलबाजार पुलिस ने शेयर, जमीन आदि में निवेश कर लोगों से लाखों की ठगी करने वाले दंपती को गिरफ्तार किया है। दंपती पर 25-25 हजार का ईनाम था। दोनों चार साल से फरार थे। आरोपियों को जेल भेजा गया है। रेलबाजार थाना प्रभारी अमान सिंह ने बताया कि वर्ष 2022 में महाराजपुर निवासी विपिन कुमार पांडेय ने मुकदमा दर्ज कराया था कि नौबस्ता के आवास विकास हंसपुरम निवासी संजय तिवारी और उनकी पत्नी शिवांगी ने व्यापार में निवेश करने के नाम पर ढाई लाख रुपये उनसे ले लिए थे। काफी समय बीतने पर जब उन्हें मुनाफा नहीं हुआ तो उन्होंने आरोपियों से रकम मांगी। इस पर आरोपी व उनकी साथी ईशा चावला ने फर्जी मुकदमे में फंसा देने की धमकी दी। जिसके बाद पीड़ित ने रेलबाजर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी पिछले चार साल से फरार चल रहे थे। डीसीपी पूर्वी ने दंपती पर 25-25 हजार का ईनाम घोषित किया था। आरोपी दंपती को पुलिस ने मुजफ्फरनगर के आनंदपुरी से गिरफ्तार किया है।

### करंट से किसान की हुई मौत

**कानपुर।** महाराजपुर में खेत में लगे ट्यूबवेल में करंट आने से किसान की चपेट में आकर मौत हो गई। सूचना पर परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। जानकारी पर महाराजपुर थाने का फोर्स मौके पर पहुंचा और घटना की जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बिठूर के सिकटिया पुरवा निवासी 50 वर्षीय देशराज खेती-किसानी करते थे। परिवार में पत्नी सीमा, बेटा गोलू, करन, अंकित बेटी संजोली है। गोलू ने बताया कि वह शनिवार झांसी में होमगार्ड भर्ती परीक्षा देने गया था। पिता सुबह खेत गए थे। 11 बजे बहन पिता को खाना देने गई थी, तब वह खेत पर थे। करीब एक बजे गांव के ही कुछ लोगों ने पिता के खेत में अचेत अवस्था में पड़े होने की सूचना दी। महाराजपुर थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृश्या करंट से मौत होना प्रतीत हो रहा है। वहीं परिजनों ने जांच की मांग की है।

# सोशल मीडिया, जनगणना जैसे सवालों में चकराए

## परीक्षा केंद्रों से बाहर निकल कर गूगल में सही जवाब खोजते दिखे अधिकतर परीक्षार्थी

यूपी होमगार्ड परीक्षा

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**अमृत विचार।** यूपी होमगार्ड भर्ती परीक्षा में अधिकतर अभ्यर्थी सामान्य अध्ययन के आसान सवालों में उलझकर रह गए। परीक्षा में शामिल होने वाले अधिकतर अभ्यर्थियों के पास स्मार्ट फोन था, बावजूद इसके प्रश्नपत्र में सोशल मीडिया को लेकर पूछे गए सवाल का सही जवाब नहीं दे पाए। रविवार को दूसरे दिन दोनों पालियों में कुल 38,400 में 9871 परीक्षार्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे।

पुलिस भर्ती बोर्ड ने होमगार्ड परीक्षा 25 से 27 अप्रैल तक आयोजित की है। प्रश्नपत्र में सोशल मीडिया से जुड़े एक प्रश्न में दिए गए विकल्पों में यह बताना था कि कौन सा प्लेटफार्म सोशल मीडिया का नहीं है। विकल्प के तौर पर व्हाट्सएप, टेलीग्राम, रेडिट व इन्डीड दिया गया था। लेकिन परीक्षा देकर केंद्रों से बाहर निकले अभ्यर्थियों में किसी ने टेलीग्राम किसी ने रेडिट तो किसी ने इन्डीड को अपना जवाब बताया। इसी तरह अभ्यर्थी कुंभ व अर्द्धकुंभ में अंतर स्पष्ट नहीं कर पाए। प्रश्नपत्र में पूछा गया था कि अर्द्धकुंभ मेला कितने वर्षों के अंतराल में लगता है। गोविंदनगर के दो सेंटरों पर हुई परीक्षा के अभ्यर्थी सही जवाब को लेकर 6 व 12 वर्ष की समयावधि के बीच अटक गए। इसी तरह पिछले वर्ष प्रयागराज में लगे महाकुंभ का जवाब 12 वर्ष के अंतराल पर लगना बताया। उत्तर प्रदेश के बारे में जानकारी भी अधिकतर को सही से नहीं पता थी। हालांकि जिन्होंने करंट अफेयर्स व अखबार को नियमित पढ़ा था, उन अभ्यर्थियों ने बताया कि पेपर सरल था। साल 2011 की जनगणना के अनुसार यूपी की साक्षरता पायदान, सिटी आफ विक्ट्री, पुलिस एसएचओ का पूरा पदनाम जैसे सरल प्रश्नों के सही जवाब कुछ ही अभ्यर्थी बता सके। नेगेटिव मार्किंग नहीं होने से कई अभ्यर्थियों ने जवाब में तुक्केबाजी का भी इस्तेमाल किया।


ट्रेन में चढ़ने को लेकर मारामारी। अमृत विचार


अभ्यर्थी की जांच करता पुलिसकर्मी। अमृत विचार

**38,400** को रविवार को देनी थी परीक्षा

**38,400** की परीक्षा आज सोमवार को

**9871** परीक्षार्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे

### 1,15,200 हैं कुल परीक्षार्थी, दो दिन में 20,009 अनुपस्थित

- शहर में होमगार्ड की लिखित परीक्षा के लिए 53 केंद्र बनाए गए हैं। रविवार को दूसरे दिन पहली पाली सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक चली। इस दौरान परीक्षा में 19,200 अभ्यर्थियों में से 14,126 ने ही परीक्षा दी जबकि 5074 अनुपस्थित रहे। दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक दूसरी पाली में भी 19200 में 4797 बच्चे शामिल नहीं हुए। सोमवार को अंतिम दिन भी दोनों पालियों में इतने ही परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा ली जाएगी। तीन दिनों में कुल 1,15,200 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होने हैं। लेकिन दो दिनों में अब तक 20,009 अभ्यर्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे हैं। 53-53 सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट, हर केंद्र पर दो सहायक केंद्र व्यवस्थापक बनाए गए हैं।

## ट्रेनों में परीक्षार्थियों ने किया कब्जा मारपीट और गाली-गलौज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आपातकालीन विंडो से अंदर घुसे अभ्यर्थी, रेलवे पुलिस को व्यवस्था बनाने में छूटा पसीना
- एसी कोच के यात्रियों ने अंदर से लॉक किए दरवाजे, प्लेटफार्मों पर हजारों ने बिताई रात

अमृत विचार। यूपी होमगार्ड परीक्षा के दूसरे दिन रविवार को भी परीक्षार्थियों का हुजूम सेंट्रल स्टेशन उमड़ा, जिससे रेलवे पुलिस को प्लेटफार्मों पर व्यवस्था बनाए रखने में पसीना छूट गया। परीक्षा देकर वापस घर जा रहे हजारों की संख्या में परीक्षार्थियों ने ट्रेनों के कोचों पर कब्जा कर लिया। ट्रेनों के दरवाजे तक ठसाठस भीड़ देख तमाम लोग किसी तरह आपातकालीन खिड़की से कोच के अंदर दाखिल हुए। कई परीक्षार्थी एसी कोच के अंदर घुस गये जिससे अफरातफरी मच गयी। यह हालात देखकर एसी कोच के दरवाजों को यात्रियों ने अंदर से लॉक कर लिया।

इससे पहले शनिवार रात हजारों की संख्या में परीक्षार्थी सेंट्रल स्टेशन पर पहुंचे। अधिकतर परीक्षार्थियों ने स्टेशन के प्लेटफार्मों और प्रतीक्षालय में चादर बिछाकर रात बिताई। इस दौरान कई परीक्षार्थी किताबें पढ़कर परीक्षा की तैयारी करते भी नजर आए। दूसरी तरफ परीक्षा दे चुके हजारों परीक्षार्थियों की भीड़ शाम से ही स्टेशन पर बढ़ने लगी। झांसी, प्रयागराज, चित्रकूट, फर्रुखाबाद की ओर जाने वाली कई ट्रेन में परीक्षार्थियों ने जबरन कब्जा कर लिया और कई ट्रेनों में भीतर घुसने के लिए मारपीट और गाली गलौज की नौबत आई। स्टेशन पर व्यवस्था बनाए रखने के लिए आरपीएफ पोस्ट के कंपनी कमांडर एसएन पाटीदार, जीआरपी प्रभारी ओम नारायण सिंह दलबल के साथ प्लेटफार्मों पर गश्त करते रहे। चित्रकूट एक्सप्रेस में जबरन घुसी परीक्षार्थियों की भीड़ को बाहर निकालने के लिए रेलवे पुलिस को काफी मशक्कत करना पड़ी।


सेंट्रल स्टेशन पर उमड़ी परीक्षार्थियों की भीड़। अमृत विचार

### झकरकटी बस अड्डे पर रिजर्व बसें लगाई

- रविवार देर शाम शहीद मेजर सलमान खान अंतर्राज्यीय झकरकटी बस अड्डे पर होमगार्ड परीक्षार्थियों की भारी भीड़ पहुंची। यहां भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए परिवहन अधिकारी मौजूद रहे। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक पंकज तिवारी ने बताया कि होमगार्ड परीक्षार्थियों के लिए 20 बसें रिजर्व रखी गयी थीं, जिससे कोई समस्या नहीं आई। सबसे ज्यादा सुल्तानपुर, रायबरेली, प्रतापगढ़, झांसी, उरई, महोबा, हमीरपुर, फतेहपुर, खागा, सैनी, भरुआ सुमेरपुर समेत क्षेत्र की बसों में भीड़ रही।


सेंट्रल स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था संभालती टीम। अमृत विचार

## लखनऊ-प्रयागराज, झांसी को चली एग्जाम स्पेशल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रविवार को होमगार्ड परीक्षार्थियों की भीड़ कम करने के लिए रेलवे ने एग्जाम स्पेशल ट्रेनें चलाई लेकिन इसके बाद भी ट्रेनों में भीड़ उमड़ी रही। हजारों परीक्षार्थी इन विशेष ट्रेनों को विभिन्न छोटे स्टेशनों पर भी ठहराव दिया गया था ताकि परेशानी नहीं हो।

मंडल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल के निर्देशन में प्रयागराज जंक्शन, कानपुर सेंट्रल एवं अन्य प्रमुख स्टेशनों में परीक्षार्थियों की सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी की गई। अधिकारियों द्वारा भीड़ की स्थिति, यात्री आवागमन तथा प्लेटफॉर्म व्यवस्था का अवलोकन किया जाता रहा।

### दी गई सुविधा

- प्रयागराज के लिए एग्जाम स्पेशल ट्रेन ने कानपुर सेंट्रल से दोपहर 1.12 बजे रवाना हुई। इस ट्रेन में 12 कोच लगाये गए थे जिसमें लगभग 1800 परीक्षार्थियों ने यात्रा की।
- प्रयागराज के लिए दूसरी एग्जाम स्पेशल ट्रेन कानपुर सेंट्रल से सायं 6.15 बजे रवाना की गई जिसमें 21 कोच लगाये गये थे और इस ट्रेन में 1800 से अधिक परीक्षार्थियों ने सफर किया।
- लखनऊ एग्जाम स्पेशल ट्रेन कानपुर सेंट्रल से सायं 6.30 बजे रवाना हुई, ये 12 कोच की गाड़ी थी, इसमें भी 1800 से अधिक परीक्षार्थियों ने यात्रा की।

## नकल कराने वाले प्रवक्ता व शिक्षक भेजे गए जेल

- होमगार्ड परीक्षा में एआई से नकल कराने का मामला

**कानपुर।** चुन्नीगंज बीएनएडी इंटर कालेज में परीक्षा कक्ष से बाहर प्रश्नप्रत्र भेजने के आरोपी रसायन शास्त्र विभाग के प्रवक्ता अखिलेश यादव ने पुलिस पूछताछ में केंद्र व्यवस्थापक व प्रिंसिपल पर दोनों शिक्षकों को कक्ष निरीक्षक बनाने का आरोप लगाया है। अखिलेश ऑल टीचर्स इंप्लाइज एसोसिएशन के प्रदेश संयुक्त मंत्री भी हैं। पुलिस ने उन्हें जेल भेज दिया। प्रवक्ता पर एक अभ्यर्थी को अनुपस्थित कराने के साथ ही फर्जी कक्ष निरीक्षक बनवाने और एआई से उत्तर तलाशने का भी आरोप है। केंद्र व्यवस्थापक व प्रिंसिपल भी पुलिस जांच के दायरे में हैं।

बीएनएसडी इंटर कालेज में शनिवार को होमगार्ड भर्ती परीक्षा की दूसरी पाली शुरू होने से पांच मिनट पहले एक व्यक्ति परीक्षा कक्ष की तरफ से बाथरूम की ओर जाते दिखा था। पुलिसकर्मियों व सेक्टर मजिस्ट्रेट को संदेह होने पर उसे रोककर तलाशी ली तो उसके पास से प्रश्नपत्र निकला। उसने अपना नाम रावतपुर गांव निवासी संदीप चंद्र विश्वकर्मा बताया था। उसने कहा कि उसे दूसरे कक्ष के निरीक्षक केशवपुरम निवासी निर्मल कुमार ने प्रश्न पत्र दिया है। निर्मल से पूछताछ कर पुलिस ने ऑल टीचर्स इंप्लाइज एसोसिएशन के प्रदेश संयुक्त मंत्री और बीएनएसडी इंटर कालेज के लेफ्टिनेंट एनसीसी अखिलेश यादव को भी पकड़ा। जांच में यह भी सामने आया कि अखिलेश ने निर्मल और संदीप को फर्जी तरीके से कक्ष निरीक्षक बनाया था। दोनों उसी विद्यालय में ट्यूशन टीचर हैं। अखिलेश ने अपने एनसीसी कक्ष में एक मोबाइल और मिनी पॉकेट प्रिंटर रखा था। संदीप व निर्मल ने बताया कि प्रश्न पत्र की फोटो खींचकर एआई के माध्यम से उसके उत्तर प्रिंटर से निकालकर अभ्यर्थी की ओएमआर शीट में उत्तर भरने थे।


महिला को ले जाता जवान। अमृत विचार


मकान से उठतीं आग की लपटें। अमृत विचार

## आग में जीने के रास्ते से बचाई जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ऊपरी मंजिल में रहने वाले लोग अफरा-तफरी के बीच सीढ़ियों से उतरे
- फायर जवानों ने पांचवीं मंजिल पर फंसे दो बुजुर्ग लोगों को बाहर निकाला
- लाखों रुपये का इलेक्ट्रानिक्स सामान पानी पड़ने से भीगकर हुआ बर्बाद

**11.45** बजे रात में लगी सागर मार्केट में आग

**अमृत विचार।** माल रोड स्थित प्रदेश की सबसे बड़ी इलेक्ट्रानिक्स मार्केट में पीछे की ओर बने जीने ने कई परिवारों की जिंदगी बचा ली, वरना बड़ा हादसा हो जाता। इसी जीने के रास्ते से पांचवीं मंजिल तक फंसे लोगों को क्षेत्रीय लोगों की मदद से फायर ब्रिगेड के जवानों ने बाहर निकाल लिया। हालांकि आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड द्वारा पांच दमकल गाड़ियों से लपटों पर पानी फेंकने के कारण करोड़ों रुपये का सामान गीला होकर बर्बाद हो गया।

शनिवार रात करीब 11.45 बजे कराचीखाना स्थित सागर मार्केट में आग लगी। यहां ग्राउंड फ्लोर पर पूरी मार्केट है। सेकेंड फ्लोर पर इलेक्ट्रानिक और मोबाइल की दुकानों के साथ माल और पार्टस के गोदाम बने हुए हैं, जिनमें करोड़ों रुपये का सामान भरा रहता है। मार्केट की इसी दूसरी मंजिल पर बबलू का मोबाइल पाट्र्स और एसीसिरीज का गोदाम है। अनुमान है कि इसी गोदाम के अंदर शार्ट सर्किट से आग लगी जिसने देखते ही देखते विकराल रुप ले लिया। गोदाम से धुआं निकलते देख क्षेत्रीय लोगों ने कुछ दुकानदारों को फोन पर जानकारी दी।

दुकानदारों ने क्षेत्रीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। लाटूश रोड फायर स्टेशन से दो दमकल की गाड़ियों के साथ फायर जवान पहुंचे। लेकिन आग की भयावह को देखते हुए फजलगंज से भी दमकल गाड़ी मंगाई गई। इस दौरान ऊपरी मंजिल पर रहने वाले कुछ लोग तो सीढ़ियों के रास्ते नीचे आ गए, लेकिन दो लोग ऊपर फंस गए। फायरमैन आदर्श कुमार ने मार्केट के ऊपरी मंजिल पर रहने वाले सरोज गुप्ता और सरला गुप्ता को सुरक्षित बाहर निकाला।

### मार्केट में फैला बिजली तारों का जंजाल

- सागर मार्केट के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल का कहना है कि मार्केट के ग्राउंड फ्लोर पर मोबाइल और इलेक्ट्रानिक्स सामान की दुकान हैं। उनका आरोप है कि मार्केट के आसपास बिजली के तार बेतरतीब तरीके से फैले हुए हैं, कई बार केस्को से इस बाबत शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई समस्या का समाधान नहीं हुआ है।


राजनीति

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रधानमंत्री पर साधा निशाना

# भाजपा के लिए महिला सम्मान सिर्फ दिखावा : अजय

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय रविवार को शहर पहुंचे। जाजमऊ स्थित चेकपोस्ट पर नगर और ग्रामीण अध्यक्षों के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ दोनों नेताओं का जोरदार स्वागत किया। मीडिया से बातचीत में अजय राय ने महिला आरक्षण बिल को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए इसे राजनीतिक चाल बताया और आरोप लगाया कि भाजपा महिलाओं के सम्मान की बात केवल दिखावे के लिए करती है। इसे लेकर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निजी टिप्पणी भी की। यशोदा बेन का उल्लेख करते हुए भाजपा की नीतियों पर सवाल उठाए। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कानपुर के 11 वर्षीय किशोर की लखनऊ के एक गुरुकुल में हुई हत्या का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं और आम जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। अजय राय ने आरोप लगाया कि भाजपा शासन में गुंडाराज कायम होने से कानून व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह चरमरा गई है।


अभिवादन करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय। अमृत विचार

### फूल-मालाओं के साथ दोनों नेताओं का स्वागत

- कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रभारी अविनाश पांडेय और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का जाजमऊ गंगा पुल पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाध्यक्ष संदीप शुक्ला ने किया। कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से दोनों नेताओं का अभिनंदन किया। संदीप शुक्ला ने कहा कि यह स्वागत कार्यक्रम कांग्रेस की एकजुटता और संगठन की ताकत का प्रतीक है। अबु हुरैरा खान, अंकित कन्नौजिया, संदीप मिश्रा, विवेक दीक्षित, शिवम पटवा, विशांत यादव, इखलाक डेविड, शिराज खान मौजूद रहे।

### जाजमऊ गंगापुल पर लगा लंबा जाम

- कार्यकर्ताओं के बीच नेताओं के स्वागत की होड़ से जाजमऊ गंगापुल पर लंबा जाम लग गया। उन्नाव से कानपुर आने वाले पुल मार्ग पर सैकड़ों वाहन जाम में फंस गए। इस दौरान बस यात्रियों और कार सवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। एनएचआई की पेट्रोलिंग टीम और पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद जाम खुलवाकर यातायात सामान्य कराया।

## फोन पर पत्नी से विवाद के बाद युवक ने दी जान

**कानपुर।** गोविंदगनगर में युवक ने फोन पर पत्नी से विवाद के बाद फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। दोस्त जब मिलने कमरे में पहुंचा तो युवक का शव लटका देखकर सन्न रह गया। उसने परिजनों के साथ पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम भेजा।

रामआसरे नगर निवासी 27 वर्षीय गोलू गुप्ता नमकीन की फेरी लगाता था। परिवार मां प्रमिला, पत्नी वंदना व दो बच्चे लाडो और आरव हैं। बहनोई गोपाल ने बताया की वंदना के भाई की पांच मई को शादी है। जिसके चलते वह मायके आजमगढ़ चली गई थी। शनिवार पत्नी ने फोन किया और दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद उसने कमरे में पंखे से दुपट्टा बांधकर फांसी लगा ली। देर रात तक गोलू का फोन नहीं उठा तो उसका साथी हरीशचंद्र कमरे पर पहुंचा। जहां दरवाजा अंदर से बंद पाया। काफी देर तक गेट खटखटाने के बाद जब झांककर देखा। शव फंदे से लटका मिला।

## धमकाकर खुलवाया था फर्जी फर्म का खाता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 1600 करोड़ रुपये के लेनदेन में फरार चल रहे महफूज समेत उसके साथियों के खिलाफ रिपोर्ट

**अमृत विचार।** 1600 करोड़ के अवैध लेनदेन मामले में फरार चल महफूज आलम उर्फ पप्पू छूरी के खिलाफ युवक ने चकेरी में रिपोर्ट दर्ज कराई है। युवक के अनुसार आरोपी महफूज ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसे डराया धमकाया। आरोपियों ने उसके कागजात लेकर फर्जी फर्म व खाता खुलवाया। खाते से अवैध लेनदेन किया। युवक ने महफूज के कारनामों को सुना तो उसने शिकायत की।

जूही के परमपुरवा निवासी निखिल कुमार के अनुसार वह बसंतनगर में एक प्रिंटिंग प्रेस में काम करता है। पीड़ित ने बताया कि अक्टूबर 2025 में उनके दोस्त शिवा ने उन्हें लालच दिया कि उसकी पहचान के दो लोग आकाश और नितिन कबाड़ का काम करते हैं। दोनों कबाड़ के काम में अच्छी रकम कमवा सकते हैं। दोस्त होने के नाते वह आरोपी की बातों में आ गया। इसके बाद दोस्त शिवा ने आकाश व नितिन से मिलवाया। आरोपियों ने उन्हें एक फर्म बनाकर खाता खुलवाने की बात कही। साथ ही उनके खाते समेत मोबाइल नंबर नितिन के पास रखने को कहा। इस पर निखिल को संदेह हुआ तो उस समय उन्होंने फर्म व खाता खुलवाने से मना कर दिया। फिर आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए उसे जबरन रामादेवी स्थित एक्सिस बैंक ले गए। जहां डरा धमकाकर उसके दस्तावेजों से स्क्रैप की फर्जी फर्म रवि इंटरप्राइजेज खुलवाई। आरोपियों ने महफूज आलम उर्फ पप्पू छूरी व महताब आलम का नाम लेकर डराया। करीब एक हफ्ते के बाद आरोपियों ने फिर से उन्हें धमकाते हुए रामादेवी एक्सिस बैंक बुलवाया। जहां पर महफूज और महताब भी मौजूद थे। उन लोगों ने उनके आधार कार्ड का उपयोग कर खाता खुलवाया।

सिटी ब्रीफ

## खो-खो में विजेता बना दीनदयाल स्कूल

**कानपुर।** बिठूर रोड स्थित गौरव मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय कानपुर सहोदया स्कूल्स खो-खो प्रतियोगिता का समापन रविवार को हुआ। प्रतियोगिता के अंतिम दिन मुख्य अतिथि के रूप में खो-खो संघ के महासचिव विपिन सोनकर उपस्थित रहे। फाइनल मुकाबला पंडित दीनदयाल स्कूल और विन्यास पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया। पंडित दीनदयाल स्कूल ने ट्रॉफी जीती। जबकि विन्यास पब्लिक स्कूल उपविजेता रहा। स्कूल की प्रबंध निदेशिका आरती कटियार और सीनियर कोऑर्डिनेटर अनिकेत तिवारी ने खिलाड़ियों के अनुशासन और खेल भावना की सराहना की।

## सांगा ने चार सड़कों का लोकार्पण किया

**कानपुर।** बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने रविवार को भीतरगांव ब्लॉक के साढ़ गांव में विधायक निधि से लगभग 11.35 लाख रुपये की लागत से बनी 180 मीटर सीसी रोड का उद्घाटन किया गया। इसके बाद मनियापुर में करीब 15 लाख रुपये की लागत से 209 मीटर तथा सुंदरपुर में 16 लाख रुपये की लागत से 225 मीटर सीसी सड़क का लोकार्पण किया गया। वहीं मोहसिनपुर में मंडी समिति द्वारा निर्मित करीब 45 लाख रुपये की लागत की एक किलोमीटर लंबी डामर सड़क का भी उद्घाटन किया गया। लोकार्पण के बाद ग्रामीणों ने विधायक का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में दिलीप सैनी, लल्ला सिंह, शिवमोहन तिवारी, अनूप दुबे, राजू परिहार, उमेश बाजपेई, सौरभ सचान, अश्वनी अग्निहोत्री, धर्मराज सिंह चौहान, रमाशंकर पासवान और अंकित पासवान आदि रहे।

## 8 और 9 मई को नार्थ जोन ताइक्वांडो

**कानपुर।** बिशप बेस्टकॉट स्कूल सिविल लाइन और डॉ वीरेंद्र स्वरूप पब्लिक स्कूल सिविल लाइन के संयुक्त तत्वाधान में 8 और 9 मई को सीआईएसई नार्थ जोन ताइक्वांडो प्रतियोगिता बिशप बेस्टकॉट स्कूल सिविल लाइंस में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में कानपुर नॉर्थ जोन के अंडर 14, 17 और 19 आयु वर्ग के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

## मातृ शक्ति ने सुनी पीएम के मन की बात

**कानपुर।** मन की बात के 133वें संस्करण को भाजपा कानपुर उत्तर की मातृ शक्ति ने सीसामऊ विधानसभा के बूथ संख्या 120 पर सामूहिक रूप से सुना। जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित ने कहा कि मन की बात देशवासियों को प्रेरणा व राष्ट्र निर्माण में भागीदारी का अवसर देता है। इस दौरान जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा व जिला महामंत्री प्रमोद विश्वकर्मा मौजूद रहे।

# शहर के ऊपर फंसी गर्म हवा, पारा पहुंचा 44 के पार

चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हीट डोम बनने से गर्मी का सितम पहुंचा चरम पर, आसमान से बरस रही आग
- रविवार को छुट्टी का दिन होए से घरों में दुबके रहे लोग, सड़कों पर छाया सन्नाटा

**अमृत विचार।** शहर में गर्मी का सितम चरम पर पहुंच रहा है। तेज धूप के साथ शुष्क हवा ने लोगों को बेदम कर रखा है। रविवार को मौसम विभाग की ओर से अधिकतम तापमान 44.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। यह सामान्य से 5.3 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। शहर में अप्रैल महीने के अंतिम में तेज गर्मी की वजह मौसम विशेषज्ञ हीट डोम बनना बता रहे हैं। उनका कहना है कि वायुमंडल में उच्च दबाव का क्षेत्र बनने की यह स्थिति बनी है। ऐसी स्थिति फिलहाल पूरे कानपुर मंडल की है। मौसम विशेषज्ञों ने यह बताया कि हीट डोम एक ऐसी मौसमी स्थिति है, जो तब बनती है जब वायुमंडल में एक उच्च दबाव का क्षेत्र किसी विशेष स्थान के ऊपर ''ढक्कन'' या ''गुंबद'' की तरह काम करता है। यह गर्म हवा को एक ही जगह फंसा देता है, जिससे वहां की जमीन और हवा लगातार गर्म होती रहती है। देश में वर्तमान भीषण गर्मी और हीटवेव का प्रमुख कारण यही हीट डोम बना है। यह हीट डोम उच्च दबाव का क्षेत्र गर्म हवा को ऊपर उठने से रोकता है। ऊपर से आने वाला दबाव गर्म हवा को नीचे की ओर धकेलता है, जिससे हवा कंप्रेस होकर और अधिक गर्म हो जाती है। इसके अलावा हवा के नीचे की ओर दबाव के कारण बादल नहीं बनते, जिससे सूरज की सीधी किरणें जमीन पर पड़ती हैं और तापमान 45 से 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। अप्रैल-मई में सूर्य की किरणें सीधी होती हैं और जब इसके साथ हीट डोम मिल जाता है, तो गर्मी चरम पर पहुंच जाती है।

**दोपहर में घर से बाहर नहीं निकलें:** धूप में बाहर जाने से बचें खासकर दोपहर 11 बजे से शाम 3 बजे के बीच बाहर न निकलें। प्यास न लगने पर भी पर्याप्त पानी और तरल पदार्थ पिएं। दिन के समय खिड़कियां बंद रखें और पर्दे गिराकर रखें। ढीले-सूती हल्के रंग के कपड़े पहनें।


सूरज की तपिश से बचने का उपाय करतीं युवतियां अमृत विचार

### बुजुर्ग व बच्चों का रखें खास ख्याल

- कानपुर नर्सिंगहोम एसोसिएशन प्रेसिडेंट डॉ. महेंद्र कुमार सरावगी ने बताया कि गर्मी में अचानक बढोतरी से बच्चों व बुजुर्गों में डिहाईड्रेशन से बचाव के उपाय करने चाहिए। खासतौर पर भोजन के साथ ही दिन में कई बार उन्हे पानी पिलाते रहना चाहिए। परिवार की ओर से पूरी कोशिश करना चाहिए कि बुजुर्गों व बच्चों के शरीर में पानी की कमी न हो। डॉक्टर गर्मी की तपिश में बीपी और शुगर के मरीजों को भी सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं। उनका कहना है कि ऐसे मरीज अपने शरीर का खास ख्याल रखें। किसी भी सूरत में पानी की कमी शरीर को न होने दें। थोड़ी-थोड़ी देर में कुछ खाते रहें। पेट को खाली न छोड़ें। दवाएं नियमित लेना चाहिए।

### इस तरह बढ़ा तापमान

- शहर में 17 अप्रैल को तापमान ने 40 डिग्री सेल्सियस का आंकड़ा छूआ था। 20 अप्रैल को तापमान 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इसके बाद 24 व 25 अप्रैल को तापमान 43 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जबकि 26 अप्रैल को यह बढ़कर 44.1 रिकॉर्ड किया गया।

### कल से मौसम बदलने के आसार

- मौसम विभाग के अनुसार, 28 अप्रैल से पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम में बदलाव आने की उम्मीद है, जिससे कुछ जगह पर गरज-चमक के साथ बारिश होने एवं तेज हवाएं चलने की संभावना है। यह सिलसिला पहली मई तक जारी रहने की संभावना है।

## तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से टेंट कारोबारी की मौत

**कानपुर।** महाराजपुर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार में बोलेरो ने टेंट कारोबारी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कारोबारी की मौत हो गई। पुलिस ने घटना की जांच कर शव पोस्टमार्टम भिजवाया।

रूमा निवासी 32 वर्षीय रामचंद्र टेंट कारोबारी थे। परिवार में पत्नी रीना, दो बच्चे रुद्र व बेटी त्रिशा हैं। पिता बृजलाल ने बताया कि शनिवार को रामचंद्र एक शादी समारोह में टेंट व डीजे लगवाने के बाद काम देखने गए थे। वापस आते समय प्रयागराज की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने उन्हें टक्कर मार दी। बोलेरो की टक्कर से वह करीब दस फीट उछलकर सिर के बल सड़क पर जा गिरे, भागने के प्रयास में चालक ने उन्हें कुचल दिया। समीप के अस्पताल से डॉक्टरों ने कांशीराम रेफर कर दिया। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

**कामयाबी :** एचबीटीयू के वैज्ञानिकों ने खोजा बड़ी समस्या का समाधान, पेटेंट भी कर लिया हासिल

# पनकी में कूड़ा डंपिंग यार्ड से प्रदूषित नहीं होगा भूगर्भ जल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहरों के बाहर बने कूड़ा स्थलों से निकलने वाला प्रदूषण अब भूगर्भ जल को प्रदूषित नही कर पाएगा। इसके समस्या का एचबीटीयू के वैज्ञानिकों ने सरल उपाय खोजा है, जो सस्ता और बेहद कारगर है। उनकी इस शोध को 20 का सालों का पेटेंट हासिल हो गया है। शोध में खोजे गए रसायन के उपयोग से पनकी के भाऊसिंह में बने डंपिंग साइट्स जैसे स्थान पर काला जहरीला तरल अब बड़ी समस्या नहीं रहेगा।

हरकोर्ट बटलर तकनीकी विश्वविद्यालय (एचबीटीयू) के वैज्ञानिक प्रो. दीपेश सिंह ने ऐसा समाधान तैयार किया है, जो डंपिंग साइट्स के नीचे भूजल को सुरक्षित रखने में मदद करेगा। इसमें महंगे विदेशी मैटीरियल की जगह काली मिट्टी का इस्तेमाल किया गया है। कई सालों की मेहनत के बाद उन्हें सफल परिणाम मिले हैं। प्रो. दीपेश सिंह ने बताया कि डंपिंग साइट्स पर रोजाना टनों में गीला और सूखा कूड़ा फेंका जाता है। जब यह कूड़ा सड़ता है तो उससे एक गाढ़ा काले रंग का जहरीला तरल निकलता है, जिसे लीचेट कहा जाता है।

यही लीचेट धीरे-धीरे जमीन के अंदर जाता है और भूजल को दूषित कर देता है। कई जगहों पर यही पानी हैंडपंप, बोरिंग और कुओं तक पहुंच जाता है। इससे लोगों की सेहत पर बुरा असर पड़ता है। त्वचा रोग, पेट की दिक्कतें और कई गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। शहर में पनकी स्थित भौंती डंपिंग साइट में इस समस्या को देखते हुए शोध शुरू किया गया था। टीम ने वहां के लोगों से बात की और हालात समझे. बारिश के मौसम में लीचेट ज्यादा मात्रा में निकलता था, जिससे परेशानी और बढ़ जाती थी। वैज्ञानिकों ने शोध में बुंदेलखंड क्षेत्र की काली कपास मिट्टी का इस्तेमाल किया। इस मिट्टी की खासियत यह है कि यह पानी और जहरीले तत्वों को नीचे जाने से रोकने में कारगर साबित हुई. इसे तकनीकी तरीके से तैयार कर एक नई सुरक्षात्मक परत बनाई गई, जिसे डंपिंग साइट्स के नीचे बिछाया जा सकता है।


पनकी भव सिंह स्थित कूड़ा डंपिग यार्ड। अमृत विचार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 12.75 लाख घन मीटर कूड़ा एकत्र भवसिंह में | 1500 टन रोजाना कूड़ा शहर से निकलता है | 1300 टन रोजाना कूड़े की उठान होती है | 200 टन कूड़ा रोज शहर में छूट जाता है | 110 वार्डों में सफाई के जरिए निकलता कूड़ा |


इस तरह काम करती तकनीक। अमृत विचार

### जियोसिंथेटिक क्ले लाइनर से काफी सस्ता है उपाय

प्रो दीपेश सिंह ने यह बताया कि अब तक कई जगह जियोसिंथेटिक क्ले लाइनर नाम का महंगा मैटीरियल इस्तेमाल होता था। इसमें कई परतें लगाई जाती थीं और इसकी लागत भी ज्यादा होती थी। लेकिन एचबीटीयू की टीम ने इसका आसान और कम खर्च वाला विकल्प तैयार कर दिया। यह तकनीक डंपिंग स्थलों पर लागू करने से जमीन के नीचे का पानी काफी हद तक सुरक्षित रह सकेगा।


प्रो दीपेश सिंह।

# अधिकारी, न तकनीशियन बसें भी चला रहे किराये पर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- सेवानिवृत्त एआरएम के बाद अब तकनीशियन की दोबारा भर्ती
- निजी बस संचालक भी जल्दी अपने वाहन अनुबंधित नहीं करा रहे

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में जो अधिकारी व कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं, उनके साथ पर नई भर्ती नहीं होने से बसों के संचालन और रखरखाव में बड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। विकास नगर डिपो में एसी बसों का ठीक से मेंटीनेंस नहीं होने के कारण चालक, परिचालक रोज नाराजगी जताते रहते हैं।

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के पास डिपो और बस अड्डों की देखरेख के लिए एआरएम से लेकर नीचे के स्तर पर कर्मचारियों की भारी कमी हैं। इसे देखते हुए परिवहन निगम ने कई सेवानिवृत्त सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को संविदा पर तैनात किया है, जिनका वेतन 45000 से 80,000 रुपये तक है, लेकिन इसके बाद भी बस सेवाओं के संचालन में कोई सुधार नहीं आया है। इसी तरह बसों के रखरखाव के लिए तकनीशियन की कमी देखते हुए सेवानिवृत्त हो चुके तकनीशियन को दोबारा ड्यूटी पर लिया गया है, इनका वेतन 18000 रुपये तक है।

**एसी बसों की हर रूट पर बढ़ी मांग निजी बसें अनुबंधित करने को टेंडर:** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम अपनी कार्यशाला में बसों का निर्माण कराता रहा है, लेकिन अब विभाग बनी बनाई बसें खरीद रहा है और सैकड़ों की संख्या में छोटी बसों को कंपनी से किराये पर ले रखा है। वर्तमान में विभाग के पास एसी बसों की कमी है, जबकि भीषण गर्मी में एसी बसों की मांग हर रूट पर है। ऐसे में परिवहन अनुबंधित एसी बसें लगाने के लिए टेंडर कर रहा है।

> परिवहन विभाग में जो अधिकारी या कर्मचारी रिटायर हो रहे हैं, उनके स्थान पर नई भर्ती नहीं होने से दिक्कत आ रही है। इस समस्या को देखते हुए मुख्यालय ऐसे अधिकारियों, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों, तकनीशियनों की भर्ती कर रहा है जो सेवानिवृत्त हो चुके हैं।
>
> -महेश कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक, कानपुर परिक्षेत्र, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम।

## बेकाबू डंपर की टक्कर से ई-रिक्शा सवार की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नौबस्ता गल्ला मंडी के पास हादसा, रिक्शा चालक गंभीर घायल, डंपर चालक हुआ फरार

**अमृत विचार।** हनुमंत विहार में तेज रफ्तार डंपर ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में चालक व रिक्शा सवार सब्जी विक्रेता गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तत्काल समीप के अस्पताल भेजा गया, जहां से डॉक्टरों ने हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान हैलट में सब्जी विक्रेता की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।


गोविंदबाबू।

बर्रा-आठ निवासी 50 वर्षीय गोविंद बाबू सब्जी कारोबारी थे। परिवार में पत्नी रामसती, बेटा अवधेश व नरेंद्र हैं। अवधेश के अनुसार रविवार सुबह पांच बजे पिता घर से सब्जी खरीदने नौबस्ता मंडी गए थे। पिता मंडी से थोक में सब्जी लाकर क्षेत्र में दुकान लगाकर फुटकर में बेचते थे। रविवार को पिता ई-रिक्शा बुक करके सब्जी ला रहे थे।

हनुमंत विहार के पाल चौराहा के पास तेज रफ्तार डंपर ने पीछे से ई-रिक्शा में टक्कर मार दी, जिससे रिक्शा पलट गया। चालक व पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। वह पीछे से बाइक पर आ रहा था। लोगों की मदद से पिता व चालक को समीप के अस्पताल ले गए और सूचना पुलिस को दी। अस्पताल में डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखकर हैलट रेफर कर दिया। हैलट में डॉक्टरों ने पिता को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ई-रिक्शा व डंपर को कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हनुमंत विहार थाना प्रभारी ने बताया की डंपर चालक मौके से फरार हो गया। वाहन मालिक व चालक के बारे में पता किया जा रहा है। परिजनों की तहरीर पर वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## बालाजी महोत्सव में दिखा भक्ति और उल्लास

**कानपुर।** श्री बालाजी भक्त परिवार समिति के तत्वावधान में पटकापुर स्थित श्री बालाजी महाराज का 10वां वार्षिक महोत्सव रविवार को नाना राव पार्क, फूलबाग में श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ। श्री बाला जी महाराज के दिव्य चल विग्रह का स्वर्ण चोले से श्रृंगार मुख्य आकर्षण रहा। वृंदावन बिहारी और श्याम प्रभु का भव्य श्रृंगार भी श्रद्धालुओं को आकर्षित करता रहा। सहस्त्रार्चन, सवामनी हवन और छप्पन भोग अर्पण जैसे कार्यक्रम विधि-विधान से संपन्न हुए। श्रद्धालुओं ने मेहंदीपुर धाम से लाई गई अखंड ज्योति के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। भजन संध्या में वृंदावन से आई पूनम दीदी ने भजनों से भावविभोर कर दिया। उनके साथ प्रसिद्ध गायक मुकुल बंधु, संदीप दीक्षित, त्रिशित राज कश्यप और शरद मिश्रा ने भी मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

## सड़कों का विधानसभावार बंटवारा करने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृच विचार।** पीडब्ल्यूडी ने शहर की सड़कों के निर्माण तथा रखरखाव की जिम्मेदारी तय करने के लिए विधानसभावार बंटवारा करने की तैयारी की है। इस संबंध में प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। प्रस्ताव के मुताबिक जिले में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों के लिए अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र वार अधिशासी अभियंता को जिम्मेदारी सौंपने की बात कही गई है। अब इस बारे में शासन स्तर पर अंतिम निर्णय लिया जाना है। पीडब्ल्यूडी का मानना है कि विधानसभा क्षेत्रवार सड़कों के बंटवारे से का विधायक और अधिकारी क्षेत्र की सड़कों के प्रति सीधे तौर पर जागरूक और जवाबदेह रहेंगे। पीडब्ल्यूडी ने विधानसभा क्षेत्र वार सड़कों की सूची शासन को भेजी है। इसमें बड़ी सड़कों के बारे में कहा गया है कि जो सड़क जिस विधानसभा क्षेत्र में अधिक होगी, उसी के प्रभारी अधिकारी को पूरा जिम्मा मिलेगा।

# अब आईपीएल में अंपायरिंग करेंगे शहर के तन्मय

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- विराट कोहली की कप्तानी में भारत अंडर-19 को जीता चुके विश्वकप

**अमृत विचार।** अंडर-19 विश्वविजेता भारतीय टीम के हीरो रहे तन्मय श्रीवास्तव इंडियन प्रीमियर लीग में अंपायरिंग करते नजर आएंगे। तन्मय यूपी के पहले ऐसे पूर्व क्रिकेटर हैं जो आईपीएल में अंपायर की भूमिका में दिखेंगे। वे साल 2008 में विराट कोहली की कप्तानी में वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम के सदस्य रहे हैं। कानपुर के रहने वाले तन्मय ने साल 2020 में प्रोफेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इसके बाद उन्होंने अंपायरिंग की दुनिया में कदम रखा और कड़ी मेहनत के बाद अंपायरिंग परीक्षा पास की। उनके अनुभव को देखते हुए बीसीसीआई ने उन्हें इस सीजन बड़ी जिम्मेदारी दी है। तन्मय 10 मुकाबलों में अंपायर की भूमिका निभाएंगे। इनमें से 4 मैचों में वे फील्ड अंपायर होंगे, जबकि एक मैच में टीवी अंपायर और 5 मैचों में फोर्थ अंपायर के रूप में नजर आएंगे। तन्मय श्रीवास्तव बतौर फील्ड अंपायर अपने सफर की शुरुआत 28 अप्रैल को पंजाब किंग्स और राजस्थान रायल्स के बीच होने वाले मैच से करेंगे। इसके अलावा वे 5 मई को दिल्ली, 10 मई को रायपुर और 18 मई को चेन्नई में होने वाले मुकाबले में मैदान पर नए अंदाज में दिखेंगे।


तन्मय श्रीवास्तव दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली के साथ।

**नई पहल** कल्याणी महिला विंग का वुमेन टाक और ट्विंकलरी ज्वेलरी की लांचिंग

# महिला सशक्तिकरण की लगाई आवाज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मुस्कुराए कानपुर की कल्याणी महिला विंग की ओर से रविवार को वुमेन टॉक का आयोजन किया गया। इस दौरान ट्विंकलरी ब्रांड ज्वेलरी को भी लांच किया गया। काकादेव के एक निजी होटल में हुए आयोजन के दौरान समाज में महिला सशक्तिकरण का संदेश भी दिया गया।

रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जसबीर सिंह भाटिया मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मुस्कुराए कानपुर संस्थापक डॉ सिधांशु राय, सह-अध्यक्ष सीए सिमरनजीत सिंह, ट्विंकलरी ब्रांड एंबेसडर नेहा तिवारी, वीएस एसडी कॉलेज प्राचार्य प्रो. नीरू टंडन, इनरव्हील क्लब अध्यक्ष दलजीत भाटिया, मुस्कुराए उत्तर प्रदेश फाउंडेशन अध्यक्ष वंदना निगम, शिवा अवस्थी व मुख्य कार्यकारी अधिकारी गीता कुमारी भी मौजूद रहीं। अध्यक्षता करते हुए डॉ सिधांशु राय ने कहा समाज को एक नई दिशा देने में महिलाएं अग्रणी भूमिका निभाती हैं, ब्रांड एंबेसडर नेहा तिवारी एवं सिमरनजीत सिंह के साथ ट्विंकलरी ज्वेलरी ब्रांड को लांच किया। नेहा ने कहा ट्विंकलरी महिलाओं को आत्मनिर्भरता का प्लेटफॉर्म प्रदान करेगा। सह अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह ने कहा कल्याणी के सहयोग से ट्विंकलरी ब्रांड की बिक्री का एक भाग कल्याणी शिक्षा कोष में भी जाएगा। उन्होंने कल्याणी को एक सशक्त महिलाओं का समूह बताया। प्रो. नीरू टंडन ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं के मध्य भी वूमेन टॉक संवाद का आयोजन हो। गीता कुमारी ने कहा महिलाओं को मार्केटिंग एवं ई-कॉमर्स की ट्रेनिंग दी जाएगी। कल्याणी सचिव दीपिका श्रीवास्तव ने कहा तीन महीने में सौ महिलाओं को ब्रांड से जोड़ा जाएगा। संचालन एंकर शिवांगी द्विवेदी ने किया। डॉ कविता अरोड़ा एवं आरोही कानपुर ट्विंकलरी फेस से सम्मानित हुई। कार्यक्रम में डॉ कविता अरोरा, सीमा निगम, अनुप्रिया दोशी, अमन कौर, डॉ मृदुला शुक्ला, डॉ मंजू जैन, डॉ दीप्ति श्रीवास्तव, दलजीत भाटिया तथा मीडिया एक्सपर्ट शिवा अवस्थी मौजूद रहीं।



महिलाओं के बनाए आभूषण दिखातीं क्लब की सदस्याएं। अमृत विचार

### जाम का झाम



शहर में जाम बड़ी समस्या बन गया है। स्थिति यह है कि सर्वाधिक जाम प्रभावित चौराहा टाटमिल है। यहां झकरकटी रोडवेज बस स्टेशन के बाहर तमाम बसें सवारियों के इंतजार में खड़ी रहती हैं। इस वजह से जाम लगता है। चौराहे पर रविवार को भी बार-बार जाम लगा और लोग परेशान हुए। इस दौरान कई एंबुलेंस भी फंसीं।

## सिटी ब्रीफ

### क्वार्टर फाइनल में ग्रैंड ऑप्टिशियन व जीएनके वॉरियर्स की जीत

**कानपुर।** टीसीपीएल में रविवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। पहले क्वार्टर फाइनल मैच में ग्रैंड ऑप्टिशियन ने इंडियन स्टार्स को नौ रन से पराजित किया। दूसरे मैच में जीएनके वॉरियर्स ने ऐटएक्स चेंजर को 10 रन से हराया। आर्यनगर स्थित द स्पोर्ट्स हब ने पहले क्वार्टर फाइनल मैच में ग्रैंड ऑप्टिशियन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में आठ विकेट पर 154 का स्कोर बनाया। टीम से श्लोक ने 31 रन बनाए, तो गेंदबाजी में करण, रविंद्र और क्षितिज खुराना ने दो-दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए इंडियन स्टार्स की पूरी टीम 15 ओवर में छह विकेट पर 145 रन ही बना सकी। टीम से नितिन ने 38, देव स्मिथ 34 और अनुज 38 ने टीम को जीत दिलाई। गेंदबाजी में निहाल ने चार विकेट झटके। प्लेयर ऑफ द मैच निहाल को चुना गया। दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में जीएनके वॉरियर्स ने 13 .2 ओवर में 155 रन बनाए। जिसमें अर्जुन ने 54 रन व शिवम ने 64 रन की पारी खेली। गेंदबाजी में सैंटनर और हनी ने तीन-तीन विकेट लिये। जवाब में ऐटएक्स चेंजर की पूरी टीम 15 ओवर में 145 रन पर सिमट गई। टीम से हनी ने 89 रन की पारी खेली, लेकिन अन्य बल्लेबाजों का साथ न मिलने के कारण टीम हार गई। गेंदबाजी में आदित्य ने तीन विकेट लेकर टीम को जीत दिलायी। प्लेयर ऑफ द मैच अर्जुन को चुना गया।

### कानपुर जेम्स ने जैगुआर इलेवन को 189 रन से हराया

**कानपुर।** कानपुर सुपर प्रीमियर लीग (केएसपीएल) में रविवार को खेले गए मुकाबले में कानपुर जेम्स ने जैगुआर इलेवन को 189 रन से पराजित किया। जीत में मो. आकिब ने गेंद और बल्ले से और मो. तल्हा ने शतक का योगदान दिया। गंगा बैराज स्थित बीसीए मैदान पर खेले गए मुकाबले में कानपुर जेम्स ने 22 ओवर में छह विकेट पर 282 रन बनाए। टीम से मो. तल्हा ने नाबाद 102 रन और मो. आकिब ने 84 रन की पारी खेली, तो गेंदबाजी में सत्यम कुमार, देव कुमार, राज, अनुज व जपनीत सिंह ने एक-एक विकेट अपने नाम किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए जैगुआर इलेवन की पूरी टीम 12 ओवर में 93 रन पर सिमट गई। टीम से आयुष सिंह ने 24, रितेश सैनी ने 19 व राजू यादव ने 16 रन बनाए, तो गेंदबाजी में आरिफ अब्बास ने चार, मो. आकिब ने तीन, नदीम व मो. तल्हा ने एक-एक विकेट अपने नाम किया। प्लेयर ऑफ द मैच मो. आकिब को चुना गया।

### क्रिकेट छात्रावास का फाइनल ट्रायल आज व कल

**कानपुर।** प्रदेश के आवासीय क्रिकेट छात्रावास का फाइनल ट्रायल 27 और 28 अप्रैल को ग्रीन पार्क स्टेडियम में लिया जाएगा। दो दिवसीय फाइनल ट्रायल से प्रदेश के क्रिकेट छात्रावास के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। जिन्हें छात्रावास में रहकर क्रिकेट सीखने व पढ़ाई कराई जाएगी। रविवार को ग्रीन पार्क स्टेडियम में केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर में अभ्यास मैच खेला गया। 80 खिलाड़ियों के बीच दो टीम बनाकर पिछले एक सप्ताह से खेले जा रहे अभ्यास मैच से खिलाड़ियों की फिटनेस और प्रदर्शन को परखा जा रहा है। कोच अमित पाल ने बताया कि कई मैच का अनुभव मिलने से अब खिलाड़ी फाइनल ट्रायल के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। सोमवार और मंगलवार को होने वाले ट्रायल में उप्र रणजी टीम के पूर्व कप्तान और कोच ज्ञानेंद्र पांडेय, आजमगढ़ के सिराजुद्दीन, देवरिया के अनुराग श्रीवास्तव और मुरादाबाद के सुनील नेट्स पर खिलाड़ियों के प्रदर्शन को परखेंगे।

### 11 लाख रुपये की ठगी

**कानपुर।** सचेंडी में साइबर ठग ने कामधेनू कंपनी का मार्केटिंग मैनेजर बनकर 11 लाख की ठगी कर ली। इतना ही नहीं शातिर ने फर्जी दस्तावेज व्हाट्सएप पर भेज रकम ट्रांसफर कराई। पीड़ित ने साइबर सेल में शिकायत कर रिपोर्ट कराई। सचेंडी धरमंगदपुर निवासी राम कुमार गौतम के अनुसार 17 मार्च को गूगल से एक नंबर निकालकर सरिया खरीदने के लिए संपर्क किया। कॉलर ने खुद को कामधेनू कंपनी का मार्केटिंग मैनेजर बताया, फिर व्हाट्सएप पर फर्जी दस्तावेज भेज भरोसा जीता। इसके बाद 11 लाख रुपये में 25 टन सरिया भेजने की डील तय की। शातिर के जाल में फंसकर राम कुमार ने 23 मार्च को 6 लाख रुपये और 25 मार्च को 5 लाख रुपये अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिए। माल न आने के बाद उन्होंने शातिर के फोन किया, लेकिन कॉल न उठने पर ठगी का एहसास हुआ।

# पीएसी में 490 आरक्षियों ने ली शपथ

## श्यामनगर स्थित 37वीं वाहिनी पीएसी में हुआ दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन, चेहरे पर छलकी खुशी



दीक्षांत समारोह मे शामिल पीएसी के जवान। अमृत विचार



परेड में शामिल पुलिस के जवान। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** श्यामनगर स्थित 37वीं वाहिनी पीएसी में रविवार को दीक्षांत परेड समारोह में 490 रिक्रूट आरक्षियों ने कर्तव्यनिष्ठा की शपथ ली। मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक अभियोजन गीता सिंह ने परेड की सलामी लेकर प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सेनानायक बीबी चौरसिया के साथ निरीक्षण वाहन पर सवार होकर परेड का निरीक्षण किया। शांति और प्रगति के प्रतीक गुब्बारे आसमान में छोड़े। कौशल प्रदर्शन के साथ रिक्रूट आरक्षियों ने टोलीवार मंच के सामने से मार्च पास्ट किया। तेज चाल और जनरल सैल्यूट के माध्यम से आरक्षियों ने अपने उच्च स्तरीय प्रशिक्षण और अनुशासन का परिचय दिया। पुलिस महानिदेशक अभियोजन ने अपने संबोधन में आरक्षियों को पुलिस बल की गौरवशाली परंपराओं से अवगत कराया। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आरक्षियों के साथ संपूर्ण प्रशिक्षण के दौरान विशेष योगदान देने वाले अधिकारी व कर्मचारीगणों को मुख्य अतिथि ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में सेनानायक ने मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। उप सेनानायक तनु उपाध्याय, शिविरपाल चंद्रेश्वर, आरटीसी प्रभारी मनोज कुमार श्रीवास्तव, सीसी ब्रज किशोर साहू, सूबेदार सैन्य सहायक रवेंद्र सिंह चौधरी, मीडिया प्रभारी पीसी रामेंद्र सिंह सहित वाहिनी के समस्त अधिकारी, प्रशिक्षक और आरक्षियों के परिजन मौजूद रहे।

## शहर के पुलिस बल में जुड़े 1923 जवान

**कानपुर।** शहर के पुलिस बल में रविवार को 1923 कांस्टेबल और शामिल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते साल 15 जून को दो हजार अभर्थियों को गृहमंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में नियुक्ति प्रमाणपत्र प्रदान किया था। जिसमें से 1923 ट्रेनी कांस्टेबल ने कानपुर ज्वाइन किया था। जिनका 21 जुलाई 2025 से शुरू हुआ प्रशिक्षण 26 अप्रैल को समाप्त हुआ। इन कांस्टेबल को अलग-अलग जगहों पर ट्रेनिंग के लिए भेजा गया था। पुलिस लाइन इटावा में 375, बरेली में 15, 28वीं वाहिनी इटावा में 229, 37वीं वाहिनी में 500, पीटीसी उन्नाव में 61, कानपुर देहात में 143 और कानपुर नगर में 600 कांस्टेबल। इस तरह कुल 1923 ट्रेनी कांस्टेबल ने ट्रेनिंग पूरी की। अब यह सभी सेवा देने के लिए तैनात किए जाएंगे।

## तस्वीरों के जादूगर थे रघु राय

रघु रॉय, एक जानेमाने फोटोग्राफ़र और फोटो जर्नलिस्ट थे। जब मैंने फोटोग्राफी शुरू की तमाम फोटोग्राफर्स के बारे में जानकारी ली और पढ़ा उनमें से एक रघु रॉय भी थे। उनको प्रसिद्धि तब मिली जब भोपाल गैस काण्ड की कवरेज करने वह फोटो लेने पहुंचे उनके द्वारा लिया गया एक चित्र प्रमुख पत्रिका के मुख्यपृष्ठ पर प्रकाशित हुआ। वह चित्र इतना मार्मिक था जो भोपाल गैस काण्ड की सारी हकीकत को बयान करने को काफ़ी था। उन्होंने चर्चित फ़िल्मकार, लेखक, नेता, अभिनेता, कलाकार की फोटोग्राफ़ी की जो बड़ी चर्चित रहीं। एक नामी अंग्रेजी अखबार में प्रकाशित एक फोटो से शुरुआत करने वाले रघु रॉय देश तथा विदेश दोनों ही क्षेत्रों में अपनी फोटोग्राफी के लिए जाने जाते थे। मेरी उनसे मुलाक़ात तो नहीं हुई लेकिन मेरे अंतर्राष्ट्रीय फ़ोटोग्राफ़र मित्र विक्की रॉय से उनके बारे में जितना जाना वो काबिले तारीफ़ फोटोग्राफर के साथ ही बेहद संवेदन शील इंसान थे। उनके सम्बन्ध बड़े बड़े सेलिब्रिटी से उनके सिद्धहस्त फ़ोटोग्राफ़ी के कारण ही थे।भोपाल की धूसर मिट्टी में आधा दबा एक बच्चे का चेहरा, आज भी चुभा करता है. वाराणसी के घाटों पर सुबह की धुंध में घुलती चिताएँ, मदर टेरेसा के वे असाधारण हाथ, ताजमहल से लेकर दुनियाभर की ऐसी शख़्सियत जिनकी तस्वीरों को हम देखते हैं तो वे रघु राय की ली हुई होती हैं. ऐसी कितनी ही तस्वीरें हैं जो कई पीढ़ियों के भीतर उतर गईं और जिन्होंने चुपचाप बहुत कुछ बदल दिया।



अनिल सिंदूर।

बीती सदी का भारत. भीड़-भाड़ वाला. उलझा हुआ. सुलझा हुआ. रोशन. दिल तोड़ने वाला. ख़ूबसूरत भारत. जिसे वे एक कैमरे और रोल में लिए घूमते रहे और कई दशकों तक, एक-एक फ्रेम करके दुनिया के सामने खोलते रहे। **-अनिल सिंदूर, वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट**



कलश यात्रा में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

## भजन-कीर्तन करते निकली कलश यात्रा

**कानपुर।** श्री ब्रह्मेश्वर महादेव मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में रविवार को कलश यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। यात्रा में लगभग 400 महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे मार्ग में भक्ति भाव का वातावरण बना रहा। कलश यात्रा की शुरुआत मंदिर परिसर से विधि-विधान के साथ हुई।

महिलाएं सिर पर कलश रखकर पारंपरिक वेशभूषा में भजन-कीर्तन करते हुए आगे बढ़ीं, वहीं बच्चे भी जयकारों के साथ यात्रा में शामिल रहे। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मंदिर परिसर में विशेष पूजन-अर्चन और श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण हुआ। इस अवसर पर जेएमडी ग्रुप के डायरेक्टर संजीव दीक्षित, समाजसेवी प्रमोद तिवारी, लालजी तिवारी, विनोद मिश्रा, राकेश तिवारी, हिमांशु तिवारी रहे।

# खाद डीलर आज करेंगे हड़ताल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**03** हजार दुकाने पूरे जिले में मौजूद

**12** हजार दुकान पूरे मंडल में मौजूद हैं

**अमृत विचार।** एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन से जुड़े व्यापारी सोमवार को प्रदर्शन कर अपनी मागों से संबंधित आक्रोश जाहिर करेंगे। इस प्रदर्शन के दौरान एसोसिएशन से जुड़े व्यापारियों ने अपनी दुकानें भी बंद रखने का ऐलान करते हुए दावा किया गया है कि पूरे जिले में लगभग तीन हजार दुकानें बंद रहेंगी।

एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अतुल त्रिपाठी ने बताया कि वे लोग लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। बावजूद इसके उन लोगों की सुनवाई नहीं हो रही है। प्रदेश व्यापी आंदोलन में शहर में प्रदर्शन किया जाएगा। एसोसिएशन से जुड़े व्यापारी समोवार को सरसैया घाट चौराहे से जिलाधिकारी कार्यालय तक मार्च करके ज्ञापन सौंपेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि वे लोग खाद के साथ अन्य उत्पाद जो कम्पनियां बेच रही है, इस पर पूरी तरह रोक लगाने की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा एक्ट में है कि सभी फर्टिलाइजर यानि यूरिया, डीएपी, पोटास, एनपीके खाद रिटेलर की दुकानों तक पहुंचा कर देना होता है, लेकिन कम्पनियां भाड़ा 5 से 13 रुपये तक ही दे रही हैं। जबकि व्यापारी को 35 से 40 रुपये खर्चा आ रहा है। इससे उनका नुकसान हो रहा है।

व्यापारियों ने बताया कि यूरिया किसानों को 266.50 रुपये में बेचनी है। लेकिन दुकानदारों को ही 290 रुपये के आसपास पड़ रही है। इसी तरह व्यापारियों ने खाद में कम से कम 8 फीसदी का मार्जिन रखने की मांग की है। बताया कि अभी यह केवल 1.5 फीसदी ही है।

### सैम्पल फेल होने पर निर्माता को पार्टी बनाएं

- व्यापारियों का कहना है कि खाद , बीज एवं कीटनाशक का सैम्पल फेल होने पर केवल कम्पनी को पार्टी बनाया जाये क्योंकि वही निर्माता है और पैकिंग भी करता है। व्यापारी केवल माल बेचता है, लेकिन सैम्पल फेल होने पर व्यापारी का लाइसेंस निलंबित किया जाता है तथा मुकदमा लिखा जाता है। इसी क्रम में नये सीड्स एक्ट व पेस्टीसाइड्स एक्ट आ रहे हैं। इसमें प्रथम पार्टी कम्पनी को ही बनाया जाए। अगर कोई बीज या कीटनाशक अधोमानक पाया जाता है, और व्यापारी के पास बिल है तो कम्पनी को ही दोषी समझा जाए।



शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

# श्याम ध्वज लेकर जयघोष करते निकली शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** श्री श्याम बाबा जन सेवा कुटुंब के तत्वावधान में खाटू नरेश बाबा श्याम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन रविवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह विधि-विधान से हुआ। इसके बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो केनाल रोड स्थित श्री श्याम बाबा जन सेवा कुटुंब मंदिर से प्रारंभ हुई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल हुए, जो हाथों में जय श्री श्याम के ध्वज लिए थे। पूरे मार्ग में जय श्री श्याम के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। यात्रा केनाल रोड, एक्सप्रेस रोड, गणेश मंदिर, तेलियाना, भूषाटोली और हूलागंज होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची। रास्ते में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम की आरती, पुष्प वर्षा और स्वागत किया, जिससे पूरा माहौल श्याममय हो उठा। मंदिर में मूर्ति स्थापना की पूजा हुई। इस दौरान जनसेवा कुटुंब के धीरज आर्य, विधायक अमिताभ बाजपेई, पार्षद विकास जायसवाल, कौशिक बाजपेई, कानपुर उद्योग व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, किराना बाजार के उपाध्यक्ष अलंकार ओमर, नारायण, चंद प्रकाश ओमर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# बिल्हौर में बढ़ेगी पुलिस की धमक

अभय प्रताप सिंह,बिल्हौर



परेड में शामिल जवान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में संपन्न हुई 60,000 पुलिस सिपाही भर्ती प्रक्रिया के बाद अब थानों को नई ऊर्जा मिलने जा रही है। ट्रेनिंग पूरी कर चुके नए रंगरूटों की तैनाती शुरू हो गई है। इसी क्रम में बिल्हौर सर्किल के पांच थानों में 176 नए सिपाहियों की आमद कराई जा रही है, जिससे क्षेत्र की कानून व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

सोमवार से सभी नए सिपाही अपने निर्धारित थानों में कार्यभार संभाल लेंगे। सर्किल के पांच थानों में सिपाहियों का वितरण किया गया है। चौबेपुर में नए सिपाहियों की संख्या 44, बिल्हौर में 39, अरौल में 40, शिवराजपुर में 38 और ककवन में 15 होगी।

खास बात यह है कि इन 176 सिपाहियों में महिला सिपाहियों की टोली भी शामिल है। इससे क्षेत्र में महिला सुरक्षा, मिशन शक्ति अभियान और महिला संबंधी अपराधों के निस्तारण में बड़ी मदद मिलेगी। वर्तमान में इन थानों में पुलिस बल की काफी कमी महसूस की जा रही थी, जिसे अब दूर कर लिया गया है। ये युवा सिपाही आधुनिक पुलिसिंग के सिद्धांतों के साथ कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत और सशक्त बनाएंगे। क्षेत्र में नए सिपाहियों की तैनाती से न केवल अपराधियों पर नकेल कसी जा सकेगी, बल्कि आम जनता के बीच पुलिस की मौजूदगी का अहसास भी बढ़ेगा। बिल्हौर एसीपी सुभाष चंद्र ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप इन सभी नए रंगरूटों को कठिन प्रशिक्षण के बाद थानों में तैनात किया गया है। उन्होंने कहा नए सिपाहियों के आने से विवेचना कार्यों में तेजी आएगी।

# रेल यात्रा की यादें, अनुभव साझा करें, पुरस्कार जीतें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारतीय रेल करोड़ों यात्रियों के अनुभवों, स्मृतियों और भावनाओं से जुड़ी एक जीवंत यात्रा है। इन्हीं अनुभवों को अभिव्यक्ति देने तथा उनके माध्यम से रेल सेवाओं को और अधिक यात्री-अनुकूल बनाने के उद्देश्य से रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) द्वारा "रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार योजना–2026" का आयोजन कर रहा है।

उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि यह योजना हिंदी भाषा में सृजनात्मक लेखन को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इसमें प्रथम पुरस्कार 10,000 रुपये द्वितीय पुरस्कार 8,000 रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 6,000 रुपये है।

### 3000 से 3500 शब्द में अनुभव साझा करें

प्रतिभागियों को अपने रेल यात्रा से जुड़े अनुभवों को हिंदी भाषा में मौलिक रूप से प्रस्तुत करना होगा। लेखन की शब्द सीमा न्यूनतम 3000 और अधिकतम 3500 शब्द निर्धारित की गई है। लेख डबल स्पेस में टंकित होना चाहिए तथा प्रत्येक पृष्ठ पर चारों ओर कम से कम एक इंच का मार्जिन रखा जाना आवश्यक है। सभी पृष्ठ क्रमांकित होने चाहिए। साथ ही, प्रविष्टि के साथ एक पृथक पृष्ठ पर शीर्षक "रेल यात्रा वृत्तांत–2026" अंकित करते हुए लेखक द्वारा दिया गया उपशीर्षक, नाम (हिंदी एवं अंग्रेजी में), पदनाम, आयु, कार्यालय एवं निवास का पता, मातृभाषा, रेलवे फोन नंबर, मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी तथा कुल शब्दों की संख्या स्पष्ट रूप से दर्शानी होगी।

**मिलावटखोरी** | दुकानों में सप्लाई करने वाले मोमो कारखानों के पास लाइसेंस नहीं

# गंदगी में बनने वाला मोमो युवाओं को बना रहा बीमार

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**अमृत विचार।** युवाओं को स्ट्रीट फूड बीमार बना रहा है। मोमो जैसे जंक फूड पेट में संक्रमण का मुख्य वजह बन रहा है। कारण है कि इनका गंदगी में बनाया जाना। चिकित्सकों ने भी मोमो जैसे अधपके खाद्य पदार्थ को सेहत के लिए नुकसानदायक बताया है। शहर में चल रहे स्ट्रीट फूड व रेस्टोरेंट में इन दिनों मोमो अधिक बिक रहा है। हर चौक-चौराहे पर मोमो की दुकानें मिल जाएंगी। मोमो का स्वाद इसके साथ मिलने वाली चटनी को लेकर ज्यादा आता है। इससे युवा वर्ग की यह पहली पसंद बन गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग के अनुसार मोमो गंदगी में बनते पकड़े जा रहे हैं। दुकानों के पास तो फूड सेफ्टी के मानक का लाइसेंस है। लेकिन अधिकतर दुकानदार बने-बनाए मोमो की सप्लाई लेते हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी में सामने आया कि जिन जगहों से सप्लाई मंगाई जाती है उनके पास सुरक्षा मानक का लाइसेंस नहीं हैं। विभाग ने भूरे पुरवा, राजेन्द्र पुरम, नौबस्ता में छापेमारी कर मोमो व चटनी बनाने के कारखाने पकड़े। जहां टीम को गंदगी पसरी मिली। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सोमनाथ कुशवाहा व डॉ. देवेन्द्र सिंह आजाद ने कारखाने पर ताला लगवाया। मोमो व चटनी के सैंपल जांच के लिए भरे जिसे लैब को भेजा दिया गया। इसी के साथ कारखाने पर मुकदमा भी लिखवाया गया है। सड़ांध मार रहे मोमो व चटनी को विभाग की टीम ने नष्ट करा फिकवा दिया। जिला खाद्य अभिहित अधिकारी संजय सिंह ने बताया कि शहर में 25000 के पास लाइसेंस हैं। लेकिन पके-पकाये भोजन की सप्लाई करने वाले के पास लाइसेंस नहीं होना चिंताजनक है। बताया कि ऐसे ही कारखानों की पहचान कर छापेमारी की जा रही है। साथ ही उन जगहों पर भी जांच की जा रही है जिनके पास लाइसेंस हैं।

### अधपका भोजन कई बीमारियों की जड़

- वरिष्ठ फिजिशियन डॉ प्रवीण कटियार ने बताया कि अधपके व गंदगी में बनने वाले भोजन से अधिकतर पेट में संक्रमण, दस्त, उल्टी की समस्या आम बात है। स्ट्रीट फूड के लती बच्चों में इससे प्रभावित दिखते हैं। बताया कि मोमोज के मैदे को ब्लीच करने के लिए बेंजोयल पेरोक्साइड जैसे रसायनों का उपयोग किया जाता है, जो पैंक्रियाज को नुकसान पहुंचाता है। मोमोज के साथ मिलने वाली अत्यधिक तीखी चटनी पेट की परत में जलन पैदा कर सकती है। इसके अलावा, अनियंत्रित स्ट्रीट फूड का सेवन मोटापा, बवासीर और उच्च कोलेस्ट्रॉल जैसी समस्याओं को भी बढ़ा सकता है।

### यह समस्याएं हो सकती हैं

- पेट संक्रमण और बीमारियां
- फूड पॉइजनिंग और गंभीर संक्रमण
- पाचन में परेशानी पैदा होना
- पैंक्रियाज पर असर, डायबिटीज

## कौशल विकास ही रोजगार का प्रमुख आधार

**कानपुर।** राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में कौशल विकास मिशन के अंतर्गत दो नए कोर्स ब्यूटीशियन और कंप्यूटर शिक्षा का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि गोविंद नगर के विधायक सुरेन्द्र मैथानी ने फीता काटकर दोनों कोर्स का उद्घाटन किया और छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। विधायक ने संस्थान की छात्राओं को लॉरियल किट, सिलाई मशीन सहित अन्य उपयोगी सामग्री का वितरण भी किया। कहा कि वर्तमान समय में कौशल विकास ही रोजगार का प्रमुख आधार है और इन कोर्सों के माध्यम से छात्राएं आत्मनिर्भर बनकर मान बढ़ाएंगी।


अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

भवन सं0 128/313 शंकराचार्य नगर कानपुर के मूल बैनामे दि0 27/06/ 1979 का पेज 2 घर में ही कहीं खो गया है जो बहुत ढूंढने पर भी नहीं मिला। **बजेन्द्र पुत्र राम उजारे**

**सूचना**

श्रीमती सोनी सिंह बनाम सरकार ग्राम सोहांस परगना व तहसील मनकापुर जनपद गोण्डा धारा–80 उ0प्र0राजस्व सहिंता 2006 गाटा संख्या–734/1.1810हे0 में से रकबा 0.0285हे0 को धारा–80 (1) उ0प्र0 राजस्व सहिंता 2006 घोषित करने हेतु आवेदन किया गया है यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 29/04/2026तक उपजिलाधिकारी मनकापुर के न्यायालय पर आकर आपत्ति कर सकता है।
**उपजिलाधिकारी , मनकापुर–गोण्डा।**

**सूचना**

मैं **आरती देवी पत्नी हरद्वारी लाल, निवासी– ग्राम गुफ्फापुरवा मजरा जसराथपुर पोस्ट मिश्रिख तहसील मिश्रिख जिला सीतापुर**। मेरे आधारकार्ड में आरती देवी पत्नी हरद्वारीलाल है जिसका आधार नं XXXX6287 है तथा मकान के बैनामे में रामरानी पत्नी हरद्वारी लाल अंकित है। यह कि आरती देवी व रामरानी एक ही महिला के नाम है।

**सूचना**

मैं **हनुमान प्रसाद पुत्र रामपाल, निवासी– ग्राम थानापट्टी तहसील सिधौली जिला सीतापुर**, मेरा आधार कार्ड संख्या 3430 0224 4605 व बचत खाता संख्या 31826943549 है। मेरे आधार कार्ड पर नाम रामचन्द्र अवस्थी दर्ज है जबकि बैंक पासबुक में मेरा नाम हनुमान प्रसाद दर्ज है दोनो नाम एक ही व्यक्ति के है तथा मैं रामचन्द्र अवस्थी व हनुमान प्रसाद दोनो नामों से जाना व पहचाना जाता है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है दोनों नामों को एक ही समझा जाय।

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैं **राम प्रकाश पुत्र राधेश्याम वार्ड सं–1 गांधी नगर, नगर पंचायत महराजगंज, थाना महराजगंज, जिला रायबरेली** का निवासी हूं। मैंने अपने पुत्र मयंक कुमार मोदनवाल के गलत चाल चलन और समाज के प्रति आचरण अच्छा न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं। भविष्य में उसके द्वारा किए गए कृत्यों से मेरा और मेरे परिवार के किसी सदस्य का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा।

**सूचना**

जगप्रसाद बनाम सरकार ग्राम तरैनी परगना बूढ़ापायर तहसील मनकापुर जनपद गोण्डा धारा–80 उ0प्र0राजस्व सहिंता 2006 गाटा संख्या–239/0.2560हे0 मेंसे रकबा 0.0040हे0 को धारा– 80(2) उ0प्र0राजस्व संहिता 2006 घोषित करने हेतु आवेदन किया गया है यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 29/04/2026 तक उपजिलाधिकारी मनकापुर के न्यायालय पर आकर आपत्ति कर सकता है।
**उपजिलाधिकारी, मनकापुर–गोण्डा।**

**सूचना**

भवन सं0 128/313 शंकराचार्य नगर कानपुर को स्वामी ब्रजेन्द्र कुमार द्वारा हिन्दूजा हाउसिंग फा0 लि0 में बंधक हेतु प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त सम्पत्ति पर किसी प्रकार का कोई भी वाद–विवाद, प्रकार का कोई भी वाद–विवाद नहीं है यदि किसी का कोई सत्व/ दावा हो तो 7 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी से सम्र्पक करें अन्यथा उक्त सम्पति को बन्धक स्वीकार कर लिया जाएगा। शिवेन्द्र अवस्थी (एडवोकेट), चेम्बर नं0 24 बाबू लाल अधिवक्ता , भवन सिविल कोर्ट कानपुर, मो0– 9335063025

# 491 प्रशिक्षु पुलिस बल में शामिल

## पुलिस लाइन में एडीजी (तकनीकी सेवाएं) ने ली पासिंग आउट परेड की सलामी

समारोह

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** पुलिस लाइन मैदान में रविवार को भव्य दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें एडीजी (तकनीकी सेवाएं) नवीन अरोरा ने पासिंग आउट परेड की सलामी ली। इस अवसर पर 491 प्रशिक्षु आरक्षियों ने आधिकारिक रूप से पुलिस बल में प्रवेश किया और कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन व जनसेवा के प्रति समर्पण की शपथ ली।


पासिंग आउट की सलामी लेते एडीजी नवीन अरोरा। अमृत विचार

आरक्षी भर्ती परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूटों के लिए यह गौरवपूर्ण क्षण रहा। समारोह में डीएम घनश्याम मीणा, एसएसपी जय प्रकाश सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। एसएसपी ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कर्तव्यपरायणता के साथ सेवा करने का संदेश दिया। एडीजी नवीन अरोरा ने मुख्यमंत्री की ओर से नव नियुक्त आरक्षियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पुलिस सेवा में अनुशासन, ईमानदारी और जनता के प्रति संवेदनशीलता सर्वोपरि है। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आरक्षियों को सम्मानित भी किया। समग्र प्रदर्शन में अनुराग खरे ने 1307 अंक प्राप्त कर सर्वांग सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षु का खिताब हासिल किया, वहीं बाह्य विषयों में 535 अंक के साथ भी वह प्रथम रहे। अंतः विषयों में सहदेव 720 अंक के साथ अव्वल रहे।

**परेड संचालन में दिखा अनुशासन:** दीक्षांत परेड का संचालन प्रशिक्षु आरक्षियों ने अनुशासन और बेहतरीन तालमेल के साथ किया, जिसकी उपस्थित अधिकारियों व दर्शकों ने सराहना की। अमन दुबे, कुशांशु और विकास ने परेड कमांडर की जिम्मेदारी संभाली। इस दौरान प्रशिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। पीटीआई आरक्षी जयसिंह, आईटीआई आरक्षी अनूप मिश्रा और निरीक्षक शिक्षक ओमवीर सिंह को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह, दक्षिणी शैलेंद्र सिंह सहित सभी क्षेत्राधिकारी व आरआई मौजूद रहे।


रिक्रूट को ट्रॉफी देते एडीजी नवनीत सिकेरा। अमृत विचार

### पीटीसी में भी हुई पासिंग आउट परेड

**फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।** शहीद गुलाब सिंह लोधी पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय में आरक्षियों की पासिंग आउट परेड की सलामी एडीजी नवनीत सिकेरा ने ली। यहां से 571 पासिंग आउट परेड के बाद पुलिस बल में शामिल हुए। समारोह में 29 प्रशिक्षुओं को उत्तम प्रदर्शन के लिए सम्मानित भी किया गया। प्राचार्य एडीजी नवनीत सिकेरा ने सभी आरक्षियों को कर्तव्य निष्ठा व पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस दौरान सीओ दिनेश कुमार, अतुल कुमार, अजीत कुमार आदि मौजूद रहे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### ट्रैक्टर की टक्कर से वृद्ध की गई जान

**फतेहपुर चौरासी, अमृत विचार।** फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के सुक्खा खेड़ा गांव निवासी मुन्नू (60) किसान था। उसकी शादी नहीं हुई थी। बीती रात खेत से लौटते समय उसे शारदा नहर पटरी पर ट्रैक्टर टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। परिजनों ने उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां से डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर किया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। एसओ ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### मेगा ब्लॉक में डाले 40 एचबीम स्लीपर

**शुक्लागंज, उन्नाव।** रेलवे पुल की डाउन लाइन पर चल रहे मरम्मत कार्य में रविवार को तेजी देखने को मिली। अधिकारियों की निगरानी में सुबह 9:50 बजे से शाम 5:50 बजे तक आठ घंटे के मेगा ब्लॉक के दौरान 40 एचबीम स्लीपर डाले गए। 2 अप्रैल से शुरू इस अभियान के तहत पुराने और जर्जर ट्रफ व स्लीपर हटाकर नए एचबीम स्लीपर लगाए जा रहे हैं। कार्य में करीब 200 रेल कर्मियों ने मिलकर भाग लिया। इस दौरान स्लीपर बिछाने के साथ ही पुल के बीच से शुक्लागंज की ओर डाउन ट्रैक पर पड़ी गिट्टियों को भी हटाया गया।

### पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**उन्नाव, अमृत विचार।** पुरवा कोतवाली क्षेत्र के बिल्लेश्वर मंदिर मोड़ से करीब 100 मीटर आगे खेत में लगे जामुन के पेड़ में एक युवक का शव लटका देख मवेशी चराने आई महिलाओं ने इसकी जानकारी गांव में दी। देखते-देखते वहां लोग एकत्र हो गए। प्रधान से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस व फील्ड यूनिट की टीम ने जांच की। जिसके शव के तीन से चार दिन पुराना होने का कयास लगाया गया। तलाशी में उसके पास ऐसा कुछ नहीं मिला। जिससे उसकी पहचान हो सके। उसे आसपास गांव के लोग पहचान भी नहीं पाए।

### हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल

**नवाबगंज, उन्नाव।** कानपुर-लखनऊ हाईवे पर रविवार दोपहर तेज रफ्तार अज्ञात डंपर की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज में भर्ती कराया, जहां एक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी पवन (21) पुत्र शंकर अपने ममेरे भाई पवन (22) पुत्र कमलेश के साथ बाइक से नवाबगंज कस्बा जा रहा था। जैसे ही वह अजगैन क्षेत्र के फ्लाईओवर के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी।

# आसमान से बरसी आग, पारा 43 पार

**उन्नाव, अमृत विचार।** जिले में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। रविवार को तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच जाने से आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं के थपेड़ों ने लोगों को घरों में कैद होने पर मजबूर कर दिया है। दोपहर होते-होते शहर के सबसे व्यस्ततम इलाके सदर बाजार, धवन रोड, गांधी नगर तिराहा और आईबीपी सन्नाटा पसरा रहा। सड़कों पर इक्का-दुक्का राहगीर ही दिखे, जो खुद को अंगोछे, छाते और दुपट्टे से ढककर लू से बचने का प्रयास कर रहे थे। महिलाएं अपने छोटे बच्चों को दुपट्टे में लपेटकर कड़ी धूप से बचाती दिखीं। बढ़ते तापमान और लू के खतरों को देखते हुए जिला अस्पताल के चिकित्सक कौशलेंद्र प्रकाश ने कहा सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक बहुत जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें। प्यास न लगने पर भी पानी पीते रहें। ओआरएस, नींबू-पानी, छाछ और पना जैसे तरल पदार्थों का सेवन करें। धूप में निकलने से पहले कुछ खाकर और पानी पीकर ही बाहर जाएं। छोटे बच्चों और बुजुर्गों को लू लगने का खतरा सबसे ज्यादा होता है।


धूप से बचने के लिये गमछे से ढककर बच्चे को गोद में लेकर जाती महिला। अमृत विचार

### सड़क हादसे में घायल युवक की हुई मौत

**उन्नाव, अमृत विचार।** दही थाना क्षेत्र के ओरहर गांव अमन (22) स्नातक की पढ़ाई कर रहा था। 15 दिन पहले वह अजगैन कोतवाली क्षेत्र के राजबाग निवासी अपनी बहन के घर जा रहा था। तभी दही-मुंशीगंज मार्ग पर अजगैन कोतवाली क्षेत्र के भौली गांव के पास उसकी बाइक में सामने से आई दूसरी बाइक ने टक्कर मार थी। इसमें वह गंभीर घायल हो गया था। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भेजा। जहा पर पिछले 15 दिनों से इलाज चल रहा था। 25 अप्रैल की रात उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पिता बिंदा प्रसाद की सूचना पर दही पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया है। अमन दो बहन और तीन भाई था। मां की मौत पहले हो चुकी है। दही एसओ ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### एलपीएस में अलंकरण समारोह संपन्न


अलंकृत बच्चों के साथ प्रभारी किरन सिंह। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार।** लखनऊ पब्लिक स्कूल (सीपी सिंह फाउंडेशन) की शाखा सेक्टर-सी में कक्षा 3 से 5 तक के छात्रों का अलंकरण समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान छात्र परिषद के गठन के बाद नव निर्वाचित पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। छात्र परिषद के अंतर्गत भरत, धुरव, एकलव्य एवं करण सदनों के लिए क्रमश: निकुंज, आर्यन यादव, तान्या सिंह और उदित त्रिपाठी को कैप्टन चुना गया। वहीं वाइस कैप्टन एवं प्रिफेक्ट्स को सदन प्रभारियों द्वारा बैज व सैश पहनाकर अलंकृत किया गया। विद्यालय स्तर पर तेजस मिश्रा को स्कूल कैप्टन, अरनव सिंह को वाइस कैप्टन, सानवी सिंह को स्पोर्ट्स कैप्टन तथा आकृति सिंह को वाइस कैप्टन नियुक्त किया गया। अनुशासन प्रभारी के रूप में रमन सिंह और कृतिका सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रभारी रजनी सिंह ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को बैज पहनाकर सम्मानित किया और उन्हें कर्तव्यों के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का समापन स्कूल कैप्टन तेजस मिश्रा के उद्घोष के साथ हुआ।

### आचमन ने उत्कृष्ट छात्राओं को किया सम्मानित


उत्कृष्ट छात्राओं के साथ संस्था के पदाधिकारी। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार।** साहित्यिक-सांस्कृतिक संस्था आचमन द्वारा रविवार को सीबीएसई बोर्ड हाई स्कूल परीक्षा में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं चारू चौहान पुत्री संजय सिंह, निवासी दरोगाबाग एवं प्रतिष्ठा मिश्रा पुत्री डी.के. मिश्रा, निवासी मोहल्ला कल्याणी देवी को अंगवस्त्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया। संस्था के महामंत्री एवं साहित्यकार आर.पी. वर्मा ने कहा कि दोनों छात्राओं ने अपनी प्रतिभा से न केवल परिवार बल्कि जनपद का नाम भी रोशन किया है। कार्यक्रम में संरक्षक प्रो. मनोज श्रीवास्तव व प्रशांत कटियार ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष राम सकल सिंह, कृष्ण कुमार मिश्र, उमा निवास बाजपेई, मोहिनी शंकर सिंह, प्रीति सिंह, अनुराग वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विनय त्रिपाठी ने किया।

# ब्रह्म सभा ने कराया 102 बटुकों का उपनयन संस्कार

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार।** शुक्लागंज ब्रह्म सभा की ओर से रविवार को निशुल्क उपनयन संस्कार एवं सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां ब्रह्म सभा की ओर से बटुकों को वस्त्र से लेकर पूजा की पूरी सामग्री मुहैया कराई गई। जिसके बाद आचार्यों ने विधि विधान से सभी का उपनयन संस्कार कराया। इसके साथ ही रात में आठ जोड़ों का विवाह कराया गया। जहां उन्हें दहेज भी दिया गया।

ब्रह्म सभा की ओर से गोपीनाथपुरम स्थित गोपीनाथ चंद्रावती स्कूल में 102 बटुकों को का उपनयन संस्कार कराया गया। आचार्य पंडित शिवश्याम पाण्डेय व लालाराम के नेतृत्व में दर्जनभर विद्वान आचार्यों ने मंत्रोच्चार के बीच पूरे विधि-विधान से संस्कार कराए। इसके उपरांत कार्यक्रम स्थल से राधाकृष्ण मंदिर तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बटुकों व उनके परिजनों ने शामिल होकर आराधना की। समारोह के मुख्य अतिथि बाल योगी अरुण चैतन्यपुरी महाराज (सिद्धनाथ धाम, द्वितीय काशी) ने पुष्प वर्षा कर वर-वधुओं को आशीर्वाद दिया और इस पहल की सराहना की। जहां सभी ने मां से आशीर्वाद लिया उनके वापस आने के बाद उनके माता-पिता और परिजनों ने सभी का स्वागत किया। जिसके बाद बटुकों ने भिक्षा मांगी। वहीं शाम के समय स्कूल प्रांगण में छह जोड़ों का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह संपन्न कराया गया। जहां ऋषि आश्रम से आठ दूल्हे बारात लेकर कार्यक्रम स्थल पहुंचे। जोड़ों को आशीर्वाद देने के लिये सदर विधायक पंकज गुप्ता, भगवंत नगर विधायक आशुतोष शुक्ला पहुंचे। इस मौके पर अंजनीकांत मिश्र, अनुज तिवारी, आशुतोष शुक्ला, श्रीकांत त्रिवेदी, अंजनी अग्निहोत्री, ओमप्रकाश मिश्रा, वीरेन्द्र शुक्ला, सूर्य कुमार बाजपेई, संदीप पांडे, राजेश बाजपेई, योगेंद्र त्रिपाठी, शिवशरण अग्निहोत्री, अवनीश शुक्ला, तारकेश्वर पांडेय, अंकुर शुक्ला, बीडी त्रिवेदी मौजूद रहे।


गोपीनाथ चंद्रावती स्कूल में होता उपनयन संस्कार। अमृत विचार

### इन जोड़ों ने थामा एक-दूसरे का हाथ

विवाह समारोह में शक्ति तिवारी संग अभिषेक तिवारी, सलोनी मिश्रा संग प्रदीप तिवारी, तनु मिश्रा संग नमन त्रिपाठी, आयुषी संग हिमांशु तिवारी, अंशिका मिश्रा संग प्रवीण कुमार तिवारी, खुशी द्विवेदी संग अनुराग तिवारी, रुचि शर्मा संग शुभम पाठक और तनु मिश्रा संग ओमप्रकाश ने वैवाहिक जीवन की शुरुआत की।

### विवाह के बाद दिया गया दहेज का सामान

विवाह समारोह के दौरान दहेज में आलमारी, पंखा, बेड, सिलेंडर, चूल्हा, इंडेक्शन, दीवार घड़ी, हाथ वाली घड़ी, अटैची दिया गया। इसके अलावा वधू को मंगलसूत्र, मांगबेंदी, बिछिया, मेज, कुर्सी, बर्तन, पकवान का सामान, आर्टिफिशियल सेट समेत अन्य सामग्री दी गई।

### नवीन पुल पर रेंगते रहे वाहन, लोग परेशान

**शुक्लागंज, उन्नाव।** नवीन पुल पर जाम की समस्या लगातार बनी हुई है। रविवार शाम को एक बार फिर पुल पर भारी वाहनों के दबाव के चलते भीषण जाम लग गया, जिससे रात तक लंबी कतारें लगी रहीं और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बताया गया कि सहालग के चलते एक के बाद एक बारातें इसी मार्ग से गुजरीं। इसके साथ ही ई-रिक्शा और टेंपो चालकों की अव्यवस्था के कारण कई वाहन बीच सड़क तक खड़े हो गए, जिससे मार्ग संकरा हो गया। परिणामस्वरूप शाम करीब साढ़े छह बजे से नवीन पुल से फोरलेन तक जाम की स्थिति बन गई। सूचना पर यातायात व स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और आड़े-तिरछे खड़े वाहनों को व्यवस्थित कराया। इसके बावजूद वाहन रेंगते रहे।

### 24 घंटे बिजली के दावे पर विधायक ने विभाग को घेरा

**उन्नाव, अमृत विचार।** जिले में बिजली की बदहाली को लेकर सदर विधायक पंकज गुप्ता का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में विधायक ने बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नराजगी जातते हुए कहा कि यदि सात दिन के भीतर व्यवस्था में सुधार की चेतावनी दी। विधायक ने सरकार के निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने शहरों में 24 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे बिजली देने का वादा किया है। उन्होंने कहा जिले में तापमान 45 डिग्री के पार पहुंच चुका है। आरोप लगाया कि शहरों और गांवों में 8-8 घंटे की अघोषित कटौती आम बात हो गई है। अधिकारी और जेई जनता का फोन नहीं उठाते और शिकायतों का समाधान नहीं होता। मेंटेनेंस के नाम पर लंबे शटडाउन लिए जाते हैं, लेकिन जर्जर तार और ओवरलोड ट्रांसफॉर्मर जस के तस हैं। विधायक ने व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए सुझाव दिया है कि 24 घंटे चालू रहने वाला प्रभावी हेल्पलाइन सेंटर हो। जिससे जनता को पता हो कि बिजली कब आएगी और कब जाएगी। खराब ट्रांसफॉर्मर को तुरंत बदलने के लिए रिजर्व स्टॉक। जर्जर तारों को प्राथमिकता पर बदलना। लापरवाह अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई। स्थानीय जनप्रतिनिधियों को कार्यों की मॉनिटरिंग में शामिल करना।

# होमगार्ड भर्ती: 1388 अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**उन्नाव, अमृत विचार।** जिले में चल रही होमगार्ड भर्ती की लिखित परीक्षा के दूसरे दिन प्रशासन की पैनी नजर और भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। नौ केंद्रों पर आयोजित इस परीक्षा में प्रशासन ने पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की गुंजाइश नहीं रही।

प्रशासनिक आंकड़ों के मुताबिक, रविवार को दोनों पालियों में कुल 4896 अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होना था। हालांकि किन्ही कारणों के चलते 1388 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। कुल 3508 परीक्षार्थी ही परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा दो पालियो में संपन हुई। प्रथम पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तथा द्वितीय पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक हुई। परीक्षा को निष्पक्ष बनाने के लिए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। प्रत्येक केंद्र पर जोनल, सेक्टर और स्टैटिक मजिस्ट्रेट लगातार भ्रमणशील रहे। आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए सभी परीक्षा केंद्रों के कमरों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, जिनकी कंट्रोल रूम से लाइव मॉनिटरिंग की जा रही थी। सुरक्षा के लिहाज से केंद्रों के भीतर और बाहर भारी पुलिस बल तैनात रहा। सघन चेकिंग के बाद ही अभ्यर्थियों को केंद्र में प्रवेश दिया गया। पुलिस और प्रशासन की इस सतर्कता के कारण जिले के सभी नौ केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

**एसएसपी और एएसपी ने केंद्रों का लिया जायजा:** जिले में होमगार्ड भर्ती की लिखित परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा। एसएसपी जय प्रकाश सिंह और एएसपी अखिलेश सिंह ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों और अभ्यर्थियों की चेकिंग प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया।


परीक्षा केंद्र के बाहर लगी परीक्षार्थियों की लाइन। अमृत विचार

### होमगार्ड भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**शुक्लागंज, उन्नाव।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित होमगार्ड भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन रविवार को राजधानी मार्ग स्थित ओम प्रकाश ज्वाला देवी इंटर कॉलेज में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दोनों पालियों में अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, हालांकि केंद्र पर छांव की पर्याप्त व्यवस्था न होने से परीक्षार्थियों को धूप में खड़ा रहना पड़ा। परीक्षा को लेकर सुबह से ही केंद्र पर पुलिस बल तैनात रहा। सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी गंगाघाट कोतवाली प्रभारी अजय कुमार सिंह ने की। प्रथम पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक हुई जिसमें 240 अभ्यर्थियों में से 66 अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक चली, जिसमें 240 में से 60 अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे।

### यूपी बोर्ड परीक्षा शैक्षिक विवरण में त्रुटि सुधार का एक और मौका

**उन्नाव, अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं का परिणाम 23 अप्रैल को घोषित हो चुका है। इसके साथ ही बोर्ड ने छात्र-छात्राओं के शैक्षिक विवरणों में त्रुटि सुधार के लिए एक और अवसर प्रदान किया है। बोर्ड सचिव भगवती सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यदि किसी छात्र या छात्रा के नाम, माता-पिता के नाम की वर्तनी, जन्मतिथि, फोटो या अन्य विवरण में कोई त्रुटि है, तो उसका संशोधन कराया जा सकता है। इसके लिए 27 अप्रैल से 8 मई सायं 6 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य परिषद की आधिकारिक वेबसाइट यूपीएमएसपी डॉट एजु डॉट इन पर लॉगिन कर निर्धारित प्रारूप और मैन्युअल डाउनलोड करेंगे। इसके बाद संशोधन का विवरण स्पष्ट रूप से भरकर स्वयं सत्यापित करेंगे और जिला विद्यालय निरीक्षक से अनुमोदन प्राप्त करेंगे। अनुमोदन के बाद विद्यालय द्वारा पुनः पोर्टल पर लॉगिन कर आवश्यक अभिलेख और साक्ष्य अपलोड किए जाएंगे। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि यह पोर्टल निर्धारित अवधि तक ही सक्रिय रहेगा। सचिव ने चेतावनी दी है कि यदि कोई विद्यालय निर्धारित समय सीमा में संशोधन के लिए आवेदन नहीं करता और बाद में प्रमाणपत्र जारी होने के पश्चात त्रुटि सुधार की मांग करता है, तो संबंधित विद्यालय के खिलाफ शासनादेश के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।


आक्रोश — जलनिगम की सुस्त कार्यप्रणाली और सीवर लाइन की समस्या ने लिया विकराल रूप

# व्यापारियों ने बड़ा चौराहा पर लगाया जाम, फंसी एंबुलेंस

**उन्नाव, अमृत विचार।** शहर के बड़ा चौराहा पर जलनिगम की सुस्त कार्यप्रणाली और सीवर लाइन की समस्या ने विकराल रूप ले लिया है। चौड़ीकरण कार्य के चलते पिछले 15 दिनों से खोदे गए गड्ढों और सड़कों पर बहते गंदे पानी से आक्रोशित व्यापारियों और स्थानीय निवासियों ने रविवार सुबह चौराहे पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया।

भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के बीच करीब दो घंटे तक यातायात पूरी तरह ठप रहा। बड़ा चौराहा के चौड़ीकरण के लिए जलनिगम ने सीवर पाइप लाइन को अंडरग्राउंड करने के लिए दो बड़े गड्ढे खोदे थे। इसके कारण एक लेन का आवागमन पिछले 15 दिन से बंद है, जिससे हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। रही-कही कसर कचौड़ी गली के पास ओवरफ्लो हुई सीवर लाइन ने पूरी कर दी। पिछले कई दिनों से सड़क पर और कचौड़ी गली में भरे गंदे पानी के कारण न केवल बदबू फैल रही है, बल्कि दुकानदारों का व्यापार भी पूरी तरह ठप हो गया है। प्रदर्शन के दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जाम में एंबुलेंस और दमकल की गाड़ियां भी फंसी रहीं। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने उग्र प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया और मौके से ही नगर पालिका अध्यक्ष पति प्रवीण मिश्रा से फोन पर वार्ता की। समस्या के त्वरित समाधान और सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के आश्वासन के बाद करीब दो घंटे बाद जाम खुल सका और यातायात सामान्य हुआ। व्यापारी नितिन गुप्ता, राजेश दुबे, राहुल दुबे, सोनू तिवारी, श्याम गुप्ता, मनोज गुप्ता, अशोक गुप्ता, श्याम बाजपेयी, ऋषि बाजपेयी, राम कुमार आदि का कहना है कि यदि अगले 24 घंटों में जलनिगम ने अपनी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं किया और सीवर की समस्या हल नहीं हुई, तो वे दोबारा सड़क पर उतरने को मजबूर होंगे। इस बावत मौके पर पहुंचे नगर पालिका अध्यक्ष पति प्रवीण मिश्रा ने बताया टीम लगाकर कार्य कराया जा रहा है। 12 घंटों के अंदर समस्या का निदान हो जाएगा।


कचौड़ी गली में भरा पानी व दुकानों पर पसरा सन्नाटा।


बड़ा चौराहा पर जाम लगाए व्यापारी। अमृत विचार

# नये गंगापुल की जद में 47 घर, नोटिस पर विवाद

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगा नदी पर बन रहे नये पुल की जद में मिश्रा कॉलोनी क्षेत्र के 47 मकान आ रहे हैं, जिसे लेकर राजस्व विभाग ने मकान मालिकों को नोटिस जारी कर दी है। नोटिस मिलने के बाद क्षेत्र में विवाद की स्थिति बन गई है और मकान मालिकों ने मुआवजे को लेकर नाराजगी जताई है। मकान मालिकों का आरोप है कि उन्हें पुरानी तारीख की नोटिस दी गई है और मुआवजा भी पुराने सर्किल रेट के अनुसार तय किया जा रहा है, जो उन्हें स्वीकार नहीं है। उनका कहना है कि उनके पास जमीन से संबंधित सभी वैध दस्तावेज मौजूद हैं और वे कई पीढ़ियों से यहां रह रहे हैं। ऐसे में नए सर्किल रेट के आधार पर मुआवजा दिया जाना चाहिए। वहीं अधिकारियों का कहना है कि संबंधित लोग सरकारी जमीन पर बसे हुए हैं, इसलिए नियमानुसार ही कार्रवाई की जा रही है। नोटिस में उल्लेख किया गया है कि उत्तर प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत पुराने गंगापुल के पास नया पुल बनाया जा रहा है और प्रभावित मकानों का मूल्यांकन किया जा चुका है। प्रशासन ने मकान मालिकों से भूमि संबंधी साक्ष्य जल्द उपलब्ध कराने को कहा है, ताकि भुगतान की प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य समय से संपन्न कराया जा सके। हालांकि, प्रभावित लोगों ने स्पष्ट किया है कि उचित मुआवजा न मिलने तक वे अपने मकान खाली नहीं करेंगे। इस बावत लेखपाल प्रशांत अवस्थी ने बताया कि नोटिस चार दिन पहले दी गई थी लेकिन मकान मालिकों ने लेने से इंकार कर दिया था। दोबारा नोटिस जारी की जायेगी, अगर लेने से इंकार करते हैं तो चस्पा की जायेगी।


नये पुल की जद में आ रहे हैं यह मकान। अमृत विचार

# अमृत विचार

सोमवार, 27 अप्रैल 2026






एक रचनात्मक फोटोग्राफर वह है, जो या तो रहस्य को कैद करता है या चीजों को उजागर करता है, बाकी सब बेकार है।
–रघु राय, विश्व प्रसिद्ध फोटोग्राफर

## प्रस्ताव से परेशानी

ट्रंप सरकार द्वारा एच-1बी वीज़ा प्रतिबंध और उससे जुड़े कड़े प्रावधानों वाला बिल लाना उनकी राष्ट्रहित की राजनीतिक समझ है, जिसके लिए वे स्वतंत्र हैं, पर प्रस्तावित बिल मात्र अमेरिकी आव्रजन नीति का बदलाव नहीं, बल्कि वैश्विक प्रतिभा प्रवाह पर एक बड़ा झटका हैं— जिसका सबसे अधिक असर भारत पर पड़ेगा और ये नीतियां भारतीय पेशेवरों के 'अमेरिकन ड्रीम' को दुःस्वप्न में बदल देंगी, क्योंकि एच-1बी वीज़ा धारकों में 73 प्रतिशत भारतीय हैं। कुछ मुद्दों पर डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद भी सीमित आव्रजन नियंत्रण के पक्ष में खड़े हो सकते हैं, जिससे इस प्रस्ताव के पारित होने की आशंका बलवती होती है।

'मागा' राजनीति के तहत ट्रंप प्रशासन का जोर 'अमेरिका फर्स्ट' पर है, जिसमें विदेशी श्रमिकों को घरेलू नौकरियों के लिए खतरा बताया जा रहा है, जबकि अमेरिका की टेक इंडस्ट्री भारतीय पेशेवरों पर बहुत निर्भर है। यह अमेरिका के लिए भी नुकसानदेह हो सकता है, क्योंकि उसकी नवाचार क्षमता और टेक उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता काफी हद तक वैश्विक प्रतिभा पर निर्भर है। प्रस्ताव में एच-1बी वीज़ा पर तीन साल की रोक के अलावा, कोटे को 85 हजार से घटाकर 25 हजार करने, न्यूनतम वेतन को अत्यधिक ऊंचा लगभग दो करोड़ रुपये वार्षिक निर्धारित करने और वीज़ा फीस में भारी वृद्धि जैसे प्रावधान शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, परिवार को साथ लाने पर संभावित प्रतिबंध और स्टैंपिंग प्रक्रियाओं को जटिल बनाना, भारतीय पेशेवरों के लिए अमेरिका जाने को हतोत्साहित करने की व्यापक रणनीति का संकेत देता है। कोटा घटने से भारतीय पेशेवरों के लिए अवसरों में भारी कमी आएगी। न्यूनतम वेतन की शर्त अमेरिकी कंपनियों को भारतीयों को नियुक्त करने से हतोत्साहित कर सकती है, क्योंकि इससे लागत काफी बढ़ेगी। हमारे लिए इसके प्रभाव बहुआयामी होंगे। एक ओर, आईटी सेक्टर के अवसर सीमित होंगे, दूसरी ओर रेमिटेंस, जो भारत की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, उस पर भी असर पड़ेगा। भारत को अपने घरेलू उद्योग, स्टार्ट-अप इकोसिस्टम और रिसर्च-डेवलपमेंट ढांचे को मजबूत करने की दिशा में तेजी लाने और प्रतिभा के 'ब्रेन ड्रेन' को 'ब्रेन गेन' में बदलने का अवसर है।

भारतीय पेशेवरों के लिए भी यह समय रणनीतिक बदलाव का है। कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी और खाड़ी देश वैकल्पिक गंतव्य के रूप में उभर रहे हैं। चीन जैसे देशों की ओर रुख करने की संभावना सीमित है, क्योंकि वहां की राजनीतिक और सांस्कृतिक परिस्थितियां भारतीयों के लिए सहज नहीं हैं। सरकार को चाहिए कि वह अमेरिका के साथ इस मुद्दे पर कूटनीतिक स्तर पर सक्रिय संवाद बनाए रखे, साथ ही वैश्विक स्तर पर नए अवसरों के द्वार खोलने के लिए द्विपक्षीय समझौतों को बढ़ावा दे। कौशल विकास, उच्च शिक्षा और नवाचार में निवेश बढ़ाकर भारत अपने पेशेवरों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए और सक्षम बना सकता है। ट्रंप की नीतियां भले ही अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के लिए हों, लेकिन उनका दीर्घकालिक प्रभाव वैश्विक प्रतिभा और अर्थव्यवस्था दोनों पर पड़ेगा। भारत के लिए चुनौती यह है कि वह इस बदलते परिदृश्य में अपने हितों की रक्षा करते हुए नए अवसरों को पहचानकर आगे बढ़े— तभी 'अमेरिकन ड्रीम' के टूटने का दर्द एक नई वैश्विक संभावना में बदलेगा।

### प्रसंगवश

## परंपरा, बाजार और बदलती पहचान

भारत की सांस्कृतिक संरचना में त्योहारों का स्थान केवल आनंद और उत्सव तक सीमित नहीं है, बल्कि वे समाज की ऐतिहासिक स्मृति, आर्थिक संरचना, प्रकृति के साथ संबंध और मानवीय संवेदनाओं के गहरे ताने-बाने से जुड़े होते हैं। यहां त्योहार जीवन के हर पहलू को स्पर्श करते हैं— खेती, ऋतु परिवर्तन, पारिवारिक संबंध, सामूहिकता और आस्था, लेकिन वर्तमान समय में यह प्रश्न गंभीरता से उठाया जाने लगा है कि क्या हमारे पारंपरिक त्योहार अपनी मूल आत्मा से दूर होते जा रहे हैं? क्या उन पर एक प्रकार का 'कल्चरल अटैक' हो रहा है, जो धीरे-धीरे उनकी असल पहचान को बदल रहा है?

'कल्चरल अटैक' शब्द भले ही आक्रामक प्रतीत होता हो, लेकिन इसका आशय किसी एक वर्ग या समूह पर आरोप लगाना नहीं है। यह उस धीमी, सूक्ष्म और कई बार अनदेखी प्रक्रिया की ओर संकेत करता है, जिसके माध्यम से परंपराएं अपने मूल सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भ से हटकर नए अर्थ ग्रहण करने लगती हैं। यह परिवर्तन कभी स्वाभाविक होता है, तो कभी सुनियोजित आर्थिक और वैचारिक प्रभावों का परिणाम भी हो सकता है।



डॉ. प्रियंका सौरभ
शिक्षिका

भारतीय त्योहारों की जड़ें मुख्यतः कृषि और प्रकृति से जुड़ी रही हैं। देश का अधिकांश समाज सदियों तक कृषि-आधारित रहा है, इसलिए फसल, मौसम और भूमि के साथ उसका गहरा रिश्ता रहा। फसल कटने की खुशी, नई बुवाई की शुरुआत, वर्षा के आगमन का स्वागत— ये सब त्योहारों के माध्यम से व्यक्त होते थे। इन उत्सवों में किसान केंद्र में होता था, क्योंकि वही अन्न का उत्पादक था और वही समाज की जीवन-रेखा को बनाए रखता था। ऐसे त्योहारों में आडंबर कम और सहभागिता अधिक होती थी। लोग मिलकर गाते-बजाते, सामूहिक भोज करते और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते थे।


जैसे-जैसे समाज में शहरीकरण बढ़ा, औद्योगिकीकरण हुआ और बाजार की ताकतें मजबूत हुईं, त्योहारों का स्वरूप भी बदलने लगा। अब त्योहारों को केवल सांस्कृतिक या सामाजिक दृष्टि से नहीं, बल्कि आर्थिक अवसर के रूप में भी देखा जाने लगा। बाजार ने त्योहारों को उपभोग से जोड़ दिया— जहां खरीदारी, सजावट और प्रदर्शन को प्रमुखता मिलने लगी। त्योहारों के साथ 'ऑफर', 'डिस्काउंट' और 'शुभ खरीदारी' जैसे विचार जुड़ गए, जिसने उनके मूल स्वरूप को प्रभावित किया।

यह बदलाव केवल बाहरी नहीं है, बल्कि मानसिकता में भी आया है। पहले त्योहारों का अर्थ था— मिलना-जुलना, साझा करना और प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करना। अब कई जगहों पर यह प्रतिस्पर्धा का रूप ले चुका है। किसने कितना खर्च किया, किसने क्या खरीदा, किसका आयोजन कितना भव्य था। इस प्रक्रिया में त्योहारों की आत्मा कहीं पीछे छूटती चली गई।

त्योहारों पर 'कल्चरल अटैक' की चर्चा करते समय एक और महत्वपूर्ण पहलू सामने आता है— लोक परंपराओं का हाशिए पर जाना। भारत में हर क्षेत्र की अपनी विशिष्ट परंपराएं रही हैं, जो स्थानीय जीवनशैली, भाषा और संसाधनों से जुड़ी होती थीं, लेकिन आज मीडिया और बाजार के प्रभाव में एक प्रकार की सांस्कृतिक एकरूपता (cultural homogenization) देखने को मिल रही है। कुछ खास त्योहारों और उनके खास तरीकों को पूरे देश में मानक बना दिया गया है, जिससे स्थानीय विविधताएं धीरे-धीरे लुप्त हो रही हैं।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं)

# रघु राय, जिन्होंने शब्दों के बिना कहानियां सुनाईं





विवेक शुक्ला
पूर्व प्रधान सूचना अधिकारी
यूएई एंबेसी

कांग्रेस 1977 में लोक सभा का चुनाव हार गई। इंदिरा गांधी भी अपनी सीट नहीं बचा सकीं। तब कनॉट प्लेस में इंदिरा गांधी के फटे पड़े पोस्टर्स को रघु राय ने अपने कैमरे में कैद किया था। छह कॉलम में उस फोटो को स्टेट्समैन ने छापा। इसी के साथ रघु राय के रूप में देश और दुनिया को एक बेहतरीन फोटो जर्नलिस्ट मिल गया। वो स्टेट्समैन में हिंदुस्तान टाइम्स से गए थे। रघु राय भारतीय फोटोग्राफी की उस परंपरा के प्रतिनिधि थे, जिन्होंने कैमरे को केवल दृश्य दर्ज करने का साधन नहीं, बल्कि समय, समाज और मानवीय संवेदनाओं को समझने का माध्यम बनाया। उनके निधन के साथ भारतीय दृश्य-संस्कृति का एक अत्यंत महत्वपूर्ण अध्याय जैसे विराम लेता है, पर उनका काम आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बना रहेगा।



रघु राय का नाम आते ही भारत के विविध रंग, विरोधाभास और जीवन की जटिलताएं आंखों के सामने उभरने लगती हैं। उन्होंने अपने कैमरे के जरिए भारत को केवल दिखाया नहीं, बल्कि उसे महसूस करवाया। चाहे वह महानगरों की भाग-दौड़ हो, गांवों की सरलता, धार्मिक आस्था की गहराई या राजनीतिक घटनाओं का उथल-पुथल— राय की तस्वीरों में हर विषय एक गहरी मानवीय दृष्टि के साथ सामने आता है।

उनकी फोटोग्राफी की सबसे बड़ी विशेषता थी— क्षण की पकड़। वे उस 'निर्णायक क्षण' को पहचानते थे, जब एक साधारण दृश्य असाधारण बन जाता है। उनकी तस्वीरें देखने पर लगता है कि समय कुछ पल के लिए ठहर गया है, ताकि दर्शक उस दृश्य को पूरी तरह आत्मसात कर सके। यह गुण उन्हें विश्वस्तरीय फोटोग्राफरों की श्रेणी में स्थापित करता है।

रघु राय का करियर उस दौर में शुरू हुआ जब भारत कई सामाजिक और राजनीतिक परिवर्तनों से गुजर रहा था। उन्होंने इन परिवर्तनों को नजदीक से देखा और अपने कैमरे में दर्ज किया। 1971 का बांग्लादेश युद्ध, इंदिरा गांधी का राजनीतिक जीवन और विशेष रूप से भोपाल गैस त्रासदी— इन सब घटनाओं की उनकी तस्वीरें इतिहास के दस्तावेज बन चुकी हैं। भोपाल गैस त्रासदी के बाद खींची गई उनकी तस्वीरें केवल एक घटना का रिकॉर्ड नहीं हैं, बल्कि वे मानवीय पीड़ा की ऐसी अभिव्यक्ति हैं, जो आज भी झकझोर देती हैं।

उनकी तस्वीरों में एक गहरा नैतिक बोध भी दिखाई देता है। वे केवल दृश्य के सौंदर्य तक सीमित नहीं रहते, बल्कि उसके सामाजिक और मानवीय संदर्भ को भी उजागर करते हैं। यही कारण है कि उनकी फोटोग्राफी में संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता का अनूठा संतुलन मिलता है। वे न तो विषय का शोषण करते हैं और न ही उसे रोमांटिक बनाते हैं; वे उसे उसी सच्चाई के साथ प्रस्तुत करते हैं, जैसा वह है।रघु राय ने भारत के आध्यात्मिक जीवन को भी बड़े ही प्रभावशाली ढंग से चित्रित किया। कुंभ मेले की उनकी तस्वीरें इसका एक उत्कृष्ट उदाहरण हैं। लाखों लोगों की भीड़, आस्था का समुद्र और उसमें छिपी व्यक्तिगत कहानियां! इन सबको उन्होंने जिस गहराई से कैद किया, वह अद्भुत है। उनकी तस्वीरें केवल दृश्य नहीं, बल्कि अनुभव बन जाती हैं। उनकी शैली में एक खास तरह की लय और संरचना दिखाई देती है। वे प्रकाश और छाया का अत्यंत प्रभावी उपयोग करते थे, जिससे उनकी तस्वीरों में एक नाटकीयता और गहराई आती थी। इसके साथ ही, वे फ्रेम में मौजूद हर तत्व का सटीक उपयोग करते थे, जिससे तस्वीरें संतुलित और अर्थपूर्ण बनती थीं। उनकी रचनात्मक दृष्टि उन्हें केवल एक दस्तावेजी फोटोग्राफर नहीं, बल्कि एक कलाकार के रूप में स्थापित करती है।

रघु राय का योगदान केवल उनकी तस्वीरों तक सीमित नहीं था। उन्होंने भारतीय फोटोग्राफी को एक पहचान दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर उनके काम ने यह साबित किया कि भारत की कहानियां वैश्विक स्तर पर भी उतनी ही प्रासंगिक और प्रभावशाली हैं। उनकी तस्वीरें कई प्रतिष्ठित पत्रिकाओं और प्रदर्शनियों में शामिल हुईं, जिससे भारतीय फोटोग्राफी को वैश्विक मान्यता मिली। उनका जीवन और काम नए फोटोग्राफरों के लिए एक प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने यह सिखाया कि फोटोग्राफी केवल तकनीक का खेल नहीं है, बल्कि यह देखने की कला है— ऐसी दृष्टि विकसित करने की प्रक्रिया, जो साधारण में असाधारण को पहचान सके। उनके काम से यह भी स्पष्ट होता है कि एक फोटोग्राफर को अपने समय और समाज के प्रति सजग और संवेदनशील होना चाहिए। रघु राय का निधन निश्चित रूप से एक बड़ी क्षति है, लेकिन उनका काम हमेशा जीवित रहेगा। उनकी तस्वीरें हमें न केवल अतीत की याद दिलाती हैं, बल्कि वर्तमान को समझने और भविष्य के बारे में सोचने के लिए भी प्रेरित करती हैं। वे हमें यह याद दिलाती हैं कि कला का सबसे बड़ा उद्देश्य मानवता को समझना और उसे बेहतर बनाना है। रघु राय केवल एक फोटोग्राफर नहीं थे, बल्कि वे ऐसे कथाकार, जिन्होंने शब्दों के बिना कहानियां सुनाईं और उन कहानियों को समय की धारा में अमर कर दिया।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

रघु राय केवल एक फोटोग्राफर नहीं थे, बल्कि वे ऐसे कथाकार, जिन्होंने शब्दों के बिना कहानियां सुनाईं और उन कहानियों को समय की धारा में अमर कर दिया।

### आमने सामने



बीजेपी हमेशा से पंजाब विरोधी रही है और राज्य के लोग गद्दारों को सबक सिखाएंगे। पार्टी किसी भी व्यक्ति से बड़ी होती है। जो सांसद पार्टी छोड़कर गए हैं, वे पंजाब का प्रतिनिधित्व नहीं करते। जब उन्हें भगवंत मान के खिलाफ कुछ नहीं मिल, तो उन्होंने आप को तोड़ने की कोशिश की।

–भगवंत मान
पंजाब के मुख्यमंत्री

उन्होंने या अन्य किसी ने पंजाब और पंजाबियों के साथ कोई गद्दारी नहीं की है। वे पहले भी तन-मन-धन से पंजाब की सेवा कर रहे थे और आगे उससे भी अधिक मजबूती से काम करेंगे। हम किसी युवा को बेरोजगार नहीं रहने देंगे और उन्हें नशे से दूर रखने के लिए काम करेंगे।

–विक्रमजीत सिंह साहनी
राज्य सभा सांसद



# क्या भारत का नया निवेश दौर बदल रहा है!



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

पिछले कुछ वर्षों में भारत ने स्टार्टअप इकोसिस्टम के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। सस्ते इंटरनेट, डिजिटल भुगतान क्रांति, युवा उद्यमियों की बढ़ती संख्या और सरकार की प्रोत्साहन नीतियों के कारण भारत आज दुनिया के प्रमुख स्टार्टअप हब में शामिल हो चुका है। देश में दो लाख से अधिक स्टार्टअप्स पंजीकृत हैं और यूनिकॉर्न कंपनियों की संख्या भी तेजी से बढ़ी है, लेकिन 2025 के बाद एक नई प्रवृत्ति देखने को मिली है— स्टार्टअप फंडिंग में गिरावट। यह गिरावट केवल अस्थायी उतार-चढ़ाव नहीं बल्कि निवेश के बदलते दृष्टिकोण का संकेत देती है। यही कारण है कि आज यह सवाल महत्वपूर्ण हो गया है कि क्या भारत का निवेश दौर अब एक नए चरण में प्रवेश कर रहा है।

हाल के आंकड़े बताते हैं कि भारतीय स्टार्टअप्स में निवेश की गति धीमी हुई है। जहां एक समय निवेशक तेजी से पूंजी लगाते थे, वहीं अब वे अधिक सतर्क और चयनात्मक हो गए हैं। 2025 में स्टार्टअप फंडिंग में पिछले वर्षों की तुलना में कमी देखी गई और 2026 की शुरुआत भी अपेक्षाकृत कमजोर रही। इसका सबसे बड़ा कारण वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और विकसित देशों में ऊंची ब्याज दरों ने निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता को कम कर दिया है। जब वैश्विक स्तर पर पूंजी महंगी हो जाती है, तो उसका सीधा प्रभाव उभरते बाजारों जैसे भारत पर भी पड़ता है।

इसके अलावा, पिछले कुछ वर्षों में स्टार्टअप्स के अत्यधिक वैल्यूएशन ने भी इस स्थिति को जन्म दिया है। कई कंपनियों ने बिना स्थिर लाभप्रदता के केवल ग्रोथ के आधार पर भारी फंडिंग हासिल की। निवेशकों ने उस समय 'ग्रोथ एट ऑल कॉस्ट' की रणनीति अपनाई थी, लेकिन अब परिस्थितियां बदल गई हैं। अब निवेशक केवल यूजर बेस या मार्केट शेयर नहीं, बल्कि कंपनी की कमाई, नकदी प्रवाह और टिकाऊपन को महत्व दे रहे हैं। इसका परिणाम यह हुआ है कि केवल मजबूत बिजनेस मॉडल और स्पष्ट राजस्व रणनीति वाले स्टार्टअप्स को ही फंडिंग मिल रही है, जबकि कमजोर मॉडल वाले स्टार्टअप्स के लिए पूंजी जुटाना कठिन हो गया है।

भारतीय अर्थव्यवस्था के भीतर भी कुछ ऐसे कारक हैं, जो इस बदलाव को प्रभावित कर रहे हैं। ब्याज दरों का स्तर, लिक्विडिटी की स्थिति और मौद्रिक नीति निवेश के माहौल को तय करती है। जब ब्याज दरें अपेक्षाकृत ऊंची रहती हैं, तो निवेशक सुरक्षित साधनों जैसे बैंक एफडी, बॉन्ड और अन्य फिक्स्ड इनकम विकल्पों की ओर रुख करते हैं। इससे जोखिम भरे निवेश जैसे स्टार्टअप्स में पूंजी का प्रवाह कम हो जाता है। यही कारण है कि वर्तमान समय में निवेशकों की प्राथमिकताएं बदलती दिखाई दे रही हैं।

इस गिरावट को केवल नकारात्मक रूप में देखना सही नहीं होगा। इसे भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम के परिपक्व होने की प्रक्रिया के रूप में भी समझा जा सकता है। अब कंपनियां अनियंत्रित विस्तार के बजाय संतुलित विकास पर ध्यान दे रही हैं। वे लागत को नियंत्रित कर रही हैं, मुनाफे पर जोर दे रही हैं और दीर्घकालिक स्थिरता को प्राथमिकता दे रही हैं। इससे भविष्य में अधिक मजबूत और टिकाऊ कंपनियों का निर्माण होगा। यह बदलाव निवेशकों के लिए भी सकारात्मक है, क्योंकि उन्हें अब बेहतर गुणवत्ता वाली कंपनियों में निवेश का अवसर मिलेगा।

इसके साथ ही, निवेश का फोकस भी बदल रहा है। पहले जहां ई-कॉमर्स, फिनटेक और फूड डिलीवरी जैसे सेक्टर्स में अधिक निवेश होता था, वहीं अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लीन एनर्जी, डीप टेक, हेल्थ टेक और डिफेंस टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में निवेश बढ़ रहा है। यह बदलाव न केवल वैश्विक ट्रेंड को दर्शाता है, बल्कि भारत की दीर्घकालिक आर्थिक प्राथमिकताओं को भी प्रतिबिंबित करता है। सरकार की 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' जैसी पहल भी इन क्षेत्रों को बढ़ावा दे रही हैं, जिससे इन सेक्टर्स में नए अवसर उत्पन्न हो रहे हैं।

स्टार्टअप फंडिंग में गिरावट का प्रभाव रोजगार और नवाचार पर भी पड़ा है। कई स्टार्टअप्स ने लागत कम करने के लिए कर्मचारियों की छंटनी की है और कुछ कंपनियां बंद भी हुई हैं। इससे युवाओं के सामने चुनौतियां बढ़ी हैं, लेकिन यह समय आत्ममंथन का भी है। उद्यमियों को अब यह समझना होगा कि केवल बाहरी फंडिंग पर निर्भर रहना दीर्घकालिक समाधान नहीं है। उन्हें अपने बिजनेस मॉडल को इस तरह विकसित करना होगा कि वह स्वयं टिकाऊ हो सके। बूटस्ट्रैपिंग, एंजेल निवेश और सरकारी योजनाओं का सही उपयोग इस दिशा में मददगार हो सकता है। इस बदलते परिदृश्य में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो जाती है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

आंकड़े बताते हैं कि स्टार्टअप्स में निवेश की गति धीमी हुई है। एक समय निवेशक तेजी से पूंजी लगाते थे, अब वे अधिक सतर्क और चयनात्मक हो गए हैं।

### सोशल फोरम

## सुख-दुख और मस्तिष्क

सुख और दुख दोनों ऐसी चीज़ नहीं है, जिसे तुम कहीं ढूंढ सकते हो। ये दोनों अवस्थाएं हमारे मस्तिष्क की ट्रेनिंग होती है, जिसे हम अपनी परिस्थिति के अनुसार ट्रेंड करते हैं, इसलिए जो सुख और दुख ढूंढते हैं बाहर, वो उन्हें सारे जीवन कहीं नहीं मिलता है

आप इसे एक छोटे से उदाहरण द्वारा समझिए। आप देखिए कि आप किस चीज़ को पाकर या किस अवस्था में पहुंचकर खुश होते हैं? जैसे आप के पास अपना कोई घर नहीं था और आप मेहनत करके एक दो कमरे का घर खरीद लेते हैं। उस घर को पाकर आप बहुत ख़ुशी महसूस करते हैं, मगर यही दो कमरे का घर अगर आप उस व्यक्ति को दे दें, जिसके पास पहले से दो-चार शहरों में बड़े-बड़े बंगले हैं, तो क्या आपका ये दो कमरे का घर उसे खुशी देगा? नहीं.. बिल्कुल नहीं.. और अगर उस संपन्न व्यक्ति के सारे बंगले बिक जाएं, वो कंगाल हो जाए और उसे अपने बंगले छोड़कर आपके उस दो कमरे के घर में शिफ्ट होना पड़े तो वो सुखी नहीं बल्कि बहुत अधिक दुखी होगा। जो घर आपके लिए सुख की वजह थी, जिसे आप असली सुख समझते थे, वो किसी दूसरे को न तो सुख दे रहा है और न ही खुशी, यहां तक कि वो दुख भी दे रहा है



सिद्धार्थ ताबिश
राइटर

आप अपने मस्तिष्क और शरीर को ट्रेंड करते हैं और उसे ये समझाते हैं कि 'तुम्हारे लिए ये सुख है और ये दुख' और फिर आपका शरीर और मस्तिष्क आपको उसी हिसाब से रिजल्ट देता है। हम मनुष्यों का सारा जीवन इसी ट्रेनिंग और इसके रिजल्ट को महसूस करने में बीत जाता है।

आपको लोग बताते हैं कि परिवार सुख देता है, बच्चे सुख देते हैं, शादी सुख देती है और लोग सारी उम्र इस प्रयोग में फंसे रहते हैं। आप देखिए कि लड़के किस तरह से भावुक होकर वीडियो डालते हैं, जब उनके यहां बच्चा होता है। पिता आपको कहते मिलेंगे कि मेरा जीवन संवर गया, जब से मेरे घर ये बिटिया आई है या ये बेटा आया है, जबकि हकीकत ये होती है कि बच्चा होने के बाद लोगों का जीवन बड़ा ही कठिनाइयों भरा हो जाता है, न नींद पूरी होती है और न ही सुख मिलता है। अधिक कमाना, अधिक काम करना, अधिक मेहनत करना एक रूटीन बन जाता है बच्चा पालने के लिए। बच्चा पालना इतना, इतना तकलीफदेह होता है कि आपकी उम्र तक कम हो जाती है। क्या जीवन में कोई ऐसा सुख होता है, जो आपकी उम्र कम कर दे? शादी परिवार बच्चा ये सब आपकी उम्र घटाते हैं, बढ़ाते नहीं है.. ये प्रमाणित है। –फेसबुक वाल से

### सामयिकी

## 'आप' के 15 वर्षीय इतिहास का सबसे बड़ा 'ब्लैकआउट'

भारत की समकालीन राजनीति में शायद ही कोई घटना इतनी तेजी से राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में आई हो, जितनी राघव चड्ढा सहित सात राज्यसभा सांसदों के आम आदमी पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने से आई है। राघव चड्ढा सहित सात सांसदों का भाजपा में जाना केवल एक खबर नहीं, बल्कि आम आदमी पार्टी के 15 साल के इतिहास का सबसे बड़ा 'ब्लैकआउट' है। भारतीय राजनीति के क्षितिज पर यह घटनाक्रम एक बड़े 'पॉलिटिकल अर्थक्वेक' के रूप में दर्ज हो गया है। आम आदमी पार्टी (आप) के 'पोस्टर बॉय' माने जाने वाले राघव चड्ढा सहित राज्यसभा के सात सांसदों का एक साथ पाला बदलकर भाजपा में शामिल होना न केवल 'आप' के लिए एक अस्तित्वगत संकट है, बल्कि यह देश की राजनीति की दिशा और दशा बदलने वाला घटनाक्रम भी है।



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

यह सिर्फ दल-बदल नहीं बल्कि सत्ता, विचारधारा और राजनीतिक रणनीति के बीच गहरे संघर्ष का संकेत है। जब राज्यसभा में पार्टी के कुल 10 में से 7 सांसद (दो-तिहाई बहुमत) एक साथ अलग होकर भाजपा में विलय करने का निर्णय लेते हैं, तो यह दलबदल नहीं, एक वैचारिक और संगठनात्मक विद्रोह का प्रतीक बन जाता है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब भारतीय राजनीति 2027 के बड़े चुनावी चक्र की ओर बढ़ रही है। ऐसे में इस घटनाक्रम ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या 'आप' का 'पंजाब किला' अब ढहने के कगार पर है? क्या 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव की पटकथा अभी से लिखी जा चुकी है? और सबसे बड़ा प्रश्न कि क्या यह 'आप' के पतन की शुरुआत है या फिर एक अस्थायी राजनीतिक झटका?

आम आदमी पार्टी ने इस पूरे घटनाक्रम को केवल राजनीतिक असहमति नहीं बल्कि लोकतंत्र पर सुनियोजित प्रहार करार दिया है। पार्टी नेतृत्व का स्पष्ट आरोप है कि केंद्रीय एजेंसियों के भय, दबाव और राजनीतिक प्रलोभनों के माध्यम से उसके सांसदों को तोड़ा गया, जिसे वह संस्थागत दुरुपयोग की श्रेणी में रखती है। यह आरोप भारतीय राजनीति में सत्ता बनाम विपक्ष की उस पुरानी बहस को फिर जीवित कर देता है, जहां नैतिकता और रणनीति आमने-सामने खड़ी दिखाई देती हैं।

संवैधानिक दृष्टि से यह कदम और भी दिलचस्प हो जाता है। दलबदल विरोधी कानून की तकनीकी बारीकी (दो-तिहाई सदस्यों के एक साथ अलग होने की शर्त) का उपयोग करते हुए राघव चड्ढा के नेतृत्व में सात सांसदों का भाजपा में विलय यह संकेत देता है कि यह केवल भावनात्मक निर्णय नहीं, बल्कि गहन कानूनी सलाह और रणनीतिक योजना का परिणाम था। सबसे गंभीर आघात वैचारिक स्तर पर है। जब भीतर से ही यह स्वर उठे कि पार्टी अपने मूल सिद्धांतों से भटक गई है, तो यह केवल संगठनात्मक संकट नहीं बल्कि पहचान के संकट का संकेत बन जाता है और यही चुनौती 'आप' के लिए सबसे कठिन परीक्षा है।

पंजाब की राजनीति में उठी यह हलचल महज दल-बदल नहीं, बल्कि सत्ता समीकरणों के पुनर्गठन का संकेत है। इस विद्रोह का सबसे गहरा असर पंजाब की सियासत पर पड़ना तय है। राज्यसभा में पंजाब का प्रतिनिधित्व करने वाले चेहरे (हरभजन सिंह, अशोक मित्तल, संजीव अरोड़ा और विक्रमजीत सिंह साहनी) का पार्टी से अलग होना 'आप' की उस सामाजिक पकड़ को कमजोर करता है, जो विविध वर्गों के प्रतिनिधित्व से बनी थी।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।




# Kia Syros 2026
# स्टाइल, टेक्नोलॉजी और सेफ्टी का कॉम्बिनेशन

Kia India ने भारतीय बाजार में अपनी नई SUV Kia Syros 2026 को लॉन्च कर दिया है। इस बार कंपनी ने ग्राहकों की जरूरतों और फीडबैक को ध्यान में रखते हुए अपने पोर्टफोलियो को और मजबूत बनाया है। नए मॉडल में HTE, HTE(O), HTK+(O) और HTX(O) जैसे वेरिएंट्स जोड़े गए हैं। इसकी शुरुआती कीमत 8.39 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) रखी गई है, जो कि पहले वाले मॉडल के मुकाबले करीब 27,000 रुपये कम है। खास बात यह है कि अब इसमें ज्यादा ऑटोमैटिक विकल्प मिलते हैं, खासकर डीजल ऑटोमैटिक वेरिएंट्स, जो इसे और आकर्षक बनाते हैं। आइए आपको नई सिरोस की खूबियों के बारे में डिटेल में बताते हैं।

## क्या नया है एक्सटीरियर और डिजाइन में

नई Syros को पहले से ज्यादा स्पोर्टी और रग्ड लुक दिया गया है। इसके फ्रंट में नया बंपर मिलता है, जिसमें बॉडी-कलर्ड एयरो इंसर्ट्स और ग्लॉसी ब्लैक स्किड प्लेट्स के साथ LED फॉग लैम्प्स शामिल हैं। रियर प्रोफाइल को भी अपडेट किया गया है, जहां नया बंपर और LED हाई-माउंटेड स्टॉप लैम्प दिया गया है, जो इसे प्रीमियम टच देता है।

## साइड प्रोफाइल में ग्लॉसी ब्लैक रूफ

रेल्स, ORVMs और बॉडी-कलर्ड गार्निश इसे और स्टाइलिश बनाते हैं। HTX और HTX(O) वेरिएंट्स में 17-इंच स्पोर्टी क्रिस्टल कट अलॉय व्हील्स दिए गए हैं, जिनमें नियोन ब्रेक कैलिपर्स भी मिलते हैं। इसके साथ Magma Red, Ivory Silver Matte और Ivory Silver Gloss जैसे नए कलर ऑप्शन्स इसकी रोड प्रेजेंस को और बेहतर बनाते हैं।

## इंजन और परफॉर्मेंस

इस SUV में 1.0-लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो 118 bhp की पावर और 172 Nm का टॉर्क जेनरेट करता है। वहीं 1.5-लीटर डीजल इंजन 113 hp की पावर और 250 Nm का टॉर्क देता है। ट्रांसमिशन विकल्पों में 6-स्पीड मैनुअल, 7-स्पीड DCT और 6-स्पीड टॉर्क कन्वर्टर ऑटोमैटिक गियरबॉक्स शामिल हैं, जिससे ड्राइविंग अनुभव स्मूद और पावरफुल बनता है।




## हाई-टेक फीचर्स

नई Syros में करीब 30 इंच का ट्रिनिटी पैनोरमिक डिस्प्ले दिया गया है, जो केबिन को बेहद प्रीमियम और फ्यूचरिस्टिक बनाता है। इसके अलावा ड्यूल पैन सनरूफ के कारण केबिन में ज्यादा रोशनी और ओपननेस का अहसास मिलता है। फ्रंट और रियर दोनों सीट्स में वेंटिलेशन की सुविधा दी गई है, जिससे लंबी यात्राएं भी आरामदायक रहती हैं। सेकंड-रो सीट्स में 60:40 स्प्लिट के साथ स्लाइड और रिक्लाइन फंक्शन मिलता है, जिससे स्पेस को जरूरत के अनुसार एडजस्ट किया जा सकता है। इसमें 80 से ज्यादा कनेक्टेड कार फीचर्स दिए गए हैं, जिनमें OTA अपडेट और Kia Connect डायग्नोस्टिक्स शामिल हैं।

## सेफ्टी

सेफ्टी के मामले में यह SUV काफी मजबूत है। इसे 5-स्टार BNCAP रेटिंग मिली है, जो इसकी सुरक्षा क्षमता को दर्शाती है। इसमें 20 से ज्यादा एडवांस सेफ्टी फीचर्स दिए गए हैं, जो ड्राइवर और पैसेंजर्स दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं।



## वेरिएंट्स और कीमत

- 2026 Kia Syros टोटल 7 वेरिएंट्स में लॉन्च है, जिनकी कीमत-
- HTE (पेट्रोल MT): 8.40 लाख रुपये
- HTE(O): 9.20 लाख रुपये (पेट्रोल), 10 लाख रुपये (डीजल)
- HTK(EX): 9.80 लाख रुपये (पेट्रोल), 10.60 लाख रुपये (डीजल)
- HTK+: 10.74 लाख रुपये (पेट्रोल MT), 11.94 लाख रुपये (DCT), 11.54 लाख रुपये (डीजल MT), 12.74 लाख रुपये (डीजल AT)
- HTK+(O): 12 लाख रुपये (पेट्रोल MT), 13.20 लाख रुपये (DCT), 12.80 लाख रुपये (डीजल MT), 14 लाख रुपये (डीजल AT)
- HTX: 14 लाख रुपये (पेट्रोल DCT), 14.80 लाख रुपये (डीजल AT)
- HTX(O): 15 लाख रुपये (पेट्रोल DCT), 15.80 लाख रुपये (डीजल AT)
- डीजल ऑटोमैटिक वेरिएंट अब HTK+ से उपलब्ध है, जिसकी कीमत 12.73 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) से शुरू होती है।

## मॉय फर्स्ट राइड

# एक सफर, जो भीतर से हुआ शुरू



ड्राइवर की सीट तक मेरा सफर एक कार से शुरू नहीं हुआ, यह एक इंसान से शुरू हुआ। मेरी स्कूल प्रिंसिपल, मिसेज सिल्विया पॉल, एक डाइनैमिक पर्सनैलिटी की मिसाल थीं। मेरी इंग्लिश टीचर के तौर पर, उन्होंने हमें सिर्फ ग्रामर ही नहीं सिखाया, उन्होंने हमें प्रेजेंस और पॉजिशन भी सिखाया। उन्हें जिंदगी को इतने ग्रेस और अथॉरिटी के साथ आगे बढ़ते देखना, पहली चिंगारी थी, जिसने मुझे अपना रास्ता और अपनी गाड़ी खुद कंट्रोल करने के लिए प्रेरित किया। हालांकि जिंदगी अच्छे इरादों को भी देर से पूरा करती है। मुझे शुरू करने की हिम्मत जुटाने में बहुत समय लगा। मैं खुशकिस्मत थी कि मेरे दो सब्र वाले मेंटर थे- मेरे पिता और मेरे पति। उन्होंने मुझे फोर-व्हीलर के मैकेनिक्स के बारे में गाइड करने में अनगिनत घंटे बिताए, मुझे इंजन की आवाज सुनना और सड़क का सम्मान करना सिखाया। फिर भी, उनके सपोर्ट के बावजूद, मैं दिल से एक 'को-पायलट' ही रही, अकेले उड़ने के लिए कभी पूरी तरह तैयार नहीं हुई। बारिश और रिजॉल्व यह एक ऐसे दिन बदल गया, जिसे मैं कभी नहीं भूलूंगी।

कॉलेज के एक जरूरी एग्जाम की सुबह थी और मौसम बहुत खराब था। जोरों की बारिश हो रही थी और हालात और भी खराब हो गए थे, मेरे ड्राइवर ने उस दिन छुट्टी ले ली थी। चुनाव आसान था: घर पर रहकर एग्जाम छोड़ दूं या आखिरकार उन सबक को काम में लाऊं। अचानक आए पक्के इरादे से, मैंने अपनी चाबियां पकड़ीं। मैंने कार 'सेल्फ' की, इंजन चालू हो गया और मेरा दिल तेजी से धड़क रहा था। मजबूत पकड़ के साथ, मैंने कार को पहले गियर में रखा। मैंने 20 km प्रति घंटे की एक जैसी, सावधानी से स्पीड बनाए रखी, वाइपर की रिदम वाली स्वाइप के बीच पूरी तरह से आगे की सड़क पर फोकस किया। मुश्किलों के बावजूद, मैं अपनी मंजिल पर पहुंच गई। मैंने सड़क पार कर ली थी, लेकिन एक आखिरी, बड़ी रुकावट बाकी थी, पार्किंग लॉट तंग था और मेरा कॉन्फिडेंस डगमगा गया। मेरी मुश्किल देखकर, एक बैचमेट ने मेरी झिझक देखी और मदद के लिए आगे आई। उसने स्टीयरिंग संभाली और बड़ी कुशलता से कार को सही जगह पर ले आया। शुरू में, उसके चेहरे की मुस्कान देखकर मैं शर्म से लाल हो गई। मुझे ऐसा लगा जैसे मैं कोई नया ड्राइवर हूं, जो 'ड्राइवर का नाटक' करते हुए पकड़ा गई हो, लेकिन उसकी बातों ने तुरंत वह एहसास दूर कर दिया। तुम्हें गाड़ी चलाते देखकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। उसने प्यार से कहा- "लगे रहो। बाकी तुम धीरे-धीरे सीख जाओगी, लेकिन सबसे मुश्किल काम तो हो ही गया है।" उस दिन, मैंने सिर्फ कॉलेज का एग्जाम ही पास नहीं किया, मैंने आजादी का एक बहुत बड़ा टेस्ट पास किया। मुझे एहसास हुआ कि मेंटर तुम्हें रास्ता दिखा सकते हैं, लेकिन चाबी सिर्फ तुम ही घुमा सकते हो।

**- डॉ. दीपशिखा चौधरी**
मेडिकल ऑफिसर इंचार्ज, अवध यूनिवर्सिटी

# आस्ट्रेलिया में लॉन्च हुई लकड़ी की इलेक्ट्रिक साइकिल

इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की दुनिया तेजी से आगे बढ़ रही है, लेकिन अब इसमें एक ऐसा नया प्रयोग सामने आया है, जो इसे और भी दिलचस्प बना देता है। कल्पना कीजिए एक ऐसी ई-साइकिल की, जो धातु से नहीं, बल्कि लकड़ी से बनी हो और फिर भी स्टाइल, मजबूती और परफॉर्मेंस में किसी से कम न हो। ऑस्ट्रिया की कंपनी Esel ने अपनी नई Esel eUrban लॉन्च कर इस अनोखे कॉन्सेप्ट को वास्तविकता में बदल दिया है। यह साइकिल डिजाइन और टेक्नोलॉजी का ऐसा मेल है, जो बाजार में अलग पहचान बनाने की क्षमता रखता है।

## लकड़ी का फ्रेम, लेकिन मजबूती बरकरार

इस ई-साइकिल की सबसे बड़ी खासियत इसका वुडन फ्रेम है। जहां आमतौर पर साइकिलों में एल्युमिनियम या कार्बन फ्रेम का इस्तेमाल होता है, वहीं eUrban में हॉलो टीक वुड का उपयोग किया गया है। यह फ्रेम देखने में बेहद प्रीमियम लगता है और साथ ही मजबूती व संतुलन का भी पूरा ध्यान रखता है। कंपनी का कहना है कि यह रोजमर्रा के उपयोग के लिए पूरी तरह सुरक्षित और भरोसेमंद है।



## अलग जरूरतों के लिए दो वेरिएंट

इस मॉडल को दो वेरिएंट Basic और Performance में पेश किया गया है। बेसिक वर्जन का वजन लगभग 18.5 किलोग्राम है और इसमें 10-स्पीड गियर सिस्टम मिलता है। वहीं Performance वेरिएंट करीब 2 किलो हल्का है और इसमें 11-स्पीड गियर के साथ कार्बन व्हील्स दिए गए हैं। दोनों विकल्प अलग-अलग यूजर्स की जरूरत और राइडिंग स्टाइल को ध्यान में रखकर डिजाइन किए गए हैं।

## बैटरी और परफॉर्मेंस

eUrban में रियर हब मोटर दी गई है, जो 42 Nm का टॉर्क जनरेट करती है। कंपनी के अनुसार, यह साइकिल एक बार चार्ज करने पर लगभग 80 किलोमीटर तक चल सकती है। बैटरी को फुल चार्ज होने में करीब 4 घंटे का समय लगता है। इस लिहाज से यह शहर के रोजमर्रा के सफर के लिए एक व्यावहारिक विकल्प बन सकती है।

## कीमत और उपलब्धता

Esel eUrban की कीमत प्रीमियम सेगमेंट में रखी गई है। बेसिक वेरिएंट की कीमत करीब 4,700 डॉलर (लगभग 4 .39 लाख रुपये) है, जबकि Performance वर्जन लगभग 5,800 डॉलर (करीब 5 .41 लाख रुपये) तक जाता है। फिलहाल यह साइकिल भारत में उपलब्ध नहीं है, लेकिन इसका अनोखा कॉन्सेप्ट भविष्य में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के नए ट्रेंड को जन्म दे सकता है।



## फीचर्स जो बनाते हैं खास

इस ई-साइकिल में ड्यूल-पिस्टन हाइड्रोलिक डिस्क ब्रेक दिए गए हैं, जो बेहतर कंट्रोल और सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। इसके साथ कार्बन फोर्क सस्पेंशन राइड को स्मूद बनाता है। अलग-अलग साइज विकल्प उपलब्ध होने से यूजर्स अपनी सुविधा और ऊंचाई के अनुसार सही मॉडल चुन सकते हैं।

# कानूनी रूप से भारी पड़ सकती है गाड़ी की नंबर प्लेट से छेड़छाड़

सड़कों पर चलते हुए अक्सर कुछ लोग नियमों से बचने के लिए ऐसे तरीके अपनाते दिख जाते हैं, जो देखने में छोटे लगते हैं, लेकिन उनके परिणाम बहुत गंभीर हो सकते हैं। खासकर ई-चालान से बचने के लिए नंबर प्लेट के साथ छेड़छाड़ करना आजकल आम होता जा रहा है। कोई उस पर टेप चिपका देता है, कोई पेंट कर देता है, तो कोई उसे जानबूझकर ढक देता है, लेकिन यह समझना जरूरी है कि यह सिर्फ नियम तोड़ना नहीं, बल्कि कानून के साथ धोखा करना है, जिस पर अब प्रशासन सख्ती से कार्रवाई कर रहा है।




## वाहन की पहचान

नंबर प्लेट किसी भी वाहन की पहचान होती है। यही वह माध्यम है, जिसके जरिए ट्रैफिक नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाता है और किसी दुर्घटना या अपराध की स्थिति में वाहन को ट्रेस किया जाता है। ऐसे में जब कोई व्यक्ति जानबूझकर नंबर प्लेट को छिपाता है, तो वह न सिर्फ कानून का उल्लंघन करता है, बल्कि सड़क सुरक्षा को भी खतरे में डालता है।

## जानबूझकर की गई धोखाधड़ी

चालान से बचने के लिए नंबर प्लेट छिपाने के लिए लोग कई तरह के तरीके अपनाते हैं। सबसे आम तरीका है-नंबरों पर काला टेप लगाना या कीचड़ चिपका देना, ताकि कैमरे में नंबर साफ न दिखे। कई बाइक सवार पीछे हेलमेट इस तरह टांग देते हैं कि नंबर प्लेट पूरी तरह ढक जाती है। वहीं, कुछ कार चालक डिक्की पर सामान रखकर नंबर को छिपा देते हैं। इसके अलावा रिफ्लेक्टिव टेप या केमिकल का इस्तेमाल भी किया जाता है, जिससे कैमरे की फ्लैश पड़ने पर नंबर पढ़ा न जा सके। ये सभी तरीके जानबूझकर की गई धोखाधड़ी माने जाते हैं।

## सख्त कानूनी कार्रवाई

ऐसे मामलों में अब सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। नंबर प्लेट के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ करने पर पुलिस भारतीय कानून बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर सकती है। इसमें जुर्माने के साथ-साथ जेल तक की सजा का प्रावधान है। इसके अलावा, ट्रैफिक पुलिस को यह अधिकार है कि वह ऐसी गाड़ियों को मौके पर ही जब्त कर ले। यदि कोई व्यक्ति बार-बार ऐसा करते हुए पकड़ा जाता है, तो आरटीओ उसके वाहन का रजिस्ट्रेशन भी रद्द कर सकता है।

## नियम का पालन




ऐसी स्थिति में सबसे बेहतर उपाय यही है कि नियमों का पालन किया जाए। अपनी गाड़ी पर हमेशा हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (HSRP) लगवाएं और यह सुनिश्चित करें कि नंबर प्लेट साफ और स्पष्ट दिखाई दे। उस पर किसी तरह का स्टिकर या सजावट न करें। याद रखें, थोड़ी सी चालाकी आपको बड़ी परेशानी में डाल सकती है। नियमों का पालन न केवल आपको कानूनी मुसीबतों से बचाता है, बल्कि सड़क पर सभी की सुरक्षा भी सुनिश्चित करता है। इसलिए जिम्मेदार बनें और सुरक्षित तरीके से वाहन चलाएं।

## आसान नहीं कैमरों को धोखा देना

तकनीक के इस दौर में कैमरों को धोखा देना आसान नहीं रहा। सड़कों पर लगे आधुनिक एआई कैमरे बहुत ही संवेदनशील होते हैं और नंबर प्लेट में की गई छोटी से छोटी गड़बड़ी को भी पकड़ लेते हैं। अगर आपकी नंबर प्लेट धुंधली या खराब पाई जाती है, तो इसे 'दोषपूर्ण प्लेट' मानते हुए 5,000 रुपये तक का चालान किया जा सकता है। कई मामलों में पुलिस सीसीटीवी के जरिए वाहन मालिक तक पहुंचकर सीधे नोटिस भी भेजती है।


## नायडू को 'बिजनेस रिफॉर्मर ऑफ द ईयर' पुरस्कार

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को एक मीडिया घराने ने 'बिजनेस रिफॉर्मर ऑफ द ईयर' पुरस्कार दिया है। पुरस्कार स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सम्मान दर्शाता है कि आंध्र प्रदेश में शासन सुधारों और नीतिगत पहलों के चलते राज्य निवेश और नवाचार के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है।

अमृत विचार
कानपुर, सोमवार, 27 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com

# कारोबार

### बिजनेस ब्रीफ



### मुंबई के मैंग्रोव के संरक्षण की जरूरत : गोदरेज

**मुंबई।** उद्योगपति पिरोजशा गोदरेज ने कहा कि मुंबई को मैंग्रोव (तटीय वनस्पति) के संरक्षण पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने उपनगरीय विखरोली में खाड़ी के पास परिवार के नियंत्रण वाले मैंग्रोव क्षेत्र को कभी भी विकसित न करने का संकल्प लिया। यह टिप्पणी वर्सोवा में एक सी-लिंक के लिए 45,000 मैंग्रोव के पेड़ों को काटने के कदम के बीच आई है। गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप के नामित चेयरमैन ने कहा कि जब प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की बात आती है, तो हमें प्रतिस्पर्धी विमर्शों के बीच संतुलन बनाने की आवश्यकता है। खाड़ी के किनारे मैंग्रोव के एक विशाल क्षेत्र के नजदीक स्थित अपने कार्यालय में दिए साक्षात्कार में गोदरेज ने कहा कि मुझे लगता है कि शहर को उनके (मैंग्रोव) संरक्षण पर बहुत अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।

### पर्सिस्टेंट का यूरोप में बड़े अधिग्रहण पर विचार

**मुंबई।** मझोली आकार की सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी पर्सिस्टेंट सिस्टम्स यूरोप में एक बड़े अधिग्रहण की संभावना तलाश रही है। कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी सुनील सप्रे ने कहा कि ऐसे अधिग्रहण से कंपनी की कुल आय में यूरोप की हिस्सेदारी मौजूदा आठ प्रतिशत से बढ़ाकर 15-20 प्रतिशत तक की जा सकती है। इससे कंपनी की आय अमेरिका या उत्तर अमेरिकी बाजार पर निर्भरता से आगे बढ़कर विविध हो सकेगी। सप्रे ने कहा कि अगर हम एक अच्छा और पर्याप्त आकार का अधिग्रहण कर पाते हैं, जिससे आय में यूरोप की हिस्सेदारी 15 या 20 प्रतिशत के करीब पहुंच सके, तो हम इस पर जरूर विचार करेंगे।

### 15000 करोड़ का निवेश करेगी अदाणी ग्रीन एनर्जी

**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) चालू वित्त वर्ष में 10 गीगावाट-घंटा (जीडब्ल्यूएच) से अधिक की बैटरी ऊर्जा भंडारण क्षमता जोड़ने के लिए लगभग 15,000 करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बना रही है। कंपनी का यह कदम भारत के तेजी से बदलते ऊर्जा परिदृश्य के बीच भरोसेमंद और वितरण योग्य स्वच्छ बिजली की दिशा में एक बड़ा बदलाव है। कंपनी ने अपने वित्तीय नतीजों पर चर्चा के दौरान कहा कि यह प्रस्तावित विस्तार लगभग तीन गीगावाट-घंटा की उस स्थापित भंडारण क्षमता के अतिरिक्त होगा, जिसे कंपनी जल्द ही हासिल करने की उम्मीद कर रही है।

# प. एशिया के हालात और कच्चे तेल की चाल से तय होगी बाजार की दिशा


## कंपनियों के नतीजों की भी रहेगी बड़ी भूमिका, शुक्रवार को बंद रहेंगे बाजार

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया की भू-राजनीतिक स्थिति, कंपनियों के चौथी तिमाही के नतीजे और कच्चे तेल की कीमतें आने वाले सप्ताह में शेयर बाजार की दिशा तय करेंगी। इस सप्ताह शुक्रवार को महाराष्ट्र दिवस के कारण शेयर बाजार बंद रहेंगे।

एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा कि आगे बाजार काफी हद तक खबरों पर आधारित और उतार-चढ़ाव वाला रह सकता है। निवेशकों की नजर अमेरिका-ईरान वार्ता, कच्चे तेल की कीमतों के रुझान और वैश्विक संकेतकों पर रहेगी। यदि तेल की कीमतों में स्थिरता या गिरावट आती है तो इससे चिंताओं में कमी आ सकती है, जबकि होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव बढ़ने या लंबे समय तक व्यवधान रहने से बाजार में फिर से अस्थिरता और मुनाफावसूली देखी जा सकती है।

उन्होंने कहा कि चौथी तिमाही के नतीजे भी शेयर-विशिष्ट गतिविधियों के लिए प्रमुख कारक होंगे, जहां निवेशक कंपनियों के प्रदर्शन, भविष्य के मार्गदर्शन और विभिन्न क्षेत्रों के परिदृश्य पर नजर रखेंगे। विश्लेषकों के अनुसार, होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी हुई हैं, जिससे महंगाई को लेकर चिंताएं बढ़ी हैं। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर संबंधी फैसले पर भी निवेशकों की नजर रहेगी।



- **तनाव बढ़ने से फिर हो सकती है अस्थिरता और मुनाफावसूली**
- **ऊंची तेल कीमतों से पड़ता है कंपनियों के मुनाफे पर असर**
- **अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दर पर रहेगी निवेशकों की नजर**

लाइवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक और शोध विश्लेषक हरिप्रसाद ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव से कच्चे तेल की कीमतों पर सीधा असर पड़ रहा है और ब्रेंट क्रूड 107 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बना हुआ है। भारत के लिए ऊंची तेल कीमतें सबसे अहम आर्थिक कारक हैं, क्योंकि इससे महंगाई, रुपये और कंपनियों के मुनाफे पर दबाव पड़ता है। पिछले सप्ताह सेंसेक्स 1,829.33 अंक (2.33 प्रतिशत) गिरा और निफ्टी 455.6 अंक (1.87 प्रतिशत) नीचे आया।

### टॉप 7 कंपनियों का पूंजीकरण दो लाख करोड़ रुपये घट गया

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में गिरावट के रुख के बीच देश की शीर्ष-10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के कुल बाजार पूंजीकरण में पिछले सप्ताह दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आई। इस दौरान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई सेंसेक्स 1,829 .33 अंक यानी 2 .33 प्रतिशत गिरा, जबकि एनएसई निफ्टी 455 .6 अंक यानी 1.87 प्रतिशत नीचे आया। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (अनुसंधान) अजीत मिश्रा ने कहा कि लगातार दो सप्ताह की तेजी के बाद बाजार में गिरावट आई है, जिस पर भू-राजनीतिक तनाव और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों के कमजोर नतीजों का असर पड़ा। आंकड़ों के अनुसार शीर्ष-10 कंपनियों में से सात का कुल बाजार पूंजीकरण 2,05,343 .06 करोड़ रुपये घट गया।

### एचपीसीएल ने कहा- रिसाव के कारण लगी रिफाइनरी में आग

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने कहा कि राजस्थान में उसकी संयुक्त उद्यम रिफाइनरी में आग लगने का संभावित कारण रिसाव था। मरम्मत का काम तीन से चार सप्ताह के भीतर पूरा होने की उम्मीद है और 'क्रूड डिस्टिलेशन यूनिट' (सीडीयू) मई मध्य तक फिर से चालू हो सकती है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा निर्धारित उद्घाटन से एक दिन पहले 20 अप्रैल को एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी की 79,450 करोड़ रुपये की नवनिर्मित रिफाइनरी की मुख्य इकाई के पास भीषण आग लग गई थी। रिफाइनरी की मुख्य इकाई - क्रूड डिस्टिलेशन यूनिट - में आग संभवतः हीट एक्सचेंजर सर्किट में एक वाल्व या फ्लैंज से हाइड्रोकार्बन रिसाव के कारण लगी थी।

एचपीसीएल ने शेयर बाजार को बताया कि 20 अप्रैल की घटना की विस्तृत जांच से पुष्टि हुई है कि आग हीट एक्सचेंजर स्टैक तक सीमित थी, जिससे छह एक्सचेंजर्स और संबंधित उपकरण प्रभावित हुए। परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर आग का कारण वैक्यूम रेसिड्यू एक्सचेंजर इनलेट लाइन पर प्रेशर गेज टैपिंग पॉइंट से रिसाव हो सकता है।

### सरकार का रूस से कच्चे तेल आयात के आंकड़े से इनकार

### सीआईसी ने कहा- सही फैसला

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



पेट्रोलियम मंत्रालय के तहत काम करने वाली पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) ने कहा कि रूस से भारत में आयात किए जाने वाले कच्चे तेल से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक नहीं की जा सकती, क्योंकि यह व्यावसायिक और गोपनीय प्रकृति की है।

केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने भी इस रुख का समर्थन करते हुए कहा कि इससे देश के रणनीतिक और आर्थिक हित प्रभावित हो सकते हैं।

यह मामला सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत दायर एक आवेदन से जुड़ा है, जिसमें जून 2022 से जून 2025 के बीच रूस से भारत में आयातित कच्चे तेल का विवरण मांगा गया था।

इसमें इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड, ओएनजीसी विदेश, रिलायंस इंडस्ट्रीज और नायरा एनर्जी जैसी कंपनियों द्वारा आयात की जानकारी भी मांगी गई थी। इस पर केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) ने जानकारी देने से इनकार करते हुए कहा कि देश के आधार पर और कंपनी के आधार पर कच्चे तेल के आयात का विवरण व्यावसायिक और गोपनीय है, इसलिए इसे आरटीआई अधिनियम, 2005 की धारा 8(1)(डी) और 8(1)(ई) के तहत साझा नहीं किया जा सकता। हालांकि कुल आयात की मात्रा और उसका मूल्य पीपीएसी की वेबसाइट से प्राप्त किया जा सकता है।

प्रथम अपीलीय प्राधिकारी ने भी इस फैसले को सही ठहराया। हाल ही में हुई सुनवाई के दौरान अपीलकर्ता ने कहा कि उसे जानकारी नहीं दी गई और वह यह समझना चाहता है कि इस क्षेत्र में देश किस तरह काम कर रहा है।

## चीन को निर्यात बढ़ाने और आयात कम करना है भारत की रणनीति : अधिकारी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारत घरेलू क्षमताओं को मजबूत करके चीन को निर्यात बढ़ाने और अपने आपूर्तिकर्ता आधार में विविधता लाकर आयात निर्भरता कम करने की एक बहुआयामी रणनीति अपना रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। बीजिंग से पूरी तरह से संबंध तोड़ना कठिन है, क्योंकि चीनी कच्चे माल देश के औद्योगिक विकास में सहायक हैं। अधिकारी ने कहा कि भले ही भारत का चीन के साथ पूरी तरह संबंध विच्छेद न हो, लेकिन वह लचीली आपूर्ति श्रृंखला बनाने और निर्यात क्षमता बढ़ाने के लिए अपनी क्षमता विकसित कर रहा है।

वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने आगे बताया कि भारत मुख्य रूप से कच्चे माल, मध्यवर्ती और पूंजीगत वस्तुओं का आयात करता है। इनमें ऑटो घटक, इलेक्ट्रॉनिक हिस्से और मोबाइल फोन के पुर्जे, मशीनरी तथा संबंधित हिस्से और सक्रिय





दवा सामग्री (एपीआई) शामिल हैं। इनका इस्तेमाल निर्यात के लिए तैयार माल बनाने और घरेलू विनिर्माण को समर्थन देने के लिए किया जाता है। अधिकारी ने कहा कि चीन जो कुछ भी आपूर्ति कर रहा है, वह भारत के उत्पादन की रीढ़ है।

भारत का चीन को निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 के 14.25 अरब डॉलर से लगभग 37 % बढ़कर 2025-26 में 19.47 अरब डॉलर हो गया। दूसरी ओर, बीजिंग से आयात वित्त वर्ष 2024-25 के 113.44 अरब डॉलर से 16 प्रतिशत बढ़कर 2025-26 में 131.63 अरब डॉलर हो गया। व्यापार घाटा 2024-25 के 99.2 अरब डॉलर से बढ़कर 2025-26 में 112.6 अरब डॉलर हो गया है।

### वाणिज्य मंत्री आज करेंगे निर्यातकों संग बैठक

**नयी दिल्ली।** उद्योग मंत्री पीयूष गोयल देश के निर्यात को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए 27 अप्रैल को यहां निर्यात संवर्धन परिषदों (ईपीसी) और उद्योग संघों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। यह बैठक यहां भारत मंडपम में भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर के बाद की जाएगी।

## 2030 तक यात्री संख्या में भारत होगा फ्लिक्सबस का सबसे बड़ा बाजार

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** लंबी दूरी की बस और ट्रेन सेवाएं देने वाली वैश्विक यात्रा प्रौद्योगिकी कंपनी फ्लिक्सबस को उम्मीद है कि 2030 तक यात्री संख्या के मामले में भारत उसका सबसे बड़ा बाजार बन जाएगा। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। फरवरी 2024 में भारतीय बाजार में प्रवेश करने वाली यह कंपनी इस समय देश में केवल अंतरराज्यीय बस सेवाएं प्रदान करती है। फ्लिक्सबस के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी मैक्स ज्यूमर ने बताया कि कंपनी दिल्ली-देहरादून गलियारे पर अपने परिचालन को और बढ़ाने की योजना बना रही है।

बाजार की क्षमता के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर फ्लिक्सबस के लिए सबसे रणनीतिक वृद्धि बाजारों में से एक है। वैश्विक स्तर पर हमने अकेले 2025 में 9.9 करोड़ यात्रियों को सेवाएं दीं। हम भारत में विभिन्न मार्गों पर मजबूत और निरंतर मांग देख रहे हैं और आगामी गर्मियों में अपने नेटवर्क के 30 प्रतिशत विस्तार का लक्ष्य रख रहे हैं। भारत में संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए ज्यूमर ने कहा कि बाजार के विशाल आकार के लिहाज से यह बेहद दिलचस्प है। यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा बस बाजार है।

**रिपोर्ट** | कोविड महामारी के बाद से महंगे और आलीशान घरों की मांग में आई है तेजी : नाइट फ्रैंक

## शीर्ष आठ शहरों में 23 प्रतिशत घटी सस्ते घरों की बिक्री

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

देश के शीर्ष आठ शहरों में जनवरी-मार्च-2026 के दौरान 50 लाख रुपये से कम कीमत वाले किफायती घरों की बिक्री में पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 23 प्रतिशत की गिरावट आई है और यह घटकर 16,273 इकाई रह गई। रियल एस्टेट परामर्शदाता नाइट फ्रैंक की रिपोर्ट में यह बात कही गई। रिपोर्ट में इस गिरावट का मुख्य कारण इस मूल्य वर्ग में नई आपूर्ति की कमी बताया गया है।

कोविड महामारी के बाद से महंगे और आलीशान घरों की मांग में तेजी देखी गई है। बिल्डर की ओर से किफायती आवास क्षेत्र में कम परियोजनाएं लाई जा रही हैं और इसकी वजह निर्माण लागत में बढ़ोतरी, विशेष रूप



से भूमि की ऊंची कीमतों को बताया जा रहा है। नाइट फ्रैंक इंडिया की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष जनवरी-मार्च तिमाही में किफायती आवास खंड में सबसे तेज 23 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई और सभी आठ प्रमुख शहरों में बिक्री में कमी आई।

आंकड़ों के अनुसार, 50 लाख से एक करोड़ रुपये की श्रेणी में भी 2025 की शुरुआती तिमाही के मुकाबले इस साल 12 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई और यह घटकर 23,567 इकाई रह गई। नाइट फ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट मुंबई, दिल्ली-एनसीआर, पुणे, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, अहमदाबाद और कोलकाता की मांग पर आधारित है।

- **किफायती आवास क्षेत्र में कम परियोजनाएं ला रहे हैं बिल्डर**

रिपोर्ट के मुताबिक, इसके विपरीत, एक से दो करोड़ रुपये की श्रेणी में बिक्री 10 प्रतिशत बढ़कर 24,657 इकाई हो गई। दो से पांच करोड़ रुपये की श्रेणी में 17 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 16,075 इकाई की बिक्री हुई। वहीं पांच से 10 करोड़ रुपये की श्रेणी में बिक्री तीन प्रतिशत घटकर 3,338 इकाई रह गई, जबकि 10-20 करोड़ रुपये की श्रेणी में 12 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 738 इकाई की बिक्री हुई। 20-50 करोड़ रुपये की श्रेणी में बिक्री 80 प्रतिशत बढ़कर 165 इकाई हो गई।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



## बंगाल से सिंडिकेट और गुंडाराज का अंत करेगी भाजपा : शाह

**कोलकाता, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पश्चिम बंगाल में सत्ता में आती है तो वह राज्य में गुंडा राज और सिंडिकेट राज का अंत करेगी।

नदिया जिले के तेहट्टा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने यह भी दावा किया कि विधानसभा चुनाव के पहले चरण में ही मतदाताओं ने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार का सफाया कर दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 23 अप्रैल को हुए पहले चरण के चुनाव में 110 सीटें जीत ली हैं।

शाह ने कहा कि अगर भाजपा पश्चिम बंगाल में सत्ता में आती है, तो यहां गुंडा राज और सिंडिकेट राज का अंत हो जाएगा। मतदान करने से न डरें, क्योंकि निर्वाचन आयोग ने पर्याप्त व्यवस्था की है। कोई भी आपको वोट डालने से नहीं रोक पाएगा। भाजपा सत्ता में आने के बाद राज्य में छिपे घुसपैठियों की पहचान करेगी और उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करेगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता को कार्यक्रम स्थल पर भारी भीड़ के बावजूद अचानक हुई भारी बारिश के कारण अपना भाषण छोटा करना पड़ा।



चुनावी रैली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह।

# टीएमसी के गुंडे चला रहे सरकार : मोदी

## पश्चिम बंगाल में गरजे प्रधानमंत्री, बोले-तुम वोट दो-मैं महाजंगल राज से मुक्ति दूंगा

**कोलकाता, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को पश्चिम बंगाल में जबर्दस्त प्रचार किया। उन्होंने कोलकाता में रोड शो किया तो आरामबाग और बनगांव में जनसभाएं कर टीएमसी सरकार पर जमकर हमला बोला। कोलकाता में शाम को रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वागत के लिए सड़क के दोनों ओर भारी भीड़ उमड़ी थी। लोग मोदी-मोदी के नारे लगा रहे थे तो प्रधानमंत्री दोनों हाथ उठाकर उनका अभिवादन कर रहे थे।

चुनाव प्रचार समाप्त होने से एक दिन पहले, हुगली जिले के आरामबाग में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार राज्य सचिवालय से नहीं बल्कि पार्टी द्वारा संरक्षित गुंडों और अपराधियों द्वारा चलाई जा रही है। सरकार चलाने के लिए टीएमसी की असामाजिक तत्वों पर निर्भरता के कारण अक्सर कलकत्ता उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय को हस्तक्षेप करना पड़ा है। ममता बनर्जी प्रशासन की विश्वसनीयता 'पूरी तरह से खत्म' हो चुकी है। दावा किया कि केवल भाजपा ही ऐसी सरकार बना सकती है जो राज्य के लोगों को न्याय और सुरक्षा प्रदान करेगी।



उत्तर कोलकाता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेगा रोड शो किया। **फोटो : शुभंकर चक्रवर्ती**

उत्तर 24 परगना जिले के बनगांव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तृणमूल कांग्रेस पर महिलाओं को प्रताड़ित करने वाले गुंडों को पनाह देने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के स्वतंत्रता-पूर्व दिये गए नारे तुम मुझे खून दो और मैं तुम्हें आजादी दूंगा का जिक्र करते हुए लोगों से भाजपा को वोट देने का आग्रह करते हुए कहा कि और मैं आपको तृणमूल के 'महा जंगलराज' से आजादी दूंगा।

### 'मतुआ' को गारंटी

बनगांव में मतुआ समुदाय के बीच पहुंचकर शरणार्थियों को नागरिकता की गारंटी दी। साथ ही घुसपैठ पर कड़ा रुख अपनाते हुए अवैध घुसपैठियों को चार मई के बाद देश छोड़ने या कार्रवाई का सामना करने की चेतावनी दी। प्रधानमंत्री ने मतुआ समुदाय और बंगलादेश से आए शरणार्थियों को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत पूर्ण अधिकार देने का आश्वासन दिया। कहा कि मैं स्पष्ट रूप से कहता हूँ, प्रत्येक शरणार्थी को नागरिकता मिलेगी। आपको स्थायी पता, हर आवश्यक दस्तावेज और वे सभी अधिकार मिलेंगे जो प्रत्येक भारतीय नागरिक को मिलते हैं। यह मोदी की गारंटी है।

## ममता ने भवानीपुर में पदयात्रा कर लोगों से की बातचीत

**कोलकाता,एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को दक्षिण कोलकाता स्थित अपने भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र में हजारों पार्टी समर्थकों के साथ पदयात्रा का नेतृत्व किया। राज्य में दूसरे चरण के चुनाव के लिये प्रचार अब अपने अंतिम दौर में है।

'जोतोई कोरो हमला आबार जीतबे बांग्ला' (चाहे आप कितना भी हमला करें, बंगाल की जीत होगी)गीत की धुन के बीच, बनर्जी ने लैंसडाउन क्रॉसिंग से कालीघाट फायर सर्विसेज स्टेशन तक एक किलोमीटर के क्षेत्र में लोगों से संवाद भी किया। दीदी-दीदी के नारों के बीच रंगारंग रोड शो के दौरान उन्होंने लोगों से हाथ मिलाया, उनसे मालाएं स्वीकार कीं और सुरक्षाकर्मियों को उन लोगों को हटाने से रोका, जो उनका पैर छूने के लिये आगे आए थे। इस रोड शो में पुरुलिया का पारंपरिक ढोल और 'छऊ नृत्य' प्रस्तुत किया गया। बनर्जी के साथ उनकी पार्टी और मंत्री पद के सहयोगी फिरहाद हकीम और दक्षिण कोलकाता में पार्टी के कई नेता मौजूद थे। मुख्यमंत्री एक बार फिर भवानीपुर से चुनाव लड़ रही हैं और उनका मुकाबला भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी से है।



पदयात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।

### कथित तृणमूल कार्यकर्ता के घर से करीब 100 देसी बम बरामद

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के तहत 29 अप्रैल को दूसरे चरण के मतदान से पहले रविवार को दक्षिण 24 परगना जिले के भांगड़ में एक कथित तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता के घर से करीब 100 देसी बम बरामद किये हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर रफीकुल इस्लाम के आवास की तलाशी ली गई, जहां से विस्फोटक बरामद हुए।

निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि कोलकाता के पुलिस आयुक्त, सभी उपायुक्त, अधीक्षकों और थाना प्रभारियों (ओपी और आईसी) को कड़ा संदेश दिया गया है कि यदि उनके न्यायाधिकार क्षेत्र में इस तरह के विस्फोटक पाए जाते हैं या किसी व्यक्ति द्वारा डराने-धमकाने की रणनीति अपनाई जाती है, तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### चुनाव आयोग ने प. बंगाल में बढ़ाई निगरानी

**कोलकाता।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के दूसरे और आखिरी चरण में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित कराने के लिए अपनी तैयारियों को और तेज कर दिया है। पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल ने काकद्वीप में जमीनी स्तर पर तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया और चुनावी प्रक्रिया में किसी भी तरह की बाधा के प्रति आयोग के 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाने पर जोर दिया। श्री अग्रवाल ने अपनी यात्रा के दौरान काकद्वीप के अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओ) के कार्यालय में एक उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की, जहां उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से बातचीत की।

### मतदाताओं को धमकाने का वीडियो सामने आया, जांच के आदेश

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के चुनाव से पहले डायमंड हार्बर विधानसभा क्षेत्र में बाइक पर सवार कुछ लोगों द्वारा स्थानीय लोगों को धमकाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद निर्वाचन आयोग ने रविवार को जांच के आदेश दिए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। मामला सामने आते ही निर्वाचन आयोग ने डायमंड हार्बर थाने में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। अधिकारियों ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग इन मामलों को रोकने के लिए कदम उठा रहा है। राज्य में 29 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार सोमवार शाम को समाप्त हो जाएगा। पुलिस ने बताया कि आपराधिक धमकी और गैरकानूनी कृत्यों से संबंधित भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं के तहत रविवार को डायमंड हार्बर थाने में मामला दर्ज किया गया।

# रघु राय... तस्वीरों में मानवीय संवेदना का इतिहास लिखने वाले फोटोग्राफर

## अनदेखे को देखने और मनोदशाओं को कैद करने की महारत से दुनिया में मनवाया लोहा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रघु राय कई दशकों तक भारतीय राजनीति और उसके प्रमुख व्यक्तित्वों के साथ प्रमुख घटनाओं को अपने कैमरे में कैद करने वाले महान फोटोग्राफर थे। देश के समकालीन राजनीतिक इतिहास को जीवंत आयाम देने में उनका कोई सानी नहीं था। अपने समय के सच को पूरी निडरता और सच्चाई के साथ दिखाने वाले इस फोटोग्राफर ने 23 की उम्र में पहली बार कैमरे पर हाथ आजमाया था, तब से लेकर पूरी जिंदगी कैमरा उनके साथ ऐसे रहा, जैसे वह उनके शरीर का कोई अनिवार्य अंग हो। रविवार को उनके निधन के साथ प्रेस फोटोग्राफी का एक सुनहरा युग भी खत्म हो गया।

रघु राय की खींची गई तस्वीरें देखकर किसी को भी अनायास ही यह होता है कि अपने व्यू फाइंडर से सच को देख पाने की उनमें अद्भुत क्षमता थी। व्यू फाइंडर उनकी आत्मा का ही विस्तार था, जिसके जरिए वह अनदेखे को भी देखकर कैमरे में कैद कर लेते थे और उसे अमर जीवंत तस्वीर में बदल देते थे। इसे इत्तफाक ही कहा जा सकता है कि उनका जन्म महात्मा गांधी द्वारा भारत छोड़ो आंदोलन के बिगुल फूंकने के मात्र चार महीने बाद 18 दिसंबर 1942 को पंजाब के झंग में हुआ। यहीं वह समय था, जब भारत का इतिहास एक नए अध्याय में प्रवेश करने वाला था और बाद में युवा रघु राय इस नए अध्याय को अपने कैमरे से कैद करने वाले थे। उन्होंने जो तस्वीरें खींचीं, वे भारत की सामूहिक स्मृति में हमेशा के लिए अंकित हो गईं। लोगों को वह एक मनोवैज्ञानिक लगते थे, जो हाथ में कैमरा लिए अपने समय के लोगों की मनोदशाओं को कैद करता चलता था और मानवता का संवेदनशील दस्तावेज तैयार करता दिखता था।



**पुरानी यादें :** दिल्ली के खारी बावली में भीड़ के बीच तस्वीर लेते रघु राय।

> कैमरे से पलों को कैद करने की सबसे खूबसूरत बात यह है कि यह आपको जीवन और उसकी अनंत परिवर्तनशीलता से रूबरू कराता है। उन्होंने कहा था, 55 से अधिक साल हो गए हैं, लेकिन फोटोग्राफी की सबसे बड़ी ताकत यही है। जीवन और प्रकृति हमेशा बदलते रहते हैं, हमेशा चुनौती देते रहते हैं और यही आपको झकझोर देता है। **– रघु राय वर्ष 2023 में दिए एक साक्षात्कार में**

### ऐसी फोटोग्राफी... जो विषय के साथ एकाकार कर दे

'म्यूजियो कैमरा' के संस्थापक फोटोग्राफर आदित्य आर्या ने कहा कि रघु राय ने भारतीय पत्रकारिता को ऐसी फोटोग्राफी से परिचित कराया जिसमें आप विषय के साथ एकाकार हो जाते थे। उन्होंने कहा, छाया पत्रकारिता बहुत बदल गई है। वह वाइड एंगल लेंस के साथ घटना के बीचोंबीच होते थे। आज छाया पत्रकार बड़े टेलीफोटो लेंस के साथ 300-400 फुट दूर से काम करते हैं, क्योंकि आपको हस्तियों के करीब जाने की इजाजत नहीं मिलती। उनकी तस्वीरें देखकर समझ आता है कि जब आप घटना के बीच में होते हैं तो सब कुछ कितना अलग दिखता है।

### भारत में पद्मश्री... दुनिया भर ने सम्मानों से नवाजा

रघु राय ने 1966 में अंग्रेजी अखबार स्टेट्समैन में मुख्य फोटोग्राफर के रूप में शुरुआत के बाद अपने लंबे करियर में रघु राय ने संडे और इंडिया टुडे जैसी प्रमुख भारतीय पत्रिकाओं के साथ काम किया। टाइम, लाइफ, द न्यूयॉर्क टाइम्स, द इंडिपेंडेंट और द न्यू यॉर्कर जैसे अंतरराष्ट्रीय प्रकाशनों में उनके फोटो निबंध छपे। वर्ष 1977 में कार्टियर-ब्रेसन की सिफारिश पर वह दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित फोटोग्राफी संस्था मैग्नम फोटोज के सदस्य बने। वर्ल्ड प्रेस फोटो की जूरी में तीन बार और यूनेस्को की अंतरराष्ट्रीय फोटो प्रतियोगिता की जूरी में दो बार उन्होंने अपनी सेवाएं दीं। सन् 1972 में बांग्लादेश युद्ध की कवरेज और उसके बाद कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर चुके राय को पद्मश्री से भी नवाजा गया। नेशनल ज्योग्राफिक में प्रकाशित उनके फोटो निबंध ह्यूमन मैनेजमेंट ऑफ वाइल्डलाइफ इन इंडिया के लिए उन्हें अमेरिका में फोटोग्राफर ऑफ द ईयर का खिताब मिला। फ्रांस सरकार ने 2009 में उन्हें अपने प्रतिष्ठित सम्मान ऑफिसर डेस आर्ट्स एट डेस लेट्रेस से विभूषित किया। रघु राय ने कई महत्वपूर्ण किताबें भी लिखीं, जिनमें रघु रायज इंडिया : रिफ्लेक्शन्स इन कलर एंड रिफ्लेक्शन्स इन ब्लैक एंड व्हाइट और एक्सपोजर : पोर्ट्रेट ऑफ ए कॉरपोरेट क्राइम प्रमुख हैं। 2010 में स्थापित रघु राय फाउंडेशन उनकी 50,000 से अधिक तस्वीरों को संजोए हुए है। वह अपनी 57वीं किताब पर काम कर रहे थे।

- **मानवता के संवेदनशील दस्तावेजों का संग्रह हैं रघु राय की तस्वीरें**



अंतिम विदाई के मौके पर रघु राय को श्रद्धांजलि देतीं उनकी बेटी, पुरवाई राय।

### भोपाल गैस त्रासदी... दुनिया नहीं भूल पाई वो तस्वीर



इतिहास को मानवीय पक्ष देने वाले इस महान फोटोग्राफर की एक अन्य तस्वीर ने पूरी त्रासदी को एक जीवंत प्रतीक में बदल दिया। भोपाल त्रासदी की वह तस्वीर जिसमें एक बच्चा मलबे के नीचे दबा हुआ है, सिर्फ उसका शुष्क चेहरा और अधखुली आंखें दिख रही हैं, आज भी उस भयावह त्रासदी को जैसे अपनी पुरी नग्नता के साथ आंखों के सामने लाकर खड़ा कर देता है। यह तस्वीर आज भी देखने वाले को भीतर तक हिला देती है।

### तस्वीरों में समेटा इंदिरा गांधी का पूरा राजनीतिक करियर



रघु राय 1966 में प्रसिद्ध अंग्रेजी अखबार स्टेट्समैन में मुख्य फोटोग्राफर के रूप में शामिल हुए और मात्र एक साल बाद इंदिरा गांधी देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनी। यह एक ऐसा संयोग था, जिसने हम भारतीयों को इंदिरा गांधी की कई अमूल्य तस्वीरें दीं। रघु राय द्वारा श्रीमती गांधी की खिंची गई ये तस्वीरें इतनी जीवंत और प्रभावी हैं कि केवल इन तस्वीरों के आधार पर गांधी की राजनीतिक करियर का इतिहास गढ़ा जा सकता है। और यह तस्वीर केवल तथ्यों और आंकड़ों का इतिहास नहीं होगा। मानवीय पक्ष का इतिहास होगा। मंच पर खोई हुई सिमटी सी बैठी इंदिरा गांधी की तस्वीर एक ऐसे विरोधाभास को दर्शाता है, जिसमें ''आयरन लेडी'' चिंताओं और अव्यक्त भय से घिरी हुई एक साधारण महिला नजर आती हैं- बेहद मानवीय, सुभेद्य। एक तरफ अपनी कुर्सी पर बैठी और चारों तरफ से पुरुष नेताओं से घिरी हुई इंदिरा गांधी पुरुष वर्चस्व वाली राजनीति को चुनौती देती नजर आती हैं, तो दूसरी तरफ अपने घर में सोनिया गांधी और बच्चों के साथ मुस्कराती हुई बेहद पारिवारिक महिला दिखती हैं। रघु राय की तस्वीरें जितनी जीवंतता से इंदिरा गांधी के भावों को कैद और अभिव्यक्त करती हैं, उतनी जीवंतता से कोई भी इतिहासकार इंदिरा के बारे में नहीं लिख पाएगा। इसलिए रघु राय महज एक फोटोग्राफर नहीं है, एक इतिहासकार हैं, जो इतिहास को तथ्यों से परे ले जाकर मानवीय बना देता है।

### वाराणसी ने रघु को खूब लुभाया

वाराणसी रघु राय को बेहद आकर्षित करती थी। श्मशान के शांत अनुष्ठानों से लेकर गंगा आरती के आध्यात्म तक, व्यस्त गलियों की आपाधापी से लेकर चाय की दुकानों पर होने वाली बहसों तक रघु राय के कैमरे ने इस नगरी को उसके असली और बेलाग रूप में कैद किया। खुद को रघु राय का बेटा मानने वाले छायाकार समर जोधा कहते हैं कि उन्होंने एक ऐसा बनारस देखा जो अपनी छवि से अनजान था।

### लखनऊ की वास्तुकला रघु राय को करती थी आकर्षित




**लखनऊ, अमृत विचार।** दिग्गज फोटोग्राफर रघु राय की ख्याति यूं तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर थी लेकिन पुराने लखनऊ की एतिहासिक इमारतों का आर्किटेक्ट उन्हें काफी आकर्षित करता था। रघु राय ने लखनऊ के पुराने और नए दोनों रूपों को अपने कैमरे से दिखाया। पुराने लखनऊ की वास्तुकला और तहजीब को वो इस तरह से दिखाने की कोशिश करते थे कि उसमें शहर का सांस्कृतिक सार झलकता हो। उन्होंने लखनऊ के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन के साथ राजनीतिक हस्तियों की तस्वीरें भी मन से खींचीं। रघु राय कभी भी लखनऊ आते थे तो यहां आम लोगों की तस्वीरें भी उतारते थे और यहां की उस झलक को भी कैद कर पाने साथ ले जाते थे जिसमें लखनऊ झलकता हो। एक बार उन्होंने कहा भी था कि हाथ में कैमरा आता है तो वो लखनऊ तलाशने लगता है। इस शहर की तस्वीरें खींचने के लिए मुझे किसी असाइनमेंट की दरकार नहीं होती है। उनकी तस्वीरें मील का पत्थर होती थीं लेकिन उनकी बातचीत के लहजे में कहीं न कहीं लखनऊ झलक ही जाता था।

# पेशे के प्रति ऐसा समर्पण... टॉयलेट ही बना लिया डार्करूम

**राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या**

**अमृत विचार:** अपने कैमरे के लेंस से अयोध्या के आंदोलन को विभिन्न एंगल से कैद करने वाले प्रसिद्ध फोटो जर्नलिस्ट रघु राय का अयोध्या से गहरा नाता रहा है। वह ऐसे समर्पित छायाकार थे, जिन्होंने श्री राम मंदिर आंदोलन के दौरान होटल के एक कमरे को ही डार्क रूम बना लिया। फोटो शूट करने के बाद खुद ही डार्क रूम में फोटो डेवलप करते थे और फिर उसे भेजते थे। उस समय पत्रकारों और छायाकारों के ठहरने के लिए होटल शान-ए-अवध ही शायद एक मात्र स्थान था। न तो आज जैसी सुविधाएं थी और न ही तकनीकी व्यवस्था।



शरद कपूर।

**राममंदिर आंदोलन में अयोध्या बनी थी रघु राय की कर्मस्थली**

होटल के मालिक शरद कपूर बताते हैं कि बात श्री रामजन्म भूमि आंदोलन के शुरुआती दौर की है। रघु राय उनके होटल में एक-दो कमरे किराए पर लेते थे। यहां ठहरते थे। आंदोलन को नजदीक से कवर करने जाते थे। वह बहुत मिलनसार थे। इतने बड़े फोटोग्राफर होने के बाद भी उनमें गर्व नहीं था। पूरी तन्मयता से अपना काम करते थे। करूप कहते हैं, उस दौर में इंटरनेट की सेवा नहीं थी। आंदोलन के दौरान में फोटो खींचने से उसको तैयार करना बड़ा कठिन काम था। पूरे शहर में कर्फ्यू होता था। वह अयोध्या जाते, घूमते, फोटो शूट करके वापस लौटते। उसके बाद रील से फोटो भी स्वयं डेवलप करते थे।

कपूर बताते हैं कि फोटो डेवलप करने के लिए वह कमरे के टॉयलेट को ही चारों और से काला परदा लगाकर डार्क रूम बना लेते थे और फोटो तैयार कर लेते थे। कहते हैं कि ठीकठीक समय तो याद नहीं है लेकिन आंदोलन के शुरुआती वर्षों में कई बार यहां आए और आंदोलन को अपने कैमरे में कैद किया था।

### राजा बिमलेंद्र मोहन से थे आत्मीय संबंध

रघु राय का अयोध्या के राजा बिमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र से भी आत्मीय संबंध था। राज सदन में उनके साथ बैठते थे। राजा बिमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र के पुत्र व प्रसिद्ध साहित्यकार यतींद्र मिश्र से इस बाबत बात नहीं हो पाई लेकिन वह रघु राय के निधन पर अपने फेसबुक वाल पर लिखते हैं। ...

- रघु अंकल, मंजीत बाबा और पापा की दोस्ती थी। राजसदन में कितनी ही बैठक में जो पिछली सदी के नब्बे के दशक में मैंने देखी सुनी, जब मैं 8 स्टैंडर्ड में पढ़ता था। बाद में जब मैं लेखक बना तो सबसे पहले रघु अंकल ने सुजान सिंह पार्क वाले अपने घर बुलाकर मुझे बहुत प्रोत्साहित किया था। मंजीत बाबा ने अपने पेंटिंग संकलन से आठ छवियां चुनकर उनके प्रिंट और स्लाइड्स दिए थे कि पसंद आए तो अपनी किताबों के कवर पर इस्तेमाल करना। बाद में 'सहित ' पत्रिका के दो अंकों पर वही कवर के रूप में प्रयुक्त हुआ। घर में कितनी ही तस्वीरें रघु राय जी ने खींची, तो पहली बार तस्वीरों में उस तरह राजसदन उभरा, जिसकी कल्पना भी उतने सुंदर ढंग से मैं उस किशोर वय में कर नहीं सकता था। पापा के साथ उन सबके खिलखिलाने की अनेक स्मृतियां मन पर अंकित हैं।

**पहले मंजीत बाबा गए, फिर पापा.. और अब रघु राय..**

**प्रणाम रघु अंकल**

# गृह मंत्रालय 22 मई को लद्दाख के मुद्दे पर करेगा नई बैठक

**श्रीनगर।** गृह मंत्रालय ने लद्दाख की लंबे समय से चली आ रही लंबित मांगों को पूरा करने की दिशा में आखिरकार 22 मई को बैठक बुलाने का फैसला किया है। लद्दाख के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सोशल मीडिया पर घोषणा की है कि यह बैठक प्रमुख हितधारकों के साथ रचनात्मक लोकतांत्रिक बातचीत की प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगी और लद्दाख के लोगों की आकांक्षाओं के अनुरूप एक स्थाई समाधान का मार्ग प्रशस्त करने में मदद करेगी।

उपराज्यपाल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को टैग करते हुए लिखा, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने 22 मई को राजनीतिक बातचीत के लिए बनी उप-समिति की बैठक बुलाने का फैसला किया है। गृह मंत्रालय ने यह कदम केंद्र शासित प्रदेश में हाल के महीनों में बढ़ी हुई राजनीतिक और सिविल सोसायटी की गतिविधियों की पृष्ठभूमि में उठाया है। जाने-माने पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को विरोध-प्रदर्शन भड़काने के आरोपों में राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत हिरासत में लिया गया था। अब उन्हें पिछले महीने रिहा कर दिया गया है। उन्होंने रिहाई के बाद केंद्र सरकार से लद्दाख के नेतृत्व के साथ बातचीत फिर से शुरू करने का आग्रह किया था।

- **पिछले साल सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी के बाद टूट गई थी वार्ता**

# संयुक्त राष्ट्र महासचिव पद के चारों उम्मीदवारों पर बरसे कड़े सवाल

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र का अगला महासचिव बनने की दौड़ में शामिल चार उम्मीदवारों ने इस सप्ताह दुनिया में शांति बहाल करने, बढ़ती गरीबी रोकने और वैश्विक संकटों से निपटने जैसे मुद्दों पर कड़े सवालों का सामना किया। संयुक्त राष्ट्र महासभा की अध्यक्ष एनालेना बेयरबॉक ने इसे नौकरी के लिए दुनिया के सबसे कठिन साक्षात्कारों में से एक बताया।

इन उम्मीदवारों में चिली की पूर्व राष्ट्रपति मिशेल बाचेलेत, अर्जेंटीना के राफेल ग्रोसी, कोस्टा रिका की रेबेका ग्रिन्सपैन और सेनेगल के पूर्व राष्ट्रपति मैकी साल शामिल हैं। इसके अलावा, बाद में अन्य उम्मीदवार भी इस दौड़ में शामिल हो सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र के वर्तमान महासचिव एंतोनियो गुतारेस का कार्यकाल एक जनवरी को समाप्त होगा।

# अफसरों को निशाना बनाना चाहता था हमलावर

## ट्रंप ने किया लिखित नोट बरामद होने का दावा, व्हाइट हाउस में बॉलरूम बनाने की मांग की

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि व्हाइट हाउस के संवाददाताओं के संघ (डब्ल्यूएचसीए) के रात्रिभोज समारोह में हथियारों के साथ घुसने की कोशिश करने वाले आरोपी के पास ऐसे लिखित दस्तावेज मिले हैं, जिनमें ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों को निशाना बनाने की बात कही गई थी।

ट्रंप ने यह भी कहा कि इस संदिग्ध के परिवार ने कार्यक्रम से पहले ही कनेक्टिकट पुलिस से संपर्क कर उसके बारे में चिंता जताई थी। उन्होंने यह टिप्पणी फॉक्स न्यूज चैनल को दिए एक साक्षात्कार में की। इस घटनाक्रम के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने रविवार को व्हाइट हाउस परिसर के भीतर एक उच्च सुरक्षा वाला बॉलरूम बनाने का फिर से आह्वान किया। ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में कहा, यह घटनाक्रम नहीं होता अगर ये कार्यक्रम व्हाइट हाउस में निर्माणाधीन सैन्य रूप से अत्यंत गोपनीय 'बॉलरूम' में हुआ होता। उन्होंने इस मामले (बॉलरूम निर्माण) में अदालती मुकदमा वापस लेने की भी मांग की।

एक संघीय अदालत ने व्हाइट हाउस के पूर्वी विंग में 40 करोड़ अमेरिकी डॉलर की लागत से एक भव्य बॉलरूम के निर्माण के प्रयासों पर रोक लगा दी है, जिसमें संसद की मंजूरी की आवश्यकता और संरक्षण कानूनों के उल्लंघन का हवाला दिया गया है। ट्रंप प्रशासन ने अपील दायर की है, जिसकी सुनवाई पांच जून को होने की उम्मीद है। कहा, हमारी सेना, सीक्रेट सर्विस, कानून प्रवर्तन एजेंसियां और अलग-अलग कारणों से पिछले 150 वर्षों से हर राष्ट्रपति यह मांग करते आ रहे हैं कि व्हाइट हाउस के परिसर में एक विशाल, सुरक्षित और संरक्षित बॉलरूम बनाया जाए।



वाशिंगटन डीसी में गोलीबारी की घटना के बाद होटल में पहुंचे सुरक्षाकर्मी।

### दुनिया भर के नेताओं ने कहा- हिंसा अस्वीकार्य

**वाशिंगटन।** विश्व नेताओं ने राहत जताई कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समेत सभी मेहमान सुरक्षित हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने इस घटना को चिंताजनक घटना बताया। एक्स पर लिखा, राहत है कि ट्रंप समेत सभी अतिथि सुरक्षित हैं। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने कहा कि राजनीतिक हिंसा कभी भी उचित नहीं ठहराई जा सकती। जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची ने कहा, दुनिया में कहीं भी हिंसा को कभी बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबॉम, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज, वेनेजुएला की राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी घटना की निंदा की।

- **ये सिर्फ ट्रंप नहीं, अमेरिका पर हमला :** इजराइल के राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू ने इस घटना को सभी लोकतंत्रों पर हमला बताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, यह सिर्फ डोनाल्ड ट्रंप पर हमला नहीं था। यह अमेरिका पर हमला था। यह लोकतंत्र पर हमला था, यह सभी लोकतंत्रों पर हमला था।

### रिपब्लिकन और डेमोक्रेट नेताओं का एक सुर... अमेरिका में हिंसा की कोई जगह नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक होटल में हुई गोलीबारी में बाल-बाल बचने के बाद रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक दोनों पार्टी के नेताओं ने एक स्वर में कहा कि अमेरिका में राजनीतिक हिंसा की कोई जगह नहीं है। वरिष्ठ डेमोक्रेट नेता और ट्रंप की प्रमुख आलोचक नैन्सी पेलोसी ने कहा कि यह बड़ी राहत की बात है कि राष्ट्रपति, प्रथम महिला और व्हाइट हाउस संवाददाताओं के रात्रिभोज में मौजूद सभी लोग सुरक्षित हैं। मेरा परिवार राजनीतिक हिंसा झेल चुका है, इसलिए घायल अधिकारी और इस घटना से प्रभावित सभी लोगों के लिए प्रार्थना कर रही हूं। रिपब्लिकन नेता स्टीव स्केलीस ने एक्स पर लिखा, हमारे देश में हिंसा की कोई जगह नहीं है। मिशिगन से डेमोक्रेट सांसद श्री थानेदार ने कहा कि राजनीतिक हिंसा कभी स्वीकार्य नहीं हो सकती। डेमोक्रेट नेता सुहास सुब्रमण्यम ने बताया कि वह लॉबी से एस्केलेटर के जरिये नीचे उतर रहे थे, तब सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें गोलीबारी से बचाया।

### गोलियां चलीं तो मेजों के नीचे छिपे होटल में मौजूद लोग

हमलावर ने गोलियां चलानी शुरू कीं तो होटल में मौजूद सैकड़ों लोगों में दहशत फैल गई। वे जान बचाने के लिए मेजों के नीचे छिप गए। जैसे ही लोगों को स्थिति का एहसास हुआ, बॉलरूम में दहशत फैल गई। सैकड़ों पत्रकार सूचनाएं साझा करने के लिए फोन पर जुट गए। किसी को चिल्लाते हुए सुना गया हट जाइए, सर! कुछ लोग निर्देश दे रहे थे कि झुक जाइए। एक कोने से "गॉड ब्लेस अमेरिका" की आवाजें भी सुनाई दीं। इसी बीच ट्रंप को मंच से सुरक्षित बाहर ले जाया गया। इस दौरान वह क्षण भर के लिए संभवत: ठोकर लगने से लड़खड़ाए और सीक्रेट सर्विस एजेंटों ने उन्हें तुरंत संभाल लिया। होटल के बाहर नेशनल गार्ड के सदस्य और अन्य अधिकारी इलाके में पहुंच गए जबकि हेलीकॉप्टर ऊपर चक्कर लगा रहे थे। प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष माइक जॉनसन ने कहा कि वह और उनकी पत्नी केली दोनों इस कार्यक्रम में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा, आज रात वे अपने देश के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। प्रतिनिधि सभा के डेमोक्रेटिक नेता एवं न्यूयॉर्क के सांसद हकीम जेफ्रीज ने कहा, अमेरिका में हिंसा और अराजकता का अंत होना चाहिए।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष:** आज अपने काम की दिशा तय करना जरूरी होगा। हर मौके के पीछे भागने के बजाय एक लक्ष्य पर फोकस करें।

**वृष:** आज घर और काम के बीच संतुलन बिगड़ सकता है। जो काम टल सकता है, उसे बाद के लिए छोड़ना बेहतर रहेगा।

**मिथुन:** आज बातचीत आपकी ताकत बनेगी। किसी से सही समय पर की गई बात काम आसान कर सकती है।

**कर्क:** आज पैसों को लेकर सावधानी जरूरी है। कोई खर्च करने से पहले दो बार सोचें। बचत पर ध्यान देंगे तो आगे राहत मिलेगी।

**सिंह:** आज आपका आत्मविश्वास ही आपकी पहचान बनेगा। जो सोच रहे हैं, उसे शुरू करने का सही समय है।

**कन्या:** आज थोड़ा पीछे हटकर स्थिति को समझना बेहतर रहेगा। हर चीज में तुरंत प्रतिक्रिया देने से बचें। शांत रहकर लिया गया निर्णय सही रहेगा।

**तुला:** आज लोगों के साथ मिलकर काम करने से फायदा मिलेगा। संपर्क आपके काम आएंगे। अकेले सब संभालने की कोशिश न करें।

**वृश्चिक:** आज काम को लेकर जिम्मेदारी बढ़ सकती है। आपको खुद को साबित करने का मौका मिलेगा। ध्यान बनाए रखें और काम अधूरा न छोड़ें।

**धनु:** आज कुछ नया सीखने या करने का मौका मिलेगा। अपने दायरे से बाहर निकलने की कोशिश करें। यही बदलाव आपको आगे बढ़ाएगा।


**मकर:** आज किसी स्थिति को लेकर जल्दबाज़ी में निर्णय लेने से बचें। पहले पूरी जानकारी लें, फिर कदम उठाएं। धैर्य ही फायदा देगा।

**कुंभ:** आज रिश्तों और सहयोग पर ध्यान देना जरूरी रहेगा। किसी के साथ मिलकर काम करने से बेहतर परिणाम मिल सकते हैं।

**मीन:** आज काम का दबाव रहेगा, लेकिन सही प्लानिंग से आप सब संभाल लेंगे। काम पर ध्यान दें, सब कुछ एक साथ करने की कोशिश न करें।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 27 अप्रैल, सोमवार 2026 संवत- 2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष- शुक्ल पक्ष, एकादशी 18.15 तक तत्पश्चात द्वादशी। **दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- ग्रीष्म। **चन्द्रबल**- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन। **ताराबल**- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। **नक्षत्र**- पूर्वाफाल्गुनी 09.18 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

### सुडोकू - 131 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 1 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 2 | 6 | 7 | 8 | 4 | 5 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 8 | 1 | 3 | 6 | 9 |
| 2 | 8 | 5 | 9 | 1 | 6 | 4 | 3 | 7 |
| 6 | 7 | 9 | 4 | 3 | 8 | 5 | 2 | 1 |
| 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 5 | 6 | 9 | 8 |
| 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 4 |
| 8 | 9 | 3 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 6 | 8 | 9 | 2 | 1 | 7 | 3 |

### सुडोकू -132

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | 7 | | |
| | | 8 | | | 6 | 9 | | |
| | 1 | | | | 4 | 5 | 2 | |
| 7 | | 3 | | | | | | |
| | 5 | | 7 | | | 8 | | |
| | 9 | | | 2 | | | 7 | |
| | 4 | 9 | 6 | | | | 7 | |
| 6 | | 2 | 5 | | | 1 | | |
| | | | 8 | | | | | |

एस्ट्रोलैब

**आयोजकों को 15 से 25 करोड़ रुपये तक में नीलाम होने की उम्मीद**

# लंदन में नीलाम होगा जयपुर राजपरिवार का 17वीं सदी का स्मार्टफोन

**लंदन/जयपुर, एजेंसी**

जयपुर के शाही संग्रह की सबसे बेशकीमती वैज्ञानिक विरासतों में से एक 17वीं शताब्दी का एक विशाल एस्ट्रोलेब (खगोलीय गणना यंत्र) 29 अप्रैल को लंदन के सोथबी नीलामी घर में वैश्विक बोली के लिए तैयार है। पीतल से बने इस अद्भुत यंत्र को विशेषज्ञों ने बहुमुखी क्षमताओं के कारण उस दौर का सुपर कंप्यूटर और प्राचीन स्मार्टफोन करार दिया है।

सोथबी के इस्लामिक एंड इंडियन आर्ट विभाग के प्रमुख बेनेडिक्ट कार्टर ने इस यंत्र को अब तक का सबसे विशाल और दुर्लभ खगोलीय उपकरण बताया है। इसकी ऐतिहासिक जड़ें जयपुर के पूर्व महाराजा सवाई मानसिंह द्वितीय के निजी संग्रह से जुड़ी हैं। महाराजा के निधन के बाद यह उनकी पत्नी और विश्वप्रसिद्ध महारानी गायत्री देवी के पास रहा, जहां से यह कालांतर में एक निजी संग्रह का हिस्सा बन गया। अब पहली बार इसे सार्वजनिक मंच पर प्रदर्शित और नीलाम किया जा रहा है। तकनीकी और वैज्ञानिक दृष्टि से यह यंत्र अपने समय की कला का शिखर है। इसका वजन 8.2 किलोग्राम और ऊंचाई लगभग 46 सेंटीमीटर है, जो सामान्य एस्ट्रोलेब की तुलना में चार गुना बड़ा है।

इसकी दुर्लभता और शाही जुड़ाव को देखते हुए, विशेषज्ञों का अनुमान है कि यह 1.5 से 2.5 मिलियन पाउंड (लगभग 15 से 25 करोड़ रुपये) के बीच बिक सकता है, जो खगोलीय यंत्रों की नीलामी के पिछले सभी विश्व रिकॉर्ड तोड़ सकता है। इस यंत्र की खूबियों के कारण विश्व भर के संग्रहालय और निजी संग्रहकर्ता इस अनूठी वैज्ञानिक धरोहर को हासिल करने के लिए उत्सुक हैं।

### इतनी खूबियां किसी और खगोलीय यंत्र में नहीं

इस यंत्र की सबसे बड़ी खूबी इसका 'ऑल इन वन' गैजेट होना है। ऑक्सफोर्ड की इतिहासकार डॉ. फेडेरिका गिगेंटे के अनुसार, इसके जरिए 17वीं सदी में खगोलशास्त्री सूर्योदय-सूर्यास्त का समय, तारों की सटीक स्थिति, किसी कुएं की गहराई और इमारतों की ऊंचाई माप सकते थे। इसके अलावा, इसका उपयोग मक्का की दिशा निर्धारित करने और पंचांग की सहायता से सटीक कुंडलियां तैयार करने के लिए भी किया जाता था। सांस्कृतिक रूप से यह यंत्र मुगलकालीन भारत की मिलीजुली विरासत का जीवंत प्रमाण है। इसे 17वीं सदी की शुरुआत में लाहौर (अब पाकिस्तान) के मशहूर लाहौर स्कूल के दो भाइयों कायम मुहम्मद और मुहम्मद मुकीम ने बनाया था। इस यंत्र पर तारों के नाम फारसी में अंकित हैं, जिनके ठीक बगल में उनके संस्कृत नाम देवनागरी लिपि में उकेरे गए हैं, जो उस दौर में विज्ञान और संस्कृति के अद्भुत समन्वय को दर्शाता है। यह एस्ट्रोलेब लाहौर के तत्कालीन प्रशासक आका अफजल के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया था, जो मुगल सम्राट जहांगीर और शाहजहां के शासनकाल में ऊंचे पदों पर तैनात थे। इसमें 94 शहरों के अक्षांश और देशांतर के साथ-साथ 38 तारों के पॉइंटर्स दिए गए हैं, जो आज भी इतने सटीक हैं कि किसी भी खगोलीय पिंड की ऊंचाई की एकदम सही डिग्री बता सकते हैं।





मुझे लगता है कि वैभव सूर्यवंशी मेरा नया पसंदीदा खिलाड़ी है। वह गेंद को इतनी जोर से मारता है कि उसे देखना बहुत अच्छा लगता है। एक गेंदबाज के तौर पर आपको बिल्कुल सटीक गेंद डालनी होती है, क्योंकि अगर आप ऐसा नहीं करते, तो गेंद बहुत दूर तक जाती है।

–पैट कमिंस, हैदराबाद के कप्तान


# स्टेडियम

कानपुर नगर, सोमवार, 27 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

दिल्ली कैपिटल्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**समय** - शाम 7:30 बजे

# सुपर ओवर तक पहुंचा लखनऊ फिर भी घर में नहीं बदली किस्मत

## आईपीएल-2026 : कोलकाता नाइट राइडर्स ने किया परास्त, रिंकू सिंह ने किया शानदार प्रदर्शन

**ऑरेंज कैप**



- अभिषेक शर्मा हैदराबाद – 380 रन
- वैभव सूर्यवंशी राजस्थान – 357 रन
- केएल राहुल दिल्ली – 357 रन

**पर्पल कैप**



- अंशुल कंबोज चेन्नई – 14 विकेट
- इशान मलिंगा हैदराबाद – 14 विकेट
- जोफ्रा आर्चर राजस्थान – 13 विकेट

लखनऊ, एजेंसी

कोलकाता नाइट राइडर्स ने रिंकू सिंह के तूफानी अर्धशतक और वैभव अरोड़ा की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बावजूद सुपर ओवर में खिंचे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में रविवार को यहां लखनऊ सुपर जाएंट्स को हरा दिया।

सुपर ओवर में नाइट राइडर्स के सुनील नारायण ने पहली ही गेंद पर निकोलस पूरन को बोल्ड किया। अगली गेंद पर कप्तान ऋषभ पंत ने एक रन बनाया लेकिन तीसरी गेंद पर एडेन मारक्रम को रिंकू ने लपक लिया। नाइट राइडर्स को दो रन का लक्ष्य मिला और रिंकू ने प्रिंस यादव की पहली गेंद पर चौके के साथ टीम को जीत दिला दी। लगातार दूसरी जीत के साथ नाइट राइडर्स की टीम पांच अंक के साथ आठवें स्थान पर पहुंच गई जबकि सुपर जाइंट्स की टीम चार अंक के साथ 10वें और अंतिम स्थान पर खिसक गई।

लखनऊ सुपर जाइंट्स की टीम ने 156 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान ऋषभ पंत (42) और सलामी बल्लेबाज एडेन मारक्रम (31) की उम्दा पारियों से आठ विकेट पर 155 रन बनाए जिससे मैच सुपर ओवर में खिंचा। नाइट राइडर्स की ओर से अरोड़ा (24 रन पर दो विकेट) और वरुण चक्रवर्ती (33 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाए। रिंकू (नाबाद 83, 51 गेंद, पांच छक्कों और सात चौके) के करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी और उनकी कैमरन ग्रीन (34) के साथ पांचवें विकेट के लिए 42 तथा सुनील नारायण (नाबाद 04) के साथ आठवें विकेट के लिए 30 गेंद में 62 रन की अटूट साझेदारी से नाइट राइडर्स ने सात विकेट पर 155 बनाए। रिंकू और ग्रीन के अलावा कप्तान अजिंक्य रहाणे (10) ही दोहरे अंक में पहुंच गए। मोहसिन खान ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए 23 रन देकर पांच विकेट चटकाए। स्पिनर जॉर्ज लिंडे ने भी 18 रन देकर एक विकेट चटकाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे सुपर जाइंट्स की शुरुआत भी खराब रही और टीम ने दूसरे ओवर में ही मिचेल मार्श (02) का विकेट गंवाया जिन्होंने वैभव अरोड़ा की गेंद को हवा में लहराकर रोवमैन पावेल को कैच थमाया। कप्तान ऋषभ पंत ने कैमरन ग्रीन पर छक्के से शुरुआत की और फिर सुनील नारायण पर भी चौका जड़ा। सलामी बल्लेबाज मारक्रम ने भी अनुकूल रॉय और अरोड़ा पर चौके मारे। सुपर जाइंट्स ने पावर प्ले में एक विकेट पर 37 रन बनाए। मारक्रम ने वरुण चक्रवर्ती पर छक्के के साथ नौवें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया।

रिंकू ने इसके बाद ग्रीन की गेंद पर लॉन्ग ऑफ पर मारक्रम का शानदार कैच लपका। उन्होंने 27 गेंद की अपनी पारी में दो चौके और एक छक्का मारा। पंत ने इसके बाद नारायण पर चौका मारा लेकिन अगली गेंद को रिवर्स स्वीप करने की कोशिश में विकेटकीपर टिम सीफर्ट को कैच दे बैठे। उन्होंने 38 गेंद का सामना करते हुए चार चौके और एक छक्का जड़ा।



नाबाद अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते कोलकाता नाइट राइडर्स के रिंकू सिंह। एजेंसी

### कोलकाता नाइट राइडर्स

**155/7** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| अजिंक्य रहाणे का मारक्रम बो मोहसिन | 10 |
| टिम सीफर्ट का चौधरी बो मोहसिन | 00 |
| अंगकृष रघुवंशी ऑब्सट्रक्टिंग द फील्ड | 09 |
| कैमरन ग्रीन का पंत बो मोहसिन | 34 |
| रोवमैन पावेल का पंत बो मोहसिन | 01 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 83 |
| अनुकूल का बडोनी बो मोहसिन | 00 |
| रमनदीप सिंह का मार्श बो लिंडे | 06 |
| सुनील नारायण नाबाद | 04 |

**अतिरिक्त**: 08, **विकेट पतन**: 1-3, 2-16, 3-27, 4-31, 5-73, 6-73, 7-93

**गेंदबाजी** : शमी 4-0-34-0, मोहसिन खान 4-1-23-5, प्रिंस 4-0-24-0, दिग्वेश 4-0-46-0, लिंडे 2-0-18-1, मारक्रम 2-0-9-0

### लखनऊ सुपर जाएंट्स

**155/8** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| एडेन मारक्रम का रिंकू बो ग्रीन | 31 |
| मिचेल मार्श का पावेल बो अरोड़ा | 02 |
| ऋषभ पंत का सीफर्ट को नारायण | 42 |
| निकोलस पूरन का नारायण बो चक्रवर्ती | 09 |
| आयुष बडोनी का अनुकूल बो चक्रवर्ती | 24 |
| मुकुल चौधरी का रिंकू बो अनुकूल | 01 |
| हिम्मत सिंह का रिंकू बो त्यागी | 19 |
| जॉर्ज लिंडे का रिंकू बो अरोड़ा | 08 |
| मोहम्मद शमी नाबाद | 11 |
| प्रिंस यादव नाबाद | 00 |

अतिरिक्त: 08, विकेट पतन: 1-8, 2-65, 3-78, 4-89, 5-93, 6-120, 7-129, 8-148

गेंदबाजी: रॉय 2-0-19-1, अरोड़ा 4-0-24-2, ग्रीन 2-0-12-1, नारायण 4-0-23-1, चक्रवर्ती 4-0-33-2, त्यागी 4-0-41-0

## लखनऊ-कोलकाता मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण में बाधा पहुंचाने के कारण रघुवंशी आउट



**लखनऊ।** कोलकाता नाइट राइडर्स के विकेटकीपर बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी को रविवार को यहां लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान 'क्षेत्ररक्षण में बाधा डालने' के लिए आउट दे दिया गया। इक्कीस साल के रघुवंशी आईपीएल इतिहास में इस तरह आउट होने वाले सिर्फ चौथे बल्लेबाज हैं। इस तरह आउट होने वाले सभी बल्लेबाज भारतीय हैं। नौ रन पर आउट होने वाले रघुवंशी इस फैसले से खुश नहीं थे और उन्होंने मैदान पर मौजूद अंपायरों से इस बारे में बहस भी की लेकिन मुंबई के इस विकेटकीपर बल्लेबाज को आखिरकार अपने खिलाफ दिए गए फैसले के कारण पवेलियन लौटना पड़ा। प्रिंस यादव के पांचवें ओवर की आखिरी गेंद पर रघुवंशी ने गेंद को मिड ऑन की तरफ हल्के से धकेला और एक रन लेने के लिए दौड़ पड़े। हालांकि कुछ कदम दौड़ने के बाद कैमरन ग्रीन ने उन्हें वापस लौटने के लिए कहा। वापस मुड़ते समय वह पिच पर 'डेंजर जोन' में भी चले गए और इसी दौरान वह मोहम्मद शमी की फेंकी हुई गेंद के रास्ते में आ गए। क्रीज में पहुंचने के लिए कूदते हुए गेंद उनके शरीर से टकरा गई। तीसरे अंपायर रोहित पंडित ने शमी और लखनऊ सुपर जाएंट्स की उस अपील को मान लिया जिसमें रघुवंशी पर 'क्षेत्ररक्षण में बाधा डालने' का आरोप था और नाइट राइडर्स के इस बल्लेबाज को आउट घोषित कर दिया। इसके बाद रघुवंशी ने गुस्से में अपना हेलमेट जमीन पर पटका और तब नाइट राइडर्स के मुख्य कोच अभिषेक नायर को टीम के डगआउट के पास चौथे अंपायर से बहस करते हुए देखा गया। ऐसा पहला मामला आईपीएल 2013 में सामने आया था जब पूर्व भारतीय क्रिकेटर यूसुफ पठान को नाइट राइडर्स की तरफ से मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलते हुए 72 रन के स्कोर पर क्षेत्ररक्षण में बाधा डालने के कारण आउट घोषित कर दिया गया था। आईपीएल 2019 के एलिमिनेटर मैच में दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेलते हुए अमित मिश्रा इस तरह से आउट होने वाले दूसरे खिलाड़ी बने थे। आईपीएल 2024 में चेन्नई की तरफ से राजस्थान के खिलाफ रविंद्र जडेजा क्षेत्ररक्षण में बाधा डालने के कारण आउट होने वाले तीसरे खिलाड़ी बने।

### हाईलाइट

## भारतीय महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 14 रनों से हराया

**जोहान्सबर्ग।** दीप्ति शर्मा (नाबाद 36 रन/ पांच विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला टीम ने चौथे टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 14 रनों से शिकस्त दी। यह पांच मैचों की सीरीज में भारत की पहली जीत है। दीप्ति शर्मा को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। 186 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम को दीप्ति शर्मा के कहर का सामना करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 171 रन ही बना सकी और 14 रनों से मुकाबला हार गई। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 185 रन बनाए।

## उबर कप : भारत की क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की उम्मीद जगी

**होर्सेंस (डेनमार्क)।** भारतीय महिला टीम ने उबर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के ग्रुप ए के अपने दूसरे मुकाबले में यूरोपीय चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता यूक्रेन पर 4-1 की शानदार जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। भारतीय टीम अपने पहले मुकाबले में मेजबान डेनमार्क से 2-3 से हार गई थी। यूक्रेन के खिलाफ भारत की युवा खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। उन्नति हुडा ने पोलिना बुहरोवा पर 21-19, 22-20 की रोमांचक जीत के साथ शुरुआत की, जिसके बाद जूनियर विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा ने येवहेनिया कांटेमिर को 21-12, 17-21, 21-10 से हराकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी।

## अभ्यास मैच में धोनी की पिंडली में फिर खिंचाव, वापसी में देरी

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि आईपीएल में एमएस धोनी की वापसी में और देरी होगी क्योंकि एक अभ्यास मैच के दौरान पिंडली में फिर से चोट लग गई है। सीएसके ने इस सत्र में धोनी बिना आठ मैच खेले हैं और फ्लेमिंग ने कहा कि शुरू में उम्मीद थी कि धोनी कुछ हफ्तों में ठीक हो जाएंगे पर पिंडली की चोट के बढ़ने के कारण अब ज्यादा सावधानी से रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया अपनानी पड़ रही है। फ्लेमिंग ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा हां, वह वापसी के लिए काफी उत्सुक हैं। लेकिन पिंडली की चोट काफी मुश्किल होती है। अगर वह जोर लगाते हैं और पिंडली में फिर से खिंचाव आ जाता है तो वह पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो जाएंगे। उन्होंने कहा इसलिए हमने शुरू में थोड़ी जल्दबाजी की और फिर एक अभ्यास मैच में उनकी पिंडली में फिर से खिंचाव आ गया।

# हार से आहत दिल्ली का सामना संतुलित आरसीबी से

- 264 रनों का विशाल स्कोर बनाने के बावजूद पंजाब से हार गई थी दिल्ली

नई दिल्ली, एजेंसी

पंजाब किंग्स के खिलाफ 264 रन बनाने के बावजूद हार से आहत दिल्ली कैपिटल्स की टीम को अगर सोमवार को यहां आईपीएल के मैच में मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की संतुलित टीम के खिलाफ वापसी करनी है तो उसे अपने पिछले प्रदर्शन को भुलाकर नए सिरे से शुरुआत करनी होगी।

पंजाब किंग्स ने रिकार्ड लक्ष्य हासिल करके छह विकेट से जीत दर्ज की जिससे दिल्ली कैपिटल्स की टीम बुरी तरह से हिल गई है। इस मैच में उसके गेंदबाजों की जमकर धुनाई हुई। दिल्ली की टीम अंक तालिका में छठे स्थान पर है और अब उसका मुकाबला आरसीबी जैसी मजबूत टीम से है जो सात मैच में 10 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। दिल्ली ने अभी तक बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया है पर उसके गेंदबाज अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे हैं। केएल राहुल की अगुवाई वाले उनके शीर्ष क्रम ने लगातार तेज शुरुआत दी है, जबकि नितीश राणा और डेविड मिलर जैसे खिलाड़ियों ने बीच ओवरों में लय बनाए रखी।



अभ्यास सत्र के दौरान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार। एजेंसी

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 7 | 6 | 0 | 1 | 13 | 1.333 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 7 | 5 | 2 | 0 | 10 | 1.101 |
| 3. | सनराइजर्स हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 0 | 10 | 0.815 |
| 4. | राजस्थान रॉयल्स | 8 | 5 | 3 | 0 | 10 | 0.602 |
| 5. | गुजरात टाइटंस | 8 | 4 | 4 | 0 | 8 | -0.475 |
| 6. | चेन्नई सुपर किंग्स | 8 | 3 | 5 | 0 | 6 | -0.121 |
| 7. | दिल्ली कैपिटल्स | 7 | 3 | 4 | 0 | 6 | -0.184 |
| 8. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 8 | 2 | 5 | 1 | 5 | -0.751 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 | -0.736 |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 | -1.106 |

### टीम

**दिल्ली कैपिटल्स :** अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल, करुण नायर, डेविड मिलर, पथुम निसांका, साहिल पारख, पृथ्वी साव, अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, अजय मंडल, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, औकिब डार, नीतीश राणा, टी नटराजन, मुकेश कुमार, दुष्मंथा चमीरा, लुंगी एनगिडी, काइल जैमीसन और कुलदीप यादव।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, टिम डेविड, जैकब बेथेल, रोमारियो शेफर्ड, जोश हेज़लवुड, नुवान तुषारा, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा, क्रुणाल पंड्या, रसिख डार, भुवनेश्वर कुमार, जॉर्डन कॉक्स, सुयश शर्मा, वेंकटेश अय्यर, स्वप्निल सिंह, जैकब डफी, कनिष्क चौहान, अभिनंदन सिंह, मंगेश यादव, फिल साल्ट, सात्विक देसवाल, विक्की ओस्तवाल, और विहान मल्होत्रा।

# साई सुदर्शन की शानदार पारी से गुजरात ने चेन्नई को बुरी तरह रौंदा

चेन्नई, एजेंसी

गुजरात टाइटंस ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन (87 रन) के अपने घरेलू मैदान पर लगाए गए अर्धशतक की मदद से रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को आठ विकेट से शिकस्त दी।

गुजरात टाइटंस के गेंदबाजों के दबदबे के बावजूद सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के नाबाद 74 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की जिससे बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद टीम सात विकेट पर 158 रन ही बना सकी। गुजरात टाइटंस के लिए कागिसो रबाडा ने 25 रन देकर तीन विकेट चटकाए जबकि अरशद खान को 43 रन देकर दो विकेट मिले। मोहम्मद सिराज और मानव सुथार को एक एक विकेट मिला। सलामी बल्लेबाज सुदर्शन (46 गेंद, चार चौके, सात छक्के) और जोस बटलर (नाबाद 39 रन) की पारियों से गुजरात टाइटन्स ने 16.4 ओवर में दो विकेट पर 162 रन बनाकर जीत हासिल की। सुदर्शन 17वें ओवर की दूसरी गेंद पर आउट हुए और चौथी गेंद पर बटलर ने छक्का जड़कर टीम को आसान जीत दिलाई। सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल (33 रन, 23 गेंद, एक चौका, तीन छक्के) ने अच्छी शुरूआत की। गिल के आउट होने के बाद सुदर्शन और बटलर (30 गेंद, चार चौके, एक छक्का) ने मिलकर टीम को जीत तक पहुंचाया। सुदर्शन और गिल ने पावरप्ले में 55 रन बना लिए थे जबकि सीएसके का स्कोर तीन विकेट पर 28 रन था। शुभमन गिल सातवें ओवर में नूर अहमद की गेंद पर आउट हुए जब सतर्क विकेटकीपर संजू सैमसन ने उनके स्टंप उखाड़ दिए।

गुजरात टाइटंस ने 10 ओवर में एक विकेट पर 82 रन बना लिए थे। सुदर्शन ने अपनी पारी के दौरान कुद दर्शनीय शॉट लगाए और अकील हुसैन की गेंद पर आउट होने से पहले टीम को जीत तक पहुंचा दिया। इससे पहले गायकवाड़ 60 गेंद की नाबाद पारी में छह चौके और चार छक्के जमाकर फॉर्म में लौटे। उनके अलावा शिवम दुबे ने 22 रन का योगदान दिया और जेमी ओवरटन ने अंत में छह गेंद में तीन चौके और एक छक्के से 18 रन की उपयोगी पारी खेली।

सिराज और रबाडा ने चिलचिलाती गर्मी में चेपॉक स्टेडियम की उछाल भरी पिच पर शानदार गेंदबाजी की। सिराज ने पहले ओवर में शानदार शुरूआत करते हुए महज एक रन दिया। पिछले मैच में शतक जड़ने वाले संजू सैमसन (11 रन) जल्द आउट हो गए। कप्तान गायकवाड़ ने तीसरे ओवर में सिराज पर कवर और फाइन लेग पर दो शानदार चौके लगाकर हाथ खोले। पर चौथे ओवर में सीएसके को दोहरे झटके लगे।



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते साई सुदर्शन। एजेंसी

- सीएसके को 158 रनों पर रोक 20 गेंद रहते पाया लक्ष्य
- कागिसो रबाडा ने 25 रन देकर तीन विकेट चटकाए

### चेन्नई सुपर किंग्स

**158/7** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन का बटलर बो रबाडा | 11 |
| रुतुराज गायकवाड़ नाबाद | 74 |
| उर्विल पटेल का होल्डर बो रबाडा | 04 |
| सरफराज खान का बटलर बो सिराज | 00 |
| डेवाल्ड ब्रेविस का गिल बो सुथार | 02 |
| शिवम दुबे बो अरशद | 22 |
| कार्तिक शर्मा का होल्डर बो रबाडा | 15 |
| जेमी ओवरटन का शाहरुख बो अरशद | 18 |
| अकील हुसैन नाबाद | 00 |

**अतिरिक्त** : 12, **विकेट पतन** : 1-21, 2-25, 3-26, 4-37, 5-96, 6-122, 7-143

**गेंदबाजी** : सिराज 4-0-23-1, रबाडा 4-0-25-3, सुथार 3-0-22-1, होल्डर 4-0-22-0, अरशद 4-0-43-2

### गुजरात टाइटंस

**162/2** (16.4 ओवर)

| | |
|---|---|
| साई सुदर्शन का ब्रेविस बो हुसैन | 87 |
| शुभमन गिल स्टं सैमसन बो नूर | 33 |
| जोस बटलर नाबाद | 39 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 01 |

**अतिरिक्त** : 02, **विकेट पतन** : 1-58, 2-155,

**गेंदबाजी** : अकील हुसैन 3.4-0-46-1, अंशुल कंबोज 3-0-16-0, जेमी ओवरटन 2-0-28-0, गुरजपनीत 3-0-36-0, नूर अहमद 4-0-29-1, शिवम दुबे 1-0-7-0

### प्रेरणादायी

**सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज ईशान किशन ने बताया अपनी सफलता का राज**

# जब भारतीय टीम में नहीं था, तब घरेलू क्रिकेट में मेहनत की

नई दिल्ली, एजेंसी

विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने खुलासा किया कि भारतीय टीम से लगभग दो साल तक बाहर रहने पर निराश होने के बजाय उन्होंने प्रदर्शन में अधिक निरंतरता लाने के लिए अपने खेल में सुधार करने पर ध्यान केंद्रित किया।

किशन ने इस साल की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला और टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में वापसी की। इससे पहले उन्होंने घरेलू सत्र में शानदार प्रदर्शन किया जिससे उनकी राष्ट्रीय टीम में वापसी संभव हो पाई। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 500 से अधिक रन बनाए। उनकी कप्तानी में झारखंड में इस प्रतियोगिता का खिताब जीता था।

आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से खेलने वाले किशन ने कहा जब मैं भारतीय टीम से बाहर था तो मैंने खुद से कहा कि मैं इसको लेकर रोना नहीं रो सकता या उदास नहीं हो सकता। किसी भी खिलाड़ी के लिए ऐसा करना सबसे आसान होता है। इससे शायद कुछ लोगों की सहानुभूति मिल जाए, शायद आपको अच्छा भी लगे, लेकिन इससे कुछ हासिल नहीं होगा। उन्होंने कहा राष्ट्रीय टीम में वापसी करने का एकमात्र तरीका रन बनाना था। मैं बस अपने खेल में सुधार करना चाहता था और जितना हो सके उतने रन बनाना चाहता था, भले ही इसका मतलब किसी भी अन्य बल्लेबाज से ज्यादा छक्के लगाना हो।

किशन ने कहा कि राष्ट्रीय टीम से बाहर रहने के दौरान खेल के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और भी बढ़ गई और इसी लगन ने उन्हें घरेलू क्रिकेट में ढेरों रन बनाने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा लगातार रन बनाने से ही आप टीम में वापसी कर सकते हैं। यदि एक सत्र में 300 रन काफी नहीं हैं तो 400 रन बनाएं। अगर यह भी काफी नहीं है तो 500 रन बनाएं। आखिर क्रिकेट ही हमारी रोजी-रोटी है। किशन ने कहा जब आप टीम से बाहर होते हैं तो आपको इसकी अहमियत समझ आती है और आप हर मैच का सम्मान करने लगते हैं। आपके अंदर अच्छा प्रदर्शन करने और जीत हासिल करने की ललक जाग उठती है। मेरा भी यही लक्ष्य था कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूं।



### तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी कर बनाया सामंजस्य

ईशान किशन ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के बारे में कहा कि इससे उन्हें पारी को गति देने और आखिर तक बल्लेबाजी करने का आत्मविश्वास मिला है। उन्होंने कहा इतने वर्षों तक तीसरे नंबर के बल्लेबाज के रूप में खेलने के बाद अगर आप अच्छी तरह से सामंजस्य बिठा लेते हैं तो फिर आप आखिर तक बल्लेबाजी करने और बड़ा स्कोर बनाने की कोशिश करते हैं। मैं चीजों को सरल बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित करता हूं। इस बीच पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने राजस्थान के वैभव सूर्यवंशी की जमकर तारीफ करते हुए कहा वह सुपरस्टार बन सकता है।